
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक राष्ट्रीय संस्करण RNI: UPHIN/2021/84200


# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 251 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 20 जून 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## वैश्विक चिप उद्योग में 10 लाख पेशेवरों की कमी, भारत के लिए बड़ा अवसरः केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

समाज जागरण पटनाः केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग को आने वाले वर्षों में लगभग 10 लाख कुशल पेशेवरों की आवश्यकता होगी और यह भारत के लिए एक बड़ा अवसर साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया को सेमीकंडक्टर क्षेत्र के लिए प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराने वाला प्रमुख केंद्र बनने की क्षमता रखता है।



शुक्रवार को पटना स्थित सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि वर्तमान में वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग का आकार लगभग 800 अरब डॉलर है, जो अगले एक वर्ष में बढ़कर 1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2032 तक इस क्षेत्र में लगभग 10 लाख नई नौकरियां सृजित होने का अनुमान है, जबकि उद्योग को लगभग 10 लाख कुशल पेशेवरों की कमी का भी सामना करना पड़ रहा है।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत को इस अवसर का लाभ उठाने के लिए सेमीकंडक्टर डिजाइन और सेमीकंडक्टर निर्माण दोनों क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश में विश्वस्तरीय सेमीकंडक्टर डिजाइन क्षमता विकसित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, ताकि भारतीय छात्र वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम बन सकें।

मंत्री ने बताया कि विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों और पहलों के माध्यम से अब तक करीब 75 हजार छात्रों को सेमीकंडक्टर डिजाइन क्षेत्र में अवसर प्राप्त हुए हैं। सरकार का लक्ष्य इस संख्या को बढ़ाकर 5 लाख छात्रों तक पहुंचाना है, जिससे देश में उच्च कौशलयुक्त तकनीकी कार्यबल तैयार किया जा सके।

उन्होंने कहा कि भारत में सेमीकंडक्टर निर्माण गतिविधियां भी शुरू हो चुकी हैं और उत्पादन क्षमता बढ़ने के साथ-साथ कौशल विकास एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तार किया जाएगा। भारत सरकार की सेमीकंडक्टर मिशन योजना के तहत डिजाइन, निर्माण और पैकेजिंग क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं क्रियान्वयन के चरण में हैं।

एसटीपीआई केंद्र के दौरे के दौरान मंत्री ने देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम को महानगरों से आगे बढ़ाकर टियर-2 और टियर-3 शहरों तक पहुंचाने की सरकार की प्रतिबद्धता भी दोहराई। उन्होंने कहा कि नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए देशभर में एसटीपीआई केंद्रों को मजबूत किया जा रहा है। इस अवसर पर उन्होंने युवा उद्यमियों से संवाद कर उनके अनुभवों और सुझावों को भी सुना। (आईएएनएस इनपुट के आधार पर)

### प्रमुख बिंदु

- वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में 10 लाख कुशल पेशेवरों की कमी।
- वर्ष 2032 तक 10 लाख नई नौकरियां पैदा होने की संभावना।
- भारत को सेमीकंडक्टर डिजाइन और निर्माण क्षेत्र में बड़ी भूमिका निभाने का अवसर।
- 75 हजार छात्रों को मिल चुके हैं अवसर, लक्ष्य 5 लाख तक पहुंचाने का।
- टियर-2 और टियर-3 शहरों में स्टार्टअप और नवाचार को बढ़ावा देने पर जोर।

## नीट-यूजी री-एग्जाम के लिए एनटीए ने जारी किया ड्रेस कोड, हिजाब और पगड़ी पर कोई रोक नहीं

समाज जागरण नई दिल्लीः राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 21 जून को आयोजित होने वाली नीट-यूजी पुनर्परीक्षा के लिए ड्रेस कोड और सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। एजेंसी ने स्पष्ट किया है कि हिजाब, पगड़ी, सिंदूर, मंगलसूत्र या अन्य धार्मिक प्रतीकों से जुड़ी वस्तुओं पर किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।

एनटीए के अनुसार, धार्मिक परिधान या प्रतीक धारण करने वाले अभ्यर्थियों को अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ सकता है। इसलिए उन्हें परीक्षा केंद्र पर निर्धारित समय से पहले पहुंचने की सलाह दी गई है, ताकि जांच प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

एजेंसी ने सभी परीक्षार्थियों को हल्के रंग के कपड़े पहनकर आने की सलाह दी है। इसके साथ ही आधी बाजू की शर्ट, टी-शर्ट या कुर्ता पहनने को प्राथमिकता देने को कहा गया है। अभ्यर्थियों को चप्पल या कम हील वाली सैंडल पहनकर आने की भी सलाह दी गई है, जिससे सुरक्षा जांच प्रक्रिया तेज और सुगम हो सके।

## राम मंदिर प्रबंधन में व्यापक बदलाव की जरूरतः निर्माण समिति अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा



समाज जागरण अयोध्याः अयोध्या स्थित राम मंदिर में दान राशि के कथित दुरुपयोग को लेकर उठे विवाद के बीच राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने मंदिर की संपूर्ण प्रबंधन व्यवस्था में व्यापक बदलाव की आवश्यकता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि हालिया घटनाक्रम ने निगरानी, जवाबदेही और स्थापित प्रक्रियाओं के पालन में गंभीर कमियों को उजागर किया है।

एक विशेष साक्षात्कार में नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि यह मामला केवल वित्तीय अनियमितताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे श्रद्धालुओं के विश्वास को भी ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि मौजूदा व्यवस्था की खामियां सामने आने के बाद मंदिर प्रशासनिक ढांचे की समीक्षा और पुनर्गठन आवश्यक हो गया है।

मिश्रा ने कहा, "मैंने कोई औपचारिक प्रस्ताव नहीं दिया है, लेकिन सार्वजनिक रूप से अपने विचार रखे हैं। मेरी स्पष्ट राय है कि पूरे प्रबंधन ढांचे का पुनर्गठन किया जाना चाहिए और इसकी जिम्मेदारी अनुभवी पेशेवरों को सौंपी जानी चाहिए।"

विवाद तब शुरू हुआ जब मंदिर में प्राप्त दान राशि के लेखा-जोखा में कथित गड़बड़ियों के आरोप सामने आए। आरोपों में करीब 7 करोड़ रुपये से लेकर इससे कहीं अधिक राशि तक की अनियमितताओं की बातें कही गईं। मामले ने राजनीतिक रंग भी ले लिया और जांच के दौरान मंदिर के एक कर्मचारी के आवास से नकदी बरामद होने की खबरें सामने आईं।

घटनाक्रम के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। एसआईटी को दान रजिस्टर, तिजोरी के रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज की जांच का जिम्मा सौंपा गया है। वहीं श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से इनकार किया है। ट्रस्ट का कहना है कि उसके खातों का नियमित ऑडिट कराया जाता है और अब तक किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता सामने नहीं आई है।

## होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर ईरान के नए नियम, 48 घंटे पहले लेना होगा परमिट

समाज जागरण अंतरराष्ट्रीय डेस्क

ईरान ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री व्यापारिक मार्गों में से एक होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों के लिए नए नियम लागू कर दिए हैं। अब इस जलमार्ग से गुजरने वाले सभी जहाजों को पूर्व पंजीकरण कराना होगा तथा आवश्यक परमिट और बीमा प्राप्त करना अनिवार्य होगा। नए नियमों के तहत जहाज मालिकों और ऑपरेटरों को यात्रा की अनुमति के लिए कम से कम 48 घंटे पहले आवेदन करना होगा।

यह फैसला ऐसे समय में लिया गया है जब अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते के बाद हाल ही में होर्मुज स्ट्रेट को फिर से व्यापारिक जहाजों की आवाजाही के लिए खोला गया है। इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का व्यापार संचालित होता है।

ईरान द्वारा गठित पर्शियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी (पीजीएसए) ने नए दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि इनका उद्देश्य व्यापारिक जहाजों की सुरक्षित और व्यवस्थित आवाजाही सुनिश्चित करना है। अथॉरिटी के अनुसार, केवल वही जहाज निर्धारित समयावधि में इस



मार्ग से गुजर सकेंगे, जिन्होंने सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर ली हों और यात्रा अनुमति प्राप्त कर ली हो।

नए नियमों के मुताबिक, जहाजों को होर्मुज स्ट्रेट में प्रवेश से पहले अपनी पूरी जानकारी संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध करानी होगी, ताकि प्रवेश और निकासी के दौरान किसी प्रकार की देरी न हो। इसके अलावा, यात्रा की अनुमति मिलने से पहले आवश्यक परमिट और बीमा दस्तावेज प्रस्तुत करना भी अनिवार्य रहेगा।

पीजीएसए ने यह भी स्पष्ट किया है कि जहाजों को केवल उन्हीं शिपिंग कॉरिडोर का उपयोग करना होगा जिन्हें ईरानी अधिकारियों द्वारा निर्धारित किया गया है। यह व्यवस्था उन क्षेत्रों से जहाजों को दूर रखने के लिए की गई है जहां हालिया संघर्ष के बाद बारूदी सुरंगों (माइंस) या अन्य सुरक्षा खतरों की आशंका बनी हुई है।

अथॉरिटी ने चेतावनी दी है कि यदि कोई जहाज इन नियमों का उल्लंघन करता है या निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं करता, तो उसकी पूरी जिम्मेदारी जहाज मालिकों और ऑपरेटरों की होगी। (इनपुट : आईएएनएस)

## छत्तीसगढ़ में 1 जुलाई से महंगी होगी बिजली, उपभोक्ताओं की बढ़ी चिंता

समाज जागरण रायपुरः छत्तीसगढ़ में बिजली उपभोक्ताओं को जल्द ही महंगाई का एक और झटका लगने वाला है। राज्य सरकार द्वारा बिजली दरों में वृद्धि किए जाने के बाद नई दरें 1 जुलाई से लागू होंगी।

## वैश्विक गेमिंग इंडस्ट्री में छंटनी का दौर जारी 2026 में अब तक 3,700 कर्मचारियों की गई नौकरी

समाज जागरण टेक्नोलॉजी डेस्क

वैश्विक वीडियो गेम उद्योग में छंटनी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। वर्ष 2026 में अब तक दुनिया भर में लगभग 3,700 कर्मचारियों को नौकरी से हाथ धोना पड़ा है। एक नई रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है, जिसमें गेमिंग उद्योग के सामने बढ़ती चुनौतियों और रोजगार संकट की तस्वीर दिखाई गई है।

ट्रेडिंगप्लेटफॉर्म की रिपोर्ट के अनुसार, यदि सत्यापित छंटनियों के साथ-साथ बिना पुष्टि वाली कर्मचारियों की कटौती और बंद हुए गेमिंग स्टूडियो के आंकड़ों को भी शामिल किया जाए, तो कुल प्रभावित कर्मचारियों की संख्या 4,000 से अधिक हो जाती है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि जून 2026 तक पूरे वैश्विक टेक्नोलॉजी सेक्टर में छंटनी का आंकड़ा कम से कम 1,43,378 तक पहुंच गया था। इसका असर गेमिंग उद्योग पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, जहां कई कंपनियां लागत कम करने और कारोबारी रणनीतियों में बदलाव के चलते कर्मचारियों की संख्या घटा रही हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2026 में गेमिंग उद्योग में सबसे अधिक छंटनी अमेरिका में हुई है। यहां अब तक 2,153 नौकरियां समाप्त की गई हैं, जो वैश्विक स्तर पर हुई कुल छंटनी का लगभग 58.2 प्रतिशत है।







अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।

आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।




आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (https://udgam.rbi.org.in) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

क्यूआर कोड स्कैन कीजिए

अधिक जानकारी के लिए https://rbikehtahai.rbi.org.in देखिए
प्रतिक्रिया के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर लिखिए

आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

# छोटे-छोटे निरंतर प्रयास हमें बड़ी सफलता की ओर ले जाते हैं।

यह लेख कोई भाषण या उपदेश नहीं है, बड़े-बड़े ऋषि मुनि और महापुरुषों की सार्थक सात्विक और निरंतर मेहनत का प्रतिफल है कि वे निरंतर परिश्रम.संयम और संकल्प से अपने जीवन में सफल हुए हैं।

मनुष्य के जीवन में सफलता कोई आकस्मिक पल नहीं होते हैं, बल्कि यह छोटे-छोटे निरंतर प्रयासों, दृढ़ संकल्प और अथक परिश्रम का प्रतिफल होते हैं। संसार में जितने भी महान व्यक्ति हुए हैं, उन्होंने अपनी उपलब्धियों की ऊँचाइयों को एक ही प्रयास में प्राप्त नहीं किया, बल्कि छोटे-छोटे कदमों से अपनी मंजिल तक पहुँचे। नदी की विशाल धारा भी बूंद-बूंद जल के निरंतर प्रवाह से बनती है और पर्वत जैसी कठिन बाधाएँ भी सतत प्रयासों के आगे झुक जाती हैं।

भारतीय ऋषि-मुनियों ने भी कर्म और प्रयास को जीवन का मूल मंत्र बताया है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन अर्थात मनुष्य का अधिकार केवल कर्म करने में है, फल की चिंता में नहीं। यह संदेश हमें निरंतर प्रयास करते रहने की प्रेरणा देता है। जब व्यक्ति परिणाम की चिंता छोड़कर अपने कार्य में लग जाता है, तब सफलता स्वयं उसके चरण चूमती है।

महर्षि वाल्मीकि ने कहा था कि संसार में कोई भी उपलब्धि परिश्रम के बिना प्राप्त नहीं होती। प्रकृति का प्रत्येक पल हमें यही शिक्षा देता है। एक छोटा-सा बीज धरती के भीतर संघर्ष करता है, फिर अंकुरित होकर विशाल वट-वृक्ष का रूप धारण करता है। यदि वह प्रारंभिक कठिनाइयों से घबराकर रुक जाए तो कभी वृक्ष नहीं बन सकता।

स्वामी विवेकानंद का प्रसिद्ध कथन है उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए। यह वाक्य केवल प्रेरणा नहीं, बल्कि सफलता का सिद्धांत है। विवेकानंद स्वयं अनेक संघर्षों से गुजरकर विश्व मंच पर भारत की आध्यात्मिक चेतना के प्रतिनिधि बने। यदि उन्होंने कठिनाइयों के सामने हार मान ली होती तो उनका नाम इतिहास में अमर नहीं होता।

महात्मा गांधी ने भी सत्य और अहिंसा के मार्ग पर छोटे-छोटे प्रयासों से एक विशाल स्वतंत्रता आंदोलन खड़ा किया और स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त किया। उनके नेतृत्व में करोड़ों भारतीयों ने निरंतर संघर्ष किया और अंततः भारत को स्वतंत्रता मिली। गांधीजी कहा करते थे-धीरे किया गया कार्य भी यदि सही दिशा में हो तो अवश्य सफल होता है।

वैज्ञानिक जगत में भी अनेक उदाहरण मिलते हैं।

**साधना नन्हे पलों की कहानी नहीं।**

**वर्षों की निरंतर साधना ।**
**धूप में जलते हुए सपनों की,**
**छाँव तक पहुँचने की कामना ।**
**एक-एक कदम रखकर चलना,**
**राहों से अपना नाता**
**गिरकर फिर उठ जाना ही**
**जीवन गीत सच्चा गाता है।**

**नदियाँ सागर तक यूँ ही नहीं पहुँच जातीं**
**बहते-बहते पत्थरों से टकराती ,**
**फिर भी आगे बढ़ते-बढ़ते जाती।**

**बीज वृक्ष बनता जब,**
**मिट्टी में खुद को बोता**
**अपने आप को धरती में खोता**
**वटवृक्ष बन सफल होता।**

**सफल वही होता जग में,**
**जो हर दिन श्रम करता**
**विषम स्थितियों में डटा रहता**
**खुद को श्रम में खो देता।**

**सफलता श्रम का संगीत,**
**विश्वास,आस्था का गीत ।**
**छोटे-छोटे श्रम की बूंदों का रास्ता,**
**सुंदर मधुर प्रकाश की आस्था ।**

**सफलता एक पल की कहानी नहीं,**
**जीवन भर की तपस्या का प्रतिफल है]**

महान वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन ने बल्ब के आविष्कार से पहले हजारों बार असफलताओं का सामना किया। जब उनसे पूछा गया कि वे इतनी असफलताओं से निराश क्यों नहीं हुए, तब उन्होंने उत्तर दिया असफल नहीं हुआ, मैंने केवल ऐसे हजारों तरीके खोजे जो काम नहीं करते। यह दृष्टिकोण बताता है कि सफलता निरंतर प्रयासों की देन है।

भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान वैज्ञानिक डॉ एपीजे कलाम युवाओं को प्रेरित करते हुए कहते थे वो नहीं जो सोते समय देखे जाते हैं, सपने वो हैं जो आपको सोने न दें। लेकिन केवल सपना देखना पर्याप्त नहीं है; उसे साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करना आवश्यक है। डॉ. कलाम का जीवन स्वयं इस सत्य का सबसे बड़ा उदाहरण है।

कबीरदास जी ने भी धैर्य और निरंतरता का महत्व बताते हुए कहा है-धीरे रे मना, धीरे सब कुछ होय।

माली सींचे सौ घड़ा, ऋतु आए फल होय।

अर्थात प्रत्येक कार्य का अपना समय होता है। माली चाहे प्रतिदिन सैकड़ों घड़े पानी डाले, फल तो ऋतु आने पर ही लगेंगे। इसलिए प्रयासों में धैर्य और निरंतरता दोनों आवश्यक हैं।

आज के युग में अधिकांश लोग शीघ्र सफलता चाहते हैं। वे चाहते हैं कि बिना संघर्ष के सब कुछ मिल जाए। किंतु वास्तविकता यह है कि सफलता का कोई सरल तरीका नहीं होता। विद्यार्थी प्रतिदिन थोड़ा-थोड़ा अध्ययन करके ही परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करता है। खिलाड़ी प्रतिदिन अभ्यास करके ही विजेता बनता है। लेखक निरंतर लेखन से ही श्रेष्ठ साहित्यकार बनता है और किसान प्रतिदिन खेत में परिश्रम करके ही अच्छी फसल प्राप्त करता है।

प्रकृति का एक और सुंदर उदाहरण चींटी है। वह बार-बार गिरती है, फिर उठती है और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ती रहती है। उसकी यह लगन हमें सिखाती है कि असफलता अंत नहीं, बल्कि सफलता की दिशा में एक नया कदम है।

वास्तव में, छोटे-छोटे प्रयास ही बड़े परिवर्तनों की नींव रखते हैं। एक-एक ईंट जोड़कर भवन बनता है, एक-एक अक्षर जोड़कर पुस्तक बनती है और एक-एक कदम चलकर लंबी यात्रा पूरी होती है। इसलिए जीवन में कभी भी किसी छोटे प्रयास को तुच्छ नहीं समझना चाहिए। निरंतरता ही साधारण व्यक्ति को असाधारण बनाती है।

अंततः कहा जा सकता है कि सफलता भाग्य से नहीं, बल्कि सतत परिश्रम, धैर्य, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयासों से प्राप्त होती है। यदि हम प्रतिदिन अपने लक्ष्य की दिशा में एक छोटा कदम भी बढ़ाते रहें, तो एक दिन वही कदम हमें महान उपलब्धियों तक पहुँचा देंगे। इसलिए हमें यह विश्वास बनाए रखना चाहिए कि "बूंद-बूंद से सागर भरता है और छोटे-छोटे निरंतर प्रयास ही बड़ी सफलता का आधार बनते हैं।"

**संजीव ठाकुर ,वरिष्ठ पत्रकार, स्तंभकार, लेखक एवं चिंतक**
**रायपुर, छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

# क्या अमेरिका और ईरान ने वास्तव में शांति चुन ली है?

**महेन्द्र तिवारी**



अमेरिका और ईरान के बीच वर्षों से चला आ रहा टकराव केवल दो देशों का विवाद नहीं रहा है, बल्कि यह वैश्विक राजनीति, ऊर्जा सुरक्षा, परमाणु प्रसार, समुद्री व्यापार और मध्य पूर्व की स्थिरता से जुड़ा एक ऐसा प्रश्न बन चुका है जिसने पूरी दुनिया को प्रभावित किया है। हाल के महीनों में दोनों देशों के बीच तनाव जिस स्तर तक पहुंच गया था, उसे देखते हुए बहुत कम लोगों को उम्मीद थी कि अचानक कोई ऐसा समझौता सामने आएगा जो युद्धविराम का रास्ता खोल सके। लेकिन अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर किए जाने के बाद एक अंतरिम समझौता लागू हो चुका है, जिसने कम से कम फिलहाल सैन्य संघर्ष को रोक दिया है और आगे की बातचीत के लिए 60 दिनों का समय प्रदान किया है।

यह समझौता केवल युद्ध रोकने का दस्तावेज नहीं है। इसमें होर्मुज जलडमरूमध्य को दोबारा खोलने, परमाणु कार्यक्रम पर वार्ता शुरू करने, आर्थिक प्रतिबंधों में संभावित राहत और क्षेत्रीय तनाव कम करने जैसे कई महत्वपूर्ण बिंदु शामिल हैं। यही कारण है कि इस समझौते को कुछ लोग ऐतिहासिक सफलता बता रहे हैं, जबकि कुछ विश्लेषकों का मानना है कि यह केवल एक अस्थायी विराम है और वास्तविक परीक्षा अभी बाकी है।

सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि होर्मुज जलडमरूमध्य इतना महत्वपूर्ण क्यों है। यह दुनिया के सबसे रणनीतिक समुद्री मार्गों में से एक माना जाता है। वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से होकर गुजरता है। युद्ध के दौरान इस मार्ग पर संकट पैदा होने से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अस्थिरता बढ़ गई थी और ऊर्जा सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं उत्पन्न हो गई थीं। समझौते के तहत इस जलमार्ग को फिर से खोलने पर सहमति बनी है और कम से कम 60 दिनों तक जहाजों को बिना शुल्क गुजरने की अनुमति देने की बात कही गई है।

हालांकि समझौते का सबसे विवादास्पद पहलू वही है जिस पर अब दुनिया की नजर टिकी हुई है। ईरान के वरिष्ठ नेता मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने स्पष्ट संकेत दिया है कि 60 दिनों के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर शुल्क लगाया जा सकता है। उनका तर्क है कि ईरान इस क्षेत्र पर अपनी संप्रभुता का अधिकार रखता है और सुरक्षा तथा अन्य सेवाओं के बदले शुल्क लेना उसका अधिकार है। दूसरी ओर अमेरिका और कई पश्चिमी देश इस विचार से सहमत नहीं दिखते। यदि भविष्य में इस मुद्दे पर सहमति नहीं बनती, तो यह नया विवाद पैदा कर सकता है।

अब प्रश्न यह है कि इस समझौते में वास्तव में किसे झुकना पड़ा। यदि ईरानी दृष्टिकोण से देखा जाए तो तेहरान यह दावा कर सकता है कि उसने अपनी प्रमुख मांगों में से कई को सुरक्षित रखा है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम तत्काल समाप्त नहीं किया गया है। उसका संवर्धित यूरेनियम पूरी तरह नष्ट करने की शर्त भी स्वीकार नहीं की गई। इसके बजाय अंतरराष्ट्रीय निगरानी में आगे की प्रक्रिया तय करने पर सहमति बनी है। इसका अर्थ यह है कि ईरान ने अपनी मूल रणनीतिक क्षमता को पूरी तरह छोड़ा नहीं है।

इसके अतिरिक्त, ईरान को आर्थिक राहत मिलने की संभावना भी दिखाई दे रही है। तेल निर्यात पर कुछ प्रतिबंधों में ढील, जमी हुई संपत्तियों तक संभावित पहुंच और आर्थिक पुनर्निर्माण से जुड़ी चचाओं को ईरान अपनी उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत कर सकता है। युद्ध और प्रतिबंधों के लंबे दौर के बाद यह तेहरान के लिए महत्वपूर्ण राहत मानी जाएगी।

लेकिन यदि अमेरिकी दृष्टिकोण से देखा जाए तो वाशिंगटन भी इस समझौते को अपनी जीत के रूप में पेश कर सकता है। अमेरिका का कहना है कि कठोर प्रतिबंधों, नौसैनिक दबाव और सैन्य कार्रवाई ने ईरान को बातचीत की मेज पर आने के लिए मजबूर किया। समझौते में ईरान द्वारा परमाणु हथियार विकसित न करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई है तथा अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निगरानी को स्वीकार करने की दिशा में कदम बढ़ाए गए हैं। अमेरिका के लिए यह एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक उपलब्धि मानी जा सकती है।

वास्तव में यदि निष्पक्ष दृष्टि से देखा जाए तो यह किसी एक पक्ष की पूर्ण जीत नहीं है। आधुनिक कूटनीति में अक्सर ऐसा होता है कि दोनों पक्ष कुछ प्राप्त करते हैं और कुछ छोड़ते हैं। यही इस समझौते में भी दिखाई देता है। अमेरिका को परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत और समुद्री मार्ग की बहाली मिली है, जबकि ईरान को युद्धविराम, संभावित आर्थिक राहत और अपनी कुछ रणनीतिक स्थितियों को बनाए रखने का अवसर मिला है।

इस समझौते का एक और महत्वपूर्ण पहलू 60 दिनों की वार्ता अवधि है। यही वह समय होगा जिसमें यह तय होगा कि अंतरिम समझौता स्थायी शांति की दिशा में आगे बढ़ता है या नहीं। यदि दोनों पक्ष परमाणु कार्यक्रम, प्रतिबंधों, क्षेत्रीय सुरक्षा और समुद्री मार्गों के उपयोग जैसे मुद्दों पर ठोस सहमति बना लेते हैं, तो यह मध्य पूर्व के इतिहास में एक निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है। लेकिन यदि वार्ता विफल होती है, तो संघर्ष दोबारा शुरू होने की आशंका भी बनी रहेगी।

दुनिया के कई देशों के लिए यह समझौता राहत की खबर है। ऊर्जा आयात करने वाले देशों को उम्मीद है कि तेल और गैस की आपूर्ति अधिक स्थिर होगी। अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक कंपनियां भी समुद्री मार्गों के सामान्य होने की प्रतीक्षा कर रही हैं। युद्ध के दौरान वैश्विक बाजारों में जो अनिश्चितता दिखाई दी थी, उसमें कुछ कमी आने की संभावना है।


हालांकि चुनौतियां अभी भी कम नहीं हैं। समझौते में कई महत्वपूर्ण विषयों को भविष्य की बातचीत के लिए छोड़ दिया गया है। मिसाइल कार्यक्रम, क्षेत्रीय सहयोगी समूहों की भूमिका, मानवाधिकार से जुड़े प्रश्न और दीर्घकालिक सुरक्षा व्यवस्था जैसे विषय अभी पूरी तरह हल नहीं हुए हैं। यही कारण है कि कई विशेषज्ञ इस समझौते को अंतिम समाधान के बजाय एक प्रारंभिक ढांचा मान रहे हैं।

इतिहास गवाह है कि अमेरिका और ईरान के संबंध लंबे समय से अविश्वास से भरे रहे हैं। अनेक बार बातचीत शुरू हुई, कई बार उम्मीदें जगीं, लेकिन अंततः विवाद फिर सामने आ गए। इस पृष्ठभूमि में वर्तमान समझौता निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है, परंतु इसकी सफलता का आकलन केवल हस्ताक्षरों से नहीं किया जा सकता। असली सफलता तब मानी जाएगी जब आने वाले महीनों में दोनों देश अपने वादों का पालन करें और एक व्यापक तथा स्थायी समझौते तक पहुंचें।

निष्कर्ष यही है कि न तो अमेरिका पूरी तरह विजेता बनकर उभरा है और न ही ईरान पूरी तरह पराजित हुआ है। दोनों देशों ने अपनी-अपनी सीमाओं और आवश्यकताओं को समझते हुए एक व्यावहारिक रास्ता चुना है। युद्ध ने दोनों को नुकसान पहुंचाया था और शांति की दिशा में बढ़ना दोनों की आवश्यकता बन गया था। इसलिए इस समझौते को किसी एक की जीत और दूसरे की हार के रूप में देखने के बजाय इसे एक ऐसे राजनीतिक समझौते के रूप में देखना अधिक उचित होगा जिसमें दोनों पक्षों ने अपने-अपने हितों की रक्षा करते हुए टकराव को फिलहाल रोकने का निर्णय लिया है। आने वाले 60 दिन यह तय करेंगे कि यह समझौता इतिहास में स्थायी शांति के पहले कदम के रूप में दर्ज होगा या केवल युद्ध के बीच आया एक अस्थायी विराम साबित होगा।

## बिना मौसम फले रखिया ने बढ़ाया उत्साह

# भीषण गर्मी में भी हरा-भरा स्वर्ग बना छत का किचन गार्डन



जहां एक ओर भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप ने जनजीवन को प्रभावित कर रखा है, वहीं दूसरी ओर एक छत पर विकसित किया गया किचन गार्डन प्रकृति प्रेम, धैर्य और सतत देखभाल का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। सीमित स्थान में तैयार इस हरित संसार में फूल, फल, औषधीय पौधे, सब्जियां और मछलियों से युक्त जलकुंड मिलकर एक छोटे से जैविक उद्यान का स्वरूप ग्रहण कर चुके हैं। प्रकृति के प्रति विशेष लगाव और निरंतर मेहनत का परिणाम है कि इस टेरेस गार्डन में लगाए गए रखिया के पौधे भीषण गर्मी के बावजूद हरे-भरे बने हुए हैं। आश्चर्यजनक रूप से बिना मौसम के ही इन बेलों पर दो फल दिखाई देने लगे हैं। इन फलों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो पौधों ने अपने संरक्षक की मेहनत और स्नेह का प्रतिफल स्वयं प्रदान किया हो। गार्डन की सबसे आकर्षक विशेषताओं में दो विशेष जल टंकियां हैं, जिन्हें छोटे तालाब का रूप दिया गया है। इनमें लगाए गए नीलकमल के फूल प्रतिदिन खिलकर अपनी अनुपम सुंदरता बिखेरते हैं। इन जलाशयों में तालाबों में पाई जाने वाली विभिन्न जलीय वनस्पतियों को भी सुरक्षित रखा गया है।

भीषण गर्मी में इनके संरक्षण के लिए विशेष सावधानी बरती जाती है, जिससे जलीय जीव और वनस्पतियां स्वस्थ बनी रहें। इन्हीं जलकुंडों में रंग-बिरंगी मछलियां भी आनंदपूर्वक विचरण करती रहती हैं। पानी में उनकी अठखेलियां और ऊपर खिले नीलकमलों का दृश्य किसी प्राकृतिक सरोवर का आभास कराता है। यह दृश्य न केवल मन को सुकून देता है बल्कि शहरी जीवन में प्रकृति से जुड़ने का संदेश भी देता है। किचन गार्डन में औषधीय महत्व की मीठा नीम, तुलसी, हल्दी व गिलोय की बेलें भी तेजी से विकसित हो रही हैं। उनके हरे-भरे पत्ते स्वास्थ्य और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति जागरूकता का संदेश देते हैं। वहीं पुदीना के पौधे गमलों में भरपूर मात्रा में फैलकर घर की रसोई और स्वास्थ्य दोनों की आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं। फूलों की विविधता इस उद्यान की सुंदरता को और बढ़ा देती है। मोगरा, रातरानी, मदार, सदाबहार और पारिजात के फूल अपनी मनमोहक सुगंध और रंग-बिरंगी छटाओं से वातावरण को आनंदमय बनाए रखते हैं।

सुबह और शाम इन फूलों की महक पूरे परिसर को प्राकृतिक सौंदर्य से भर देती है।सब्जियों की क्यारियों में कोचई पत्ते ,पालक, मेथी और चौलाई भाजी भी लहलहा रही हैं। वही करेला और जिमीकंद व अन्नपूर्णा की सब्जी जैविक तरीके से उगाई जा रही ये सब्जियां परिवार को ताजी और पौष्टिक हरियाली सहित ताजी सब्जी उपलब्ध करा रही हैं। प्रकृति के संरक्षण और आत्मनिर्भरता की दिशा में यह टेरेस किचन गार्डन एक प्रेरणादायी उदाहरण बन गया है। भीषण गर्मी के बीच हरे-भरे पौधे, खिले फूल, फलती बेलें, नीलकमल से सजे जलकुंड और उनमें तैरती मछलियां यह संदेश देती हैं कि यदि प्रकृति को प्रेम, समय और संरक्षण मिले तो वह हर परिस्थिति में जीवन और आनंद का सृजन करती है।

छत पर बसाया है मैंने प्रकृति का एक संसार,
हर पत्ता, हर फूल कहता है प्रेम से खिलता है हर उपहार

- सुरेश सिंह बैस "शाश्वत",

# भरत तिवारी प्रकरण: क्या व्यवस्था कठिन सवालों से बच सकती है?

**समाज जागरण/रमन झा**

बिहार के भरत तिवारी ने एक बार फिर युवाओं के भीतर उस क्रांतिकारी चेतना की चर्चा को जीवित कर दिया है, जिसकी पहचान कभी चंद्रशेखर आजाद जैसे महान क्रांतिकारियों से जुड़ी रही है। भरत तिवारी की मौत को लेकर समाज में गहरी बहस छिड़ी हुई है। एक वर्ग का मानना है कि यह पुलिस एनकाउंटर नहीं, बल्कि हत्या का मामला है। वहीं दूसरी ओर जांच और सरकारी पक्ष की अपनी दलीलें हैं।

भरत तिवारी के समर्थकों का कहना है कि उनके नाम से कोई आपराधिक रिकॉर्ड सामने नहीं आया है, जबकि सामाजिक कार्यों से जुड़े हजारों उदाहरण सोशल मीडिया पर मौजूद हैं। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर ऐसी कौन-सी परिस्थितियां थीं, जिनके चलते पुलिस को इतनी कठोर कार्रवाई करनी पड़ी। भरत तिवारी की मां ने भी एक एसडीएम पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इन आरोपों की सत्यता जांच के बाद ही सामने आएगी, लेकिन इससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है।

सच्चाई चाहे जो भी हो, इतना तय है कि भरत तिवारी की मौत ने युवाओं के मन में व्यवस्था, न्याय और अधिकारों को लेकर नई बहस को जन्म दिया है। यह बहस कितने समय तक चलेगी, यह भविष्य बताएगा, लेकिन फिलहाल यह मामला बिहार से निकलकर राष्ट्रीय चर्चा का विषय बन चुका है।

दिल्ली से लेकर गांव-कस्बों तक लोग अपनी-अपनी राय रख रहे हैं। कोई इसे "जंगलराज" की वापसी बता रहा है तो कोई कह रहा है कि बिहार भी अब उत्तर प्रदेश की राह पर बढ़ रहा है। वहीं कुछ लोग इस पूरे प्रकरण को लेकर बिहार सरकार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर भी सवाल उठा रहे हैं। योगी आदित्यनाथ और सम्राट चौधरी की तुलना करने वालों को भी सोशल मीडिया पर जवाब दिए जा रहे हैं। कुछ लोगों का मानना है कि योगी आदित्यनाथ एक गंभीर और अनुशासित प्रशासक की छवि रखते हैं, जबकि सम्राट चौधरी को लेकर अलग तरह की राजनीतिक धारणाएं बनाई जा रही हैं।

सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि यदि समाज की समस्याओं और जनहित के मुद्दों पर आवाज उठाने वाले लोगों को गोलियों का सामना करना पड़े, तो लोकतंत्र में संवाद और असहमति का स्थान कहां बचेगा? यदि जनता के मन में पुलिस और प्रशासन के प्रति विश्वास कमजोर पड़ने लगे, तो इसके दूरगामी परिणाम सामने आ सकते हैं।

इतिहास गवाह है कि जब व्यवस्था और जनता के बीच विश्वास का संकट पैदा होता है, तब असंतोष बढ़ता है। इसका सबसे बड़ा खामियाजा अंततः राजनीतिक नेतृत्व और शासन व्यवस्था को ही भुगतना पड़ता है। इसलिए आवश्यक है कि भरत तिवारी प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय जांच हो, ताकि सच्चाई सामने आए और जनता का भरोसा बना रहे।

## झूठ की डोली...!

*झूठ की डोली सजाकर "सत्य" को दूर छिपाया था,*
*नाम बदलकर रिश्तों का एक नया खेल रचाया था।*
*रिया बनकर आई घर में, यास्मीन का हुआ है राज,*
*भोले मन के सपनों पर, चल गया छल का समाज।*

*यहाँ सात फेरे, सात वचन थे, विश्वासों की थी डोर,*
*तीन दिनों में टूट गया सभी, बिखरे सपनों के छोर।*
*वो एक लाख की कीमत लेकर, दलाल बने थे यार,*
*यूं रिश्तों का सौदा कर डाला शर्मसार हुआ संसार।*

*जब तक पहचान की परत खुली सच आया सामने,*
*नकली चेहरे हार गए फिर, न्याय खड़ा हाथ थामने।*
*धन, गहने और झूठे सपने कब तक साथ निभाते हैं,*
*सच की किरणें आखिर आकर अंधियारा मिटाते हैं।*

*सीख यही है जीवन की हर रिश्ता सच्चाई से जोड़ो,*
*धर्म नहीं, इंसानियत देखें पर विश्वास कभी न तोड़ो।*
*छल-कपट की राह पकड़कर, कोई जीत न पाता है,*
*झूठ की डोली आखिर में न्याय "द्वार" तक जाता है।*
*(संदर्भ - रामपुर, शादी के तीन दिन बाद रिया गुप्ता निकली यास्मीन)*



संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश)
मो. 98260 25986

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# डिजिटल संचार को नई मजबूती, सूचना विभाग का आधिकारिक यूट्यूब चैनल 'सूचना प्रवाह' लॉन्च

समाज जागरण लखनऊ/ गौतमबुद्धनगरः उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने डिजिटल संचार को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल 'सूचना प्रवाह' का शुभारंभ किया है। शुक्रवार को लोक भवन, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में सूचना निदेशक विशाल सिंह एवं अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने चैनल का उद्घाटन किया।



इस अवसर पर निमार्ता फिल्म अभय कुमार श्रीवास्तव, फिल्म निर्माण प्रबंधक संदीप पांडेय सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

'सूचना प्रवाह' उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का आधिकारिक डिजिटल मंच होगा, जिसके माध्यम से प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास परियोजनाओं, महत्वपूर्ण निर्णयों, उपलब्धियों और जनहित से जुड़ी सूचनाओं को आमजन तक त्वरित एवं प्रमाणिक रूप से पहुंचाया जाएगा। चैनल पर विभाग द्वारा निर्मित वृत्तचित्र, विशेष रिपोर्ट, प्रेरणादायी वीडियो तथा सरकारी अभियानों से संबंधित सामग्री का नियमित प्रसारण भी किया जाएगा।

सूचना निदेशक विशाल सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल मीडिया जनसंचार का सबसे प्रभावी माध्यम बन चुका है। ऐसे में 'सूचना प्रवाह' सरकार और जनता के बीच संवाद का एक सशक्त सेतु साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस मंच के माध्यम से नागरिकों को सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की विश्वसनीय जानकारी सरल और आकर्षक तरीके से उपलब्ध कराई जाएगी।

अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने कहा कि विभाग आधुनिक तकनीकों को अपनाकर जनसंचार के नए आयाम स्थापित कर रहा है। 'सूचना प्रवाह' के जरिए प्रदेश की विकास यात्रा और शासन की उपलब्धियों को व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचाया जाएगा।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विकास प्रदर्शनी का समापन, चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

संदीप गर्ग

समाज जागरण गौतमबुद्धनगरः केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद गौतमबुद्धनगर में आयोजित तीन दिवसीय "विकास प्रदर्शनी" का तीसरे दिन भी उत्साहपूर्ण आयोजन हुआ। पंचशील बालक इंटर कॉलेज, सेक्टर-91, नोएडा में 17 से 19 जून तक आयोजित इस प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में आमजन, विद्यार्थियों एवं युवाओं ने भाग लेकर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की।



प्रदर्शनी के तीसरे दिन शिक्षा विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 30 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय याकूबपुर की छात्रा राजलक्ष्मी ने प्रथम, उच्च प्राथमिक विद्यालय वाजिदपुर की छात्रा जानकी ने द्वितीय, राशि ने तृतीय, कृष्ण ने चतुर्थ तथा भारती ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया, जबकि सभी प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

सूचना विभाग द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉल में केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों तथा विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई, जिसे आगंतुकों ने काफी सराहा। वहीं प्रदर्शनी स्थल पर स्थापित "सेल्फी विद पीएम" पॉइंट पूरे आयोजन के दौरान आकर्षण का केंद्र बना रहा। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रधानमंत्री के कटआउट के साथ सेल्फी लेकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

तीन दिवसीय प्रदर्शनी में सूचना, शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, उद्योग, श्रम, पशुपालन, मत्स्य, वन तथा सेवायोजन विभाग सहित विभिन्न विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाए। इन स्टॉलों के माध्यम से आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं, विकास कार्यक्रमों और उपलब्धियों की जानकारी दी गई तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ लेने के संबंध में मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया।

आयोजन के दौरान जनपदवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना और विकास कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

## 5 साल से फरार आरोपी मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार, नोएडा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

समाज जागरण नोएडा संदीप गर्ग थाना सेक्टर-58 नोएडा पुलिस ने पांच वर्षों से फरार चल रहे एक वांछित आरोपी को मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, रंगदारी, धमकी और आईटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी मुदासिर जहूर पुत्र जहूर अहमद निवासी खानयार, जम्मू-कश्मीर है। वह वर्ष 2021 से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था और उसके विरुद्ध न्यायालय से गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) तथा धारा-82 की कार्रवाई भी की जा चुकी थी। जानकारी के मुताबिक वर्ष 2021 में पीड़िता ने थाना फेस-3 में शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी ने पहले से दर्ज एक मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी थी।

# खाद्य सुरक्षा विभाग का बड़ा अभियान, 300 किलो पनीर नष्ट, दूध-पनीर के 5 नमूने जांच को भेजे

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगरः जनपदवासियों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने शुक्रवार को विशेष अभियान चलाते हुए विभिन्न डेयरियों और थोक विक्रेताओं के यहां जांच की। अभियान के दौरान दूध और पनीर के कुल पांच नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गए, जबकि लगभग 300 किलोग्राम पनीर मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाए जाने पर नष्ट कराया गया।



सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में गुणवत्ता युक्त दूध एवं दुग्ध उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार, विजय बहादुर पटेल और रविंद्र नाथ वर्मा की टीम ने हल्दौनी, ग्रेटर नोएडा स्थित चौधरी डेरी से पनीर का एक नमूना लिया तथा प्रथम दृष्टया मिलावटी और मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाए गए लगभग 100 किलोग्राम पनीर को नष्ट कराया। इसी टीम ने जेवर तहसील के ग्राम जहांगीरपुर स्थित प्रमोद डेरी से दूध का एक नमूना भी संग्रहित किया। वहीं खाद्य सुरक्षा अधिकारी सैयद इबादुल्लाह एवं विशाल गुप्ता की टीम ने सेक्टर-15 नोएडा स्थित चौहान डेरी से पनीर का नमूना लेकर करीब 200 किलोग्राम पनीर नष्ट कराया, जो प्रथम दृष्टया मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाया गया।

इसके अलावा खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमर बहादुर सरोज ने सेक्टर-65 स्थित हल्दीराम स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड से दूध और पनीर का एक-एक नमूना जांच के लिए लिया।

इस प्रकार कुल पांच नमूने जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। विभाग का कहना है कि जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जाएंगे, ताकि जनपदवासियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

## योग सप्ताह के पाँचवें दिन विकास भवन में हुआ योग अभ्यास शिविर सीडीओ ने किया अधिकाधिक सहभागिता का आह्वान

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगरः12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित योग सप्ताह के पाँचवें दिवस शुक्रवार को विकास भवन में योग अभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी भाल चंद्र त्रिपाठी की उपस्थिति में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया।



शिविर में आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक कुलभूषण धर दुबे एवं मनीष धर दुबे ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। साथ ही उपस्थित लोगों को योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. वंदना रानी, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. प्रीति सिंघल, आयुर्वेदिक चिकित्साधिकारी, फार्मासिस्ट तथा अन्य कर्मचारियों ने सहभागिता की।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भाल चंद्र त्रिपाठी ने 21 जून को आयोजित होने वाले सामूहिक योग अभ्यास कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली का आधार है। नियमित योगाभ्यास से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य बेहतर होता है और व्यक्ति संतुलित एवं दीर्घायु जीवन प्राप्त कर सकता है। डॉ. वंदना रानी एवं डॉ. प्रीति सिंघल ने भी लोगों को संबोधित करते हुए नियमित योग को स्वस्थ एवं निरोग जीवन का मूल मंत्र बताया तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

योग सप्ताह के तहत केसीसी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, ग्रेटर नोएडा में भी योग शिविर आयोजित किया गया, जहां छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों को योग के महत्व एवं लाभों की जानकारी दी गई। इसके अलावा जनपद के विभिन्न राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालयों और ग्राम पंचायतों में भी योग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नियमित योग अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ई.एल.एम.डी. मोबाइल एप का प्रशिक्षण, डिजिटल सेवाओं को मिलेगा बढ़ावा

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगरः महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेर्शानुसार बाल विकास परियोजना कार्यालय दनकौर के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं पर्यवेक्षकों के लिए एक दिवसीय ई.एल.एम.डी. मोबाइल एप्लिकेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विभागीय कार्यों को डिजिटल माध्यम से अधिक पारदर्शी, प्रभावी और सुगम बनाना तथा आंगनबाड़ी केंद्रों पर संचालित सेवाओं की बेहतर निगरानी सुनिश्चित करना था।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में परियोजना क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं पर्यवेक्षकों ने सहभागिता की। इस दौरान प्रतिभागियों को ई.एल.एम.डी. मोबाइल एप के उपयोग, तकनीकी प्रक्रियाओं और विभागीय कार्यों के ऑनलाइन निष्पादन से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

प्रशिक्षण सत्र में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण सुनिश्चित करने और उन्हें योजना का लाभ दिलाने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही पोषण ट्रैकर एप के माध्यम से डेटा अपडेट करने, रिपोर्टिंग और विभिन्न मानकों के अनुपालन की जानकारी भी दी गई।

अधिकारियों ने बताया कि डिजिटल तकनीकों के प्रभावी उपयोग से विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी तथा लाभार्थियों तक सेवाओं की पहुंच और अधिक सुदृढ़ होगी। प्रशिक्षण का उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की कार्यकुशलता बढ़ाना और जमीनी स्तर पर निगरानी व्यवस्था को मजबूत करना है।

कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी संध्या सोनी, रेडीनेस मेला से राम गोविंद सिंह, मुख्य सेविकाएं तथा क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को विभागीय लक्ष्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने की शपथ दिलाई गई।

## पड़ोसी विवाद में व्यक्ति की गोली मारकर हत्या, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

समाज जागरण/संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडाः थाना बादलपुर क्षेत्र के रॉयल सिटी, ग्राम अच्छेजा छपरौला में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान जीवन किशोर (50 वर्ष) पुत्र रामदास, मूल निवासी कायमगंज, जनपद फरुर्खाबाद के रूप में हुई है, जो वर्तमान में रॉयल सिटी, अच्छेजा छपरौला में रह रहे थे। प्रारंभिक जांच में घटना में मृतक के पड़ोसी विशाल कश्यप तथा उसके साथी विक्की का नाम सामने आया है।

घटना के बाद दोनों आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## जेवर में स्वनिधि महोत्सव एवं ऋण वितरण शिविर आयोजित, स्ट्रीट वेंडर्स को मिली आर्थिक सहायता

समाज जागरण/संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगरः प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के अंतर्गत नगर पंचायत जेवर में स्वनिधि महोत्सव एवं ऋण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं, ठेला संचालकों और छोटे व्यापारियों को बिना गारंटी के सुलभ ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और उनके व्यवसाय को मजबूत करना था।




शिविर के दौरान लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही प्राप्त आवेदनों एवं आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन कर पात्र लाभार्थियों की ऋण स्वीकृति प्रक्रिया पूरी कराई गई। योजना के तहत लाभार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय चरण में 15 हजार रुपये से 50 हजार रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है।

कार्यक्रम में बताया गया कि समय पर ऋण चुकाने वाले लाभार्थियों को ब्याज सब्सिडी तथा कैशबैक का लाभ भी प्रदान किया जाता है, जिससे छोटे व्यापारियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सहायता मिलती है।

इस अवसर पर नगर पंचायत जेवर के अध्यक्ष नारायण माहेश्वरी ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना छोटे व्यापारियों और स्ट्रीट वेंडर्स के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने पात्र लाभार्थियों से योजना का अधिकतम लाभ लेने का आह्वान किया।

डूडा विभाग की ओर से शीला कुमारी (सीएमएम), रवींद्र एवं आकाश ने लाभार्थियों को योजना से संबंधित जानकारी और आवश्यक सहयोग प्रदान किया। शिविर के माध्यम से बड़ी संख्या में लोगों को योजना से जोड़ने का प्रयास किया गया, ताकि उन्हें वित्तीय सहायता मिल सके और वे अपने व्यवसाय को और अधिक मजबूत बना सकें।

कार्यक्रम में नगर पंचायत जेवर के अधिशासी अधिकारी वीरज कुमार त्रिपाठी, पंजाब एंड सिंध बैंक एवं यूनियन बैंक जेवर के शाखा प्रबंधकों सहित नगर पंचायत के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह ने की कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की समीक्षा, जनकल्याणकारी योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगरः उत्तर प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग के राज्य मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कानून व्यवस्था, राजस्व तथा मुख्यमंत्री विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।



प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र जैसी सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सरल और समयबद्ध बनाने पर जोर दिया।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान आयुष्मान भारत योजना, गोल्डन कार्ड, टीकाकरण कार्यक्रम और एम्बुलेंस सेवाओं की प्रगति का जायजा लिया गया। मंत्री ने पात्र लाभार्थियों तक स्वास्थ्य योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

कृषि एवं सहकारिता विभाग की समीक्षा में किसानों को उर्वरक और गुणवत्तापूर्ण बीजों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा सिंचाई के लिए नहरों में टेल तक पानी पहुंचाने पर विशेष बल दिया गया। वहीं लोक निर्माण विभाग को सड़क निर्माण, मरम्मत एवं चौड़ीकरण कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए गए।

जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने, विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा उद्योग विभाग को निवेश परियोजनाओं और एमओयू को शीघ्र धरातल पर उतारने के निर्देश भी दिए गए।

शिक्षा विभाग की समीक्षा में स्कूल चलो अभियान, शिक्षा का अधिकार अधिनियम और प्रोजेक्ट अलंकार के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी ली गई। पशुपालन विभाग को गौशालाओं और डॉग शेल्टर की व्यवस्थाएं मजबूत करने तथा वन विभाग को वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रमों को जनआंदोलन बनाने के निर्देश दिए गए।

बैठक के अंत में कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने पुलिस अधिकारियों को महिला सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी मेधा रूपम ने मंत्री को आश्वस्त किया कि बैठक में दिए गए सभी निर्देशों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक तेजपाल नागर, विधायक धीरेंद्र सिंह, पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह, मुख्य विकास अधिकारी भाल चंद्र त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सूचना

### फेज-2 उपकेंद्र के लिए 33 केवी नई केबल बिछाने का कार्य अंतिम चरण में

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) द्वारा सूचित किया गया है कि फेज-2 उपकेंद्र के लिए 33 केवी नई केबल बिछाने का कार्य अंतिम चरण में है। जल्द ही इस लाइन को चार्ज कर संचालित किया जाएगा।

नई लाइन के चालू होने के बाद फेज-2 क्षेत्र एवं फेज-2 के नए उपकेंद्र में विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्याओं का समाधान हो जाएगा तथा उपभोक्ताओं को अधिक सुचारु एवं बेहतर बिजली आपूर्ति उपलब्ध हो सकेगी।

— उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल)

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# गौतमबुद्धनगर पुलिस की बड़ी सफलता, 7809 गुमशुदा व चोरी के मोबाइल बरामद

समाज जागरण/ संदीप गर्ग

नोएडाः पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस द्वारा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में चोरी एवं गुमशुदा मोबाइल फोनों की बरामदगी में पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।

कमिश्नरेट पुलिस द्वारा आधुनिक तकनीक, सीईआईआर (Central Equipment Identity Register) पोर्टल तथा इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से 1 दिसंबर 2022 से 31 मई 2026 तक कुल 7809 चोरी एवं गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। बरामद मोबाइल फोनों की अनुमानित कीमत 23 करोड़ 55 लाख 80 हजार 450 रुपये बताई गई है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार विभिन्न कंपनियों के इन स्मार्टफोनों के संबंध में जनपद के विभिन्न थानों में शिकायतें प्राप्त हुई थीं। शिकायतों पर तकनीकी विश्लेषण एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए मोबाइल फोनों को सफलतापूर्वक खोजकर बरामद किया गया।



कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर पुलिस तकनीक आधारित पुलिसिंग को प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक शिकायत का गंभीरता और तत्परता के साथ निस्तारण कर रही है। पुलिस की सक्रिय कार्यप्रणाली और तकनीकी दक्षता के कारण बड़ी संख्या में लोगों को उनके खोए हुए मोबाइल वापस मिल सके हैं।

बरामद मोबाइल फोनों को समय-समय पर "मिशन सहयोग" अभियान के तहत उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया जाता रहा है। इस पहल से न केवल लोगों को राहत मिली है, बल्कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास और समन्वय भी मजबूत हुआ है।

पुलिस प्रशासन का कहना है कि भविष्य में भी तकनीक आधारित पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाते हुए आमजन की समस्याओं के समाधान एवं उनकी संपत्ति की सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

# केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर जनपद की विकास खण्ड बहजोई के गांव भवन में आयोजित हुई रात्रि चौपाल

समाज जागरण




बहजोई।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 05 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जनपद की प्रत्येक विकास खण्ड की दो-दो न्याय पंचायतों में रात्रि चौपाल का आयोजन पूर्ण भव्यता के साथ किया गया।

जनपद स्तरीय रात्रि चौपाल का आयोजन जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में विकासखण्ड बहजोई के ग्राम भवन में सम्पन्न हुआ। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा उनकी समस्याएं एवं सुझाव भी प्राप्त किए गए।

रात्रि चौपाल के दौरान पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लाभों के विषय में ग्रामीणों को जागरूक किया। विद्युत विभाग के विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई

टीकाकरण कार्यक्रम में डायबिटीज एवं हाइपरटेंशन की जांच, 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु टीकाकरण, टीबी रोगियों को पोषण पोटली वितरण सहित स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास की भावना के साथ कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा देश की सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण एवं विकास के साथ-साथ शिक्षा, सड़क, तीर्थ स्थलों के विकास तथा युवाओं के सशक्तिकरण के लिए निरन्तर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से देश एवं समाज के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में कहा कि सरकार एवं प्रशासन किसानों और आमजन के द्वार तक पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रशासनिक अधिकारी गांव-गांव जाकर जनता की समस्याओं को सुन रहे हैं तथा उनका समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के कार्य कर रही है और शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाया जा रहा है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हुई हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने का आह्वान करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं।

जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड की दो-दो न्याय पंचायतों में आज रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया है, जिसका उद्देश्य सरकार की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना तथा ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव मोहम्मद असलम, ग्राम प्रधान चमन जहां ब कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# योग सप्ताह के पांचवें दिन इंदिरा पार्क में हुआ सामूहिक योगाभ्यास, विभिन्न संस्थाओं एवं विद्यार्थियों ने किया उत्साहपूर्वक सहभाग

समाज जागरण मुस्कान खान



जनपद बिजनौर 12वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जनपद बिजनौर में आयोजित योग सप्ताह के अंतर्गत पांचवें दिन प्रातः 6:00 बजे इंदिरा पार्क, बिजनौर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों, विभिन्न सामाजिक एवं योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों तथा विद्यार्थियों ने सहभागिता कर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक प्रशांत महर्षि जी, श्रीमती सद्भावना, अर्जुन सिंह नागर एवं सुनील राजपूत जी द्वारा आयुष मंत्रालय के निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों ने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के विषय में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की तथा सभी से नियमित रूप से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. विमल कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो स्वस्थ जीवनशैली एवं मानसिक संतुलन का आधार है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को जन-जन का उत्सव बनाने के लिए सभी के सहयोग की सराहना की।

इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राकेश कुमार, जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरती गुप्ता, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुरेश कुमार, डॉ. शैलेंद्र यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। योगेंद्र पाल सिंह योगी ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में क्रीड़ा भारती, गोविंदा मॉर्निंग क्लब, गायत्री परिवार, आईएनओ तथा अन्य योग संस्थाओं का विशेष सहयोग रहा। इसके अतिरिक्त राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बिजनौर एवं नेहरू स्टेडियम के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लेकर स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति अपनी जागरूकता का परिचय दिया।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. विमल कुमार ने सभी प्रतिभागियों, योग प्रशिक्षकों, सहयोगी संस्थाओं एवं उपस्थित अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए योग सप्ताह के आगामी कार्यक्रमों में भी अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# योग कैंप में कराया गया योगाभ्यास

समाज जागरण

चन्दौसी। जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे 1 महीने के योग कैंप के तीसवें दिन योगाचार्य जी एवं वैध ने बेरी कौन बोनस के बारे में जानकारी दी बताया इस बीमारी से पैरों में नसों के गुच्छे बन जाते हैं जो बहुत दर्द करते हैं इस बीमारी को योगाभ्यास द्वारा कैसे ठीक किया जा सकता है तथा डाइट के बारे में भी पूर्ण जानकारी दी जैसे



अमला पाउडर, ब्रह्मी पाउडर ,अश्वगंधा पाउडर, दालचीनी ,अलसी के बीज आदि हमें किस समय कितनी मात्रा में कब और किस लिए लेने चाहिए। तथा यह चीजें किस-किस बीमारी में फायदा करती है। प्याज ,लहसुन के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी कि लोग प्याज और लहसुन को क्यों नहीं खाते हैं और क्यों खाना चाहिए तथा इसके खाने से क्या-क्या फायदे हैं तथा प्याज और लहसुन को धरती पर अमृत बताया प्याज और लहसुन को हमें किस प्रकार खाना चाहिए विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर ग्रुप अध्यक्ष इंदु अग्रवाल, चीफ प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अनु रस्तोगी, अंजू अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, रीता अग्रवाल आदि मेंबर्स उपस्थित रहे।

# बीमारी के चलते महिला की मौत मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

समाज जागरण मुस्कान खान



जनपद बिजनौर मंडावर।क्षेत्र के गांव में शुक्रवार की सुबह बीमारी के चलते एक गर्भवती महिला की मौत हो गई' सुचना पर पहुचे मृतका के मायके वालों ने महिला की हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया ' मोके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ' शुक्रवार की सुबह गाँव सीमला खुर्द नई बस्ती निवासी आठ माह की गर्भवती महिला मीनाक्षी पत्नी मुकेश कुमार उम्र 28 वर्ष की बीमारी के कारण मौत हो गई' सुचना पर पहुचे बिजनौर के मोहल्ला जाटान निवासी मृतक महिला के मायके वालो ने ससुराल पक्ष पर महिला की हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया मोके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है की मृतक महिला काफी समय से टीवी की बीमार थीं, ओर उसका जिला अस्पताल से इलाज चल रहा था। मृतक महिला के दो बेटी है। थाना अध्यक्ष संजय तोमर ने बताया की मृतक महिला टीवी की बीमार थीं, बीमारी के कारण उसकी मौत होना प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था।पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही महिला की मौत का कारण पता चल पायेगा अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# समाज सेवियो ने भीषण गर्मी में निशुल्क ठंडे शरबत का किया वितरण

समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी



जनपद बिजनौर नजीबाबाद जनपद बिजनौर के नजीबाबाद में मोहल्ला मुगलुशाह मे समाज सेवियो की तरफ से इस भीषण गर्मी में निशुल्क ठंडे शरबत का वितरण किया जिसमें आने जाने वाली ई रिक्शा बाइक और पैदल आने जाने वाले लोगों को निशुल्क ठंडे शरबत का वितरण किया गया इस भीषण गर्मी में लोगों ने ठंडा शरबत पीकर दिल से दुआएं दी नजीबाबाद के जिम्मेदार समाजसेवियो नेबताया ठंडा शरबत पिलाने का काम भी बहुत बड़ा पुण्य का काम है इसलिए उन्होंने तमाम सामाजिक संस्थाओं से आहवान किया कि वह आगे आए और लोगों को इस गर्मी में ठंडा शरबत ठंडा पानी पिलाकर लोगों की दुआएं लेनी चाहिए और सामाजिक संगठन और संस्थाएं भी निशुल्क ठंडा पानी ठंडा शरबत इस सख्त गर्मी में पिलाकर पुण्य हासिल कर रहे हैं उन्होंने कहा कि यह काम आगे भी जारी रहेगा और तमाम सामाजिक संगठन से अपील की कि वह भी इस काम में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले इस मौके पर मुख्तार अंसारी उस्मान सैफी फैसल सेफी नफीस सैफी नौशाद अंसारी शाहाबाज सैफी सोनू मुंशी जी सलमान सैफी मौजूद रहे और पास पड़ोस के लोगों ने भी ठंडा शरबत बंटवाने में साथ दिया उन्होंने उनका भी शुक्रिया अदा किया।

# टीईटी विवाद पर शिक्षकों की हुंकार, लाखों शिक्षकों के भविष्य को लेकर सरकार से मांगा हस्तक्षेप

## 2010 और 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी से स्थायी छूट देने की मांग, प्रधानमंत्री- शिक्षा मंत्री ,मुख्यमंत्री के नाम भेजा ज्ञापन

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह

फिरोजाबाद। टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) को लेकर देशभर के लाखों शिक्षकों में बढ़ती चिंता के बीच अखिल राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने केंद्र और राज्य सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। महासंघ का कहना है कि वर्ष 2010 से पूर्व तथा उत्तर प्रदेश में टीईटी लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों के सेवा अधिकारों, पदोन्नति और भविष्य पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं, जिन्हें दूर करने के लिए सरकार को विशेष प्रावधान करना चाहिए। प्रदेश संयुक्त मंत्री सोनल शर्मा, जिला अध्यक्ष डॉ. अबोध कुमार चतुर्वेदी एवं जिला महामंत्री कौशलेंद्र सिंह , शिवकांत पलिया के नेतृत्व में आज अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के द्वारा भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम की धारा 23(2) में वर्ष 2017 में हुए संशोधन तथा इस संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 1 सितंबर 2025 और 29 मई 2026 के निर्णयों के बाद शिक्षकों के बीच असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

महासंघ का तर्क है कि 23 अगस्त 2010 को एनसीटीई द्वारा टीईटी को न्यूनतम योग्यता घोषित किए जाने से पहले देश के विभिन्न राज्यों में लाखों शिक्षकों की नियुक्तियां तत्कालीन नियमों और निर्धारित पात्रताओं के अनुसार वैध रूप से की जा चुकी थीं। ऐसे में बाद में लागू की गई योग्यता को पूर्व प्रभाव से लागू करना प्राकृतिक न्याय, समानता और विधिक निश्चितता के सिद्धांतों के अनुरूप नहीं माना जा सकता।

'दशकों की सेवा को नजरअंदाज करना उचित नहीं'

ज्ञापन में कहा गया है कि वर्षों से विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों ने शिक्षा के प्रसार, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ऐसे शिक्षकों की सेवाओं, अनुभव और कार्यकुशलता को नजरअंदाज कर उनके भविष्य को अनिश्चितता में डालना शिक्षा व्यवस्था की स्थिरता और शिक्षकों के मनोबल दोनों के लिए नुकसानदायक होगा।

महासंघ ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का सम्मान सभी का संवैधानिक दायित्व है, लेकिन जनहित में आवश्यक नीतिगत और विधायी समाधान उपलब्ध कराना संसद और सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। इसलिए सरकार को इस मामले में संवेदनशीलता दिखाते हुए आवश्यक कदम उठाने चाहिए।

दिनांक 18/06/ 2026 जिला मुख्यालय पर जिलाधिकारी को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा दिए गए ज्ञापन में जिले से जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ, बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन, महिला शिक्षक संघ एवं यूटा संगठनों का सहयोग प्राप्त हुआक प्रमुख मांगें संगठन ने मांग की है कि 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों तथा उत्तर प्रदेश में 27 जुलाई 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से स्थायी रूप से मुक्त किया जाए। साथ ही उनकी सेवा, वरिष्ठता, पदोन्नति और अन्य सभी वैधानिक लाभों को पूर्ण संरक्षण दिया जाए।

इसके अतिरिक्त आवश्यकता पड़ने पर संसद में विशेष विधायी संशोधन लाकर इस वर्ग को स्थायी राहत प्रदान करने तथा सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर शिक्षकों में व्याप्त असुरक्षा और भ्रम की स्थिति समाप्त करने की मांग भी उठाई गई है।

महासंघ ने विश्वास जताया है कि राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले शिक्षक समुदाय के हितों की रक्षा के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार न्यायपूर्ण और दूरदर्शी निर्णय लेंगी।ज्ञापन में मुख्य रूप से सोनल शर्मा, डॉ. अबोध कुमार चतुर्वेदी, शिवकांत पलिया, कौशलेंद्र सिंह, निष्काम शर्मा, गौरव पाल सिंह, आनंद मोहन श्रोतीय, आदेश यादव, कमल यादव, मिथलेश यादव, अरुण कुमार, नीतू यादव दीपमाला, मुकेश कुमार, प्रवल प्रताप, मूवी शर्मा, प्रीति श्रोति, हरेंद्र अनिल चक मनोज यादव, मुकेश यादव,आदि सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे

# पुरैनी टोल प्लाजा के निजी सुरक्षा कर्मी महिपाल की उपचार के दौरान मौत

## पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर कार को कब्जे में लिया

समाज जागरण मुस्कान खान




जनपद बिजनौर नगीना। पुरैनी टोल प्लाजा पर कार चालक से हुए विवाद के बाद गंभीर रूप से घायल हुए निजी सुरक्षा कर्मी महिपाल सिंह की मेरठ के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई है।बुधवार को पुरैनी टोल प्लाजा पर हुई घटना के बाद पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है और कार को कब्जे में ले लिया था।

पुरैनी टोल प्लाजा के प्रबंधन द्वारा पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा था कि टोल प्लाजा पर तैनात निजी सुरक्षा कर्मी महिपाल सिंह से नगीना की तरफ आ रही कार यूपी11बीए 7169 के चालक निजी सुरक्षा कर्मी से वाद विवाद के बाद उसकी हत्या के प्रयास में कार से टक्कर मारकर भाग गया था।

घटना के बाद टोल प्लाजा के कर्मी गंभीर रूप से घायल महिपाल सिंह को तुरंत सीएचसी नगीना लाए।डॉक्टरों ने उसकी चिंताजनक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया था।टोल प्लाजा प्रबंधन के लोगों ने महिपाल सिंह को मेरठ के जसवंत राव हॉस्पिटल में भर्ती कराया। हॉस्पिटल में उपचार के दौरान गुरुवार को महिपाल सिंह की मृत्यु हो गई। महिपाल सिंह (65 वर्ष)पुत्र नत्थू सिंह स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव फैजुल्लापुर का निवासी है।

सीओ राजेश सिंह सोलंकी ने बताया कि पुरैनी टोल प्लाजा के प्रबंधन की शिकायत पर बुधवार को ही उक्त कार चालक के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया गया था।

नगीना पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना को अंजाम दे कर भागने वाली कार को ट्रेस कर लिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए कार को चालक समेत पकड़ लिया।पुलिस ने उक्त कार(नंबर यूपी11बीए 7169)को कब्जे में ले लिया और कार चालक सहारनपुर जनपद के थाना सरसावा के ग्राम पिलखना बक्काल निवासी अनूप गोबिल पुत्र जयप्रकाश को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है। सीओ राजेश सिंह सोलंकी ने बताया कि महिपाल सिंह की मृत्यु के बाद हत्या के प्रयास के मुकदमें को हत्या में तरमीम कर दिया जाएगा।

# उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौप समस्या से कराया अवगत

समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर नजीबाबाद बृहस्पतिवार को भारतीय किसान यूनियन इंडिया के जिला अध्यक्ष वसीम चौधरी के नेतृत्व में किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल नजीबाबाद उप जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार से मिला और उन्हें एक ज्ञापन सौप स्थानीय समस्या से अवगत कराया । भारतीय किसान यूनियन इंडिया के



जिला अध्यक्ष वसीम चौधरी ने कहा कि भनेड़ा टोल प्लाजा से गांव की तरफ एक सड़क जाती है जो पूरी तरह से जर्जर होकर क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जिससे स्थानीय नागरिकों को इस सड़क पर चलने से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। और आए दिन सड़क पर दुर्घटनाएं होती रहती है। जिससे इस सड़क को जनहित में बनवाया जाए वहीं सबसे बड़ी समस्या भनेड़ा ईदगाह की है। जहां पर एनएचएआई द्वारा नाला निर्माण अधर में लटका हुआ है। जिससे बरसात के समय में कब्रिस्तान में पानी भर जाता है। जिससे बरसात के समय में शवो को दफनाने में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। वही नजीबाबाद उप जिलाधिकारी ने समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया है इस मौके पर संगठन के जिला अध्यक्ष वसीम चौधरी, मंडल महासचिव नदीम अहमद, नजीबाबाद तहसील अध्यक्ष सोनू ,एव डॉक्टर पंकज सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शाहिद अली साहब के निधन पर क्षेत्र में दौड़ी शोक की लहर

समाज जागरण ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद उधम सिंह नगर के जसपुर मे शाहिद अली के निधन से दौड़ी दुःख की लहर आपको बता दे शाहिद अली उम्र लगभग 65 वर्ष पुत्र पूर्व चेयरमैन अली मोहम्मद निवासी मोहल्ला जटवारा के निधन से क्षेत्र में दुःख की लहर दौड़ गई बताया जा रहा है कि वह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे और उनके पुत्र शाहनवाज अली एडवोकेट व शाहबाज अली लगातार उनका इलाज करा रहे थे काफी दिन पहले वह अस्पताल में भी भर्ती रहे लेकिन



अफसोस 17 जून दिन बुधवार को प्रातः 4:30 बजे वह दुनिया को अलविदा कह गए वह जसपुर की लकड़ी मंडी में भी व्यापार संगठन मे बड़े पद पर रह चुके और कांग्रेस पार्टी में भी बड़े पद पर रहकर अपना परचम लहराया शाहिद अली एक सच्चे ईमानदार परहेजगार और आदर करने वाले नेक इंसान थे जनता ने बताया उनका जीवन सादगी व लोगो की सेवा के जज्बे से भरा हुआ था और वह हक की बात कहने वाले नेक इंसान थे वह एक सामाजिक और सुख-दुख में लोगों का साथ देने वाले नेक इंसान थे उन्हें उम्र भर उनकी कमी महसूस होती रहेगी उनके जनाजे मे विधायक आदेश चौहान पूर्व विधायक डॉक्टर शैलेंद्र जसपुर चेयरमैन नौशाद नगर पालिका का पूर्ण स्टाफ एडवोकेट पत्रकार व गणमान्य लोगों के साथ क्षेत्र की जनता काफी संख्या मे उपस्थिति रही 17 जून बुधवार को जोहर की नमाज अदा करने के बाद उन्हे सुपुर्द -ए- खाक किया गया और लोगो ने उनकी मगफिरत के लिए दुआएं मांगी

# उप निबन्धक कार्यालय नजीबाबाद में फ्रंट ऑफिस खोलने तथा निजीकरण के विरोध में तीसरे दिन भी काम ठप

समाज जागरण मुस्कान खान



जनपद बिजनौर नजीबाबाद। उप निबंधक कार्यालय में फ्रंट ऑफिस खोलने तथा रजिस्ट्री के निजीकरण किये जाने के विरोध में उप निबन्धक कार्यालय नजीबाबाद में दस्तावेज लेखकगण अधिवक्ता गण तथा स्टाम्प विक्रेतागणों ने सरकार के फैसले का विरोध मैं कार्य बहिष्कार और अनिश्चितकालीन धरना तीसरे दिन भी जारी रहा । शुक्रवार को रजिस्ट्री ऑफिस नजीबाबाद के सभी दस्तावेज लेखकगण अधिवक्ताओं तथा स्टांप विक्रेताओं ने पूर्ण रूप से कार्य का बहिष्कार किया तथा अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ रहे जिसके चलते निबंधन विभाग के उप निबन्धक कार्यालय नजीबाबाद में एक भी रजिस्ट्री नहीं हुई जिससे सरकार को लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ दस्तावेज लेखक संघ के अध्यक्ष मोहम्मद असलम ने बताया की सरकार के किसी भी अधिकारी द्वारा अभी तक उनसे संपर्क नहीं किया गया है उनका कहना है कि फैसले को वापस लेने तक कार्य बहिष्कार और धरना चलता रहेगा। इस हड़ताल में मोहम्मद असलम सौरभ कुमार शशिकांत अब्दुल रब अनवर शरीक मुकुल शर्मा शहजाद आलम एडवोकेट जीशान अख्तर गोविंद सिंह रूचिन तोमर एडवोकेट मेघनाथ अमित सिंघल एडवोकेट ओजेश राजपूत रणधीर सिंह भानु प्रकाश गौरव कुमार कश्यप एडवोकेट बहार आलम एडवोकेट पंकज अग्रवाल एडवोकेट फुरकान अहमद तेजपाल सिंह मोहम्मद कासिफ सुनील भटनागर सरताज अहमद अनवर शादाब राजीव शर्मा फहीम उल हसन सोम कुमार हरिओम सिंघल तरुणवीर हेमराज राहुल कश्यप मोहम्मद अहसान स्टांप विक्रेता मोहम्मद असगर रविराज मोहम्मद आसिफ रवि राज कश्यप आदि सम्मिलित रहे।

# हलधर किसान यूनियन के नेताओं ने ट्रांसफार्मर लगाने की मांग को लेकर विद्युत अधिकारियों को सोपा ज्ञापन।

समाज जागरण



फिरोजाबाद। भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष जितेंद्र यादव की नेतृत्व में दर्जनों पदाधिकारी के साथ सैकड़ो किसान भाइयों ने रेलवे कॉलोनी फाटक विद्युत अधीक्षक अभियंता के कार्यालय पहुंचकर ग्राम बनीपुरा के किसानों के फुके नलकूप ट्रांसफार्मर को शीघ्र लगाए जाने की मांग एवं खए खैरगढ़ द्वारा की जा रही अवैध वसूली को लेकर निलंबन की मांग को लेकर गिराव कर धरना प्रदर्शन किया गया कार्यालय पर अधीक्षक अभियंता के न होने पर प्रतिनिधि मंडल के नेताओं ने विद्युत चीफ से मोबाइल से बात तक उनके प्रतिनिधि अधिशासी अभियंता अभिषेक जी को एक लिखित ज्ञापन सोपा गया जहां अधिशासी अभियंता द्वारा आज और कल तक ट्रांसफार्मर लगवाई जाने का आश्वासन देखकरखए के खिलाफ विभागीय जांच करने के आदेश दिए इस मौके पर राष्ट्रीय मुख्य महासचिव देशराज भगत जी, आगरा मंडल अध्यक्ष के ऋषभ यादव, महानगर अध्यक्ष सिकंदर मंसूरी, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद राठौड़, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता उदयवीर सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष टिंकू यादव, ओमवीर सिंह यादव, विवेक यादव, प्रदेश सचिव अनुरोध भोला यादव, चंदन यादव, चंद्र मोहन चक्रवर्ती, शाहिद सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# गुलदार ने पालतू कुत्ते को बनाया निवाला

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर मंडावर। क्षेत्र के गांव काजीवाला में गुरुवार देर शाम को एक गुलदार ने पालतू कुत्ते पर हमला कर उसे मार डाला। इस घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि आज कुत्ते पर हमला किया है, कल किसी इंसान या बच्चे पर भी हमला कर सकता है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव काजीवाला निवासी संदीप तोमर (पुत्र नरेन्द्र तोमर) ने अपने घर पर एक कुत्ता पाला हुआ था। गुरुवार कि देर शाम कुत्ता घर के पास ही घेर के बाहर घूम रहा था। तभी अचानक घात लगाए बैठे गुलदार ने हमला कर दिया और कुत्ते को अपना निवाला बना लिया।कुत्ते की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़कर पहुंचे और शोर मचाया। तब जाकर गुलदार वहां से भाग निकला।घटना की सूचना वन विभाग को दी गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को पकड़ने व पिंजरा लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जंगल क्षेत्र से सटे गांव होने के कारण गुलदार के आने की आशंका बनी रहती है, इसलिए वन विभाग को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।फिलहाल गांव में डर का माहौल है और लोग खासकर बच्चों को अकेला बाहर न जाने की सलाह दे रहे हैं।

# गैंगस्टर गोल्डी उर्फ बबलू और पत्नी की 40.41 लाख की संपत्ति कुर्क करने के आदेश

समाज जागरण

फिरोजाबाद। गैंगस्टर एक्ट के तहत नामजद आरोपी गोल्डी उर्फ बबलू राठौर और उसकी पत्नी मधुलिका की करीब 40.41 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति कुर्क करने के आदेश जिलाधिकारी न्यायालय से जारी किए गए हैं। कार्रवाई गिरोहबंद एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 की धारा 14(1) के तहत की गई है। पुलिस अधीक्षक की रिपोर्ट और थाना फरिहा से प्राप्त प्रत्यावेदन के आधार पर जिलाधिकारी न्यायालय में प्रस्तुत वाद में बताया गया कि गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में गोल्डी उर्फ बबलू राठौर को गैंग लीडर के रूप में नामजद किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी, मारपीट और अन्य संगठित अपराधों को अंजाम देता रहा है। पुलिस रिपोर्ट में उल्लेख है कि गोल्डी राठौर ने वर्ष 2017 में अपराध की दुनिया में कदम रखा और इसके बाद विभिन्न थानों में उसके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हुए। आरोपी के खिलाफ चुनाव संबंधी अपराध, धोखाधड़ी, मारपीट, एससी-एसटी एक्ट तथा गैंगस्टर एक्ट सहित कई मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी ने वर्ष 2017 में सुहागनगर क्षेत्र में 48 वर्ग मीटर का एक मकान खरीदा था। बाद में वर्ष 2023 में उसने उक्त संपत्ति का आधा हिस्सा अपनी पत्नी मधुलिका के नाम स्थानांतरित कर दिया। पुलिस का आरोप है कि यह संपत्ति अवैध तरीके से अर्जित धन से खरीदी गई थी और कानूनी कार्रवाई से बचने के उद्देश्य से पत्नी के नाम की गई। जिलाधिकारी न्यायालय में प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार सुहागनगर स्थित 48 वर्ग मीटर के मकान के आधे-आधे हिस्से का मूल्य 20.20 लाख रुपये आंका गया है।

# बड़ौत के दोहरा हत्याकांड पर व्यापार मण्डल का मुख्यमंत्री को पत्र, 25-25 लाख मुआवजा और नौकरी की मांग

**समाज जागरण बड़ौत।**
बड़ौत नगर में 9 जून को हुए दोहरे हत्याकांड के बाद व्यापारियों में आक्रोश है। उ० प्र० उद्योग व्यापार मण्डल बागपत के जिला अध्यक्ष अभिमन्यु गुप्ता ने 18 जून 2026 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर पीड़ित परिवार को न्याय और सुरक्षा की मांग की है। पत्र के अनुसार 9 जून को कुख्यात हिस्ट्रीशीटर वरुण लुहारी ने पुरानी रंजिश में व्यापारी सोहनलाल अग्रवाल पर फायरिंग कर हत्या कर दी। इसी दौरान उसके साथियों ने सोहनलाल के पुत्र विकास अग्रवाल की दुकान पर हमला कर उसकी भी गोली मारकर हत्या कर दी। वरुण लुहारी पर हत्या, लूट, फिरौती जैसे 3 दर्जन गंभीर मुकदमे पहले से दर्ज हैं। व्यापार मण्डल ने मुख्यमंत्री से 6 मुख्य मांगें की हैं:



1. मृतक विकास अग्रवाल की गर्भवती पत्नी नेहा अग्रवाल को योग्यता के अनुसार सरकारी नौकरी दी जाए, क्योंकि परिवार में कमाने वाला कोई नहीं बचा।
2. दोनों विधवाओं को भरण-पोषण के लिए कम से कम 25-25 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए।
3. बड़ौत में व्यापारियों की सुरक्षा बढ़ाई जाए, क्योंकि हत्याकांड के बाद व्यापार वर्ग में दहशत का माहौल है।
4. आरोपियों के अवैध शस्त्र लाइसेंस तुरंत निरस्त किए जाएं।
5. हत्याकांड के सरगना वरुण लुहारी के गैंग पर गैंगस्टर एक्ट लगाकर कड़ी कार्रवाई की जाए।
6. सभी आरोपियों की मुठभेड़ कर सख्त सजा दी जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

**व्यापारियों में दहशत का माहौल**

पत्र में कहा गया है कि इस हत्याकांड के बाद बड़ौत के व्यापारियों ने अपना माहौल बिगड़ा हुआ महसूस किया है। कई व्यापारी सामान लेकर शहर छोड़ने पर मजबूर हैं। व्यापार मण्डल ने चेतावनी दी कि अगर जल्द न्याय नहीं मिला तो व्यापारी आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जीवाना के पूर्व छात्र का भारतीय वायु सेना में चयन

**समाज जागरण बागपत।**
गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जीवाना के पूर्व छात्र आदित्य तोमर निवासी ग्राम रंछाड़ जनपद बागपत का चयन भारतीय वायु सेना के अग्निवीर (वाई ग्रुप) में हुआ है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय में आयोजित एक समारोह में विद्यालय के प्रबंधक डॉ अनिल आर्य ने आदित्य तोमर को विशेष स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आदित्य की यह सफलता विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है तथा युवाओं में देशसेवा की भावना को प्रोत्साहित करेगी। इस अवसर पर



विद्यालय के निदेशक डॉ सुनील आर्य, प्रधानाचार्य पवन त्यागी, उप प्रधानाचार्य डॉ सुशील वत्स, कुणाल आर्य सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने आदित्य तोमर को भारतीय वायु सेना में चयनित होने पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके सफल एवं गौरवपूर्ण भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# रटौल चेयरमैन की सीएम योगी से मुलाकात, इंटर कॉलेज - अस्पताल सहित विकास कार्यों की रखी मांग

## लड़कियों के लिए कॉलेज, 80 बेड का अस्पताल, सामुदायिक भवन और स्टेडियम की मांग, सीएम ने दिए आश्वासन

**समाज जागरण चांदीनगर।**
रटौल नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी मुंतजिर ने शुक्रवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर रटौल के विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की। बागपत विधायक योगेश धामा भी इस दौरान मौजूद रहे। चेयरमैन ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर रटौल में इंटर कॉलेज, 80 बेड का अस्पताल, सामुदायिक भवन, लाइब्रेरी और खेल स्टेडियम की मांग रखी। मुख्यमंत्री ने रटौल में विकास कार्य कराने का आश्वासन दिया। मुलाकात के दौरान हाजी मुंतजिर ने कहा कि रटौल एक प्रसिद्ध कस्बा है, लेकिन विकास कार्यों से हमेशा वंचित रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री के सामने रटौल की प्रमुख जरूरतें रखीं। मांग की कि लड़कियों की पढ़ाई के लिए इंटर कॉलेज, गरीबों के इलाज के लिए 80 बेड का अस्पताल और सामुदायिक भवन बनाया जाए। इसके अलावा युवाओं के लिए खेल स्टेडियम और रटौल में पानी की लाइन डलवाने की व्यवस्था भी की जाए। चेयरमैन ने



कहा कि इन सुविधाओं से रटौल तरक्की करेगा और युवा पढ़-लिखकर कामयाब होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चेयरमैन की सभी बातों को गंभीरता से सुना। उन्होंने रटौल में विकास कार्य कराने का आश्वासन दिया और जल्द रटौल आने पर भी चर्चा की। सीएम ने हाजी मुंतजिर को चेयरमैन बनने पर शुभकामनाएं भी दीं। हाजी मुंतजिर ने कहा कि रटौल को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। शिक्षा और स्वास्थ्य की सुविधाएं मिलने से कस्बे की तस्वीर बदलेगी। मुख्यमंत्री से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद रटौलवासियों में खुशी का माहौल है।

# पशु-पक्षियों के पानी पीने के लिए किया मिट्टी के बर्तनों का वितरण

**समाज जागरण बागपत।**
अपनी संसद टटीरी व लोक सेवा मंच टटीरी के संयुक्त तत्वाधान में व जिलाधकारी बागपत अस्मिता लाल के पशु-पक्षी प्रेम भावना से प्रेरित त्रिदिवसीय कार्यक्रम का समापन कस्बा टटीरी स्थित पुलिया के पास नवीन मानव जय श्री राम वालों की बैठक जो अपनी संसद टटीरी के नाम से प्रसिद्ध है ,में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कस्बा टटीरी के लगभग 50 मकानो को ऐसे स्थानो के रूप में चिन्हित किया गया था जहां पर पक्षियों के पीने हेतु पानी की व्यवस्था सुचारु रूप से उपलब्ध होगी, इसके लिए अपनी संसद टटीरी व लोक सेवा मंच टटीरी के कार्यकर्तागण ने चिन्हित मकानो पर जाकर पक्षियों की पानी की व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु मिट्टी के बर्तनो का वितरण किया व कस्बा वसियों से निवेदन किया की मनुष्यों की पानी की आवश्यकता के साथ-साथ यह



हम सबकी ज़िम्मेदारी है की पशु पक्षियों के पानी इत्यादि की व्यवस्था का भी ध्यान रखे जिस से की भीषण गर्मी में पशु पक्षियों के जीवन की रक्षा की जा सके ' अपनी संसद टटीरी व लोक सेवा मंच टटीरी की आगामी योजना पक्षियों के लिए कृत्रिम घोशले व पशुओ के पीने के लिए सार्वजनिक पानी की होदियो का निर्माण कराने की है। इस अवसर पर किसान मजदूर संगठन के ज़िला सचिव आर्य मनोज, नगर अध्यक्ष विपिन ठाकुर,युवा नगर अध्यक्ष राहुल राजपूत तथा लोक सेवा मंच के अध्यक्ष कुणाल मानव सचिव शैलेश राजपूत, आदित्य आर्य ,सचिन मानव,रजत मानव, विकास मानव ,पवन ठेकेदार, रितेश मानव ,अंकित राजपूत ,रविंदर सिंह,विनोद कुमार, राहुल पूर्व सभासद इत्यादि समाज सेवी उपस्थित रहे।

# वेद ज्ञान का एकमात्र स्रोत : रवि शास्त्री

**समाज जागरण बागपत।**
गांव ढिकाना में मंजू आर्या के निवास पर यज्ञ,भजन एवं प्रवचन के साथ संपन्न हुआ। आर्य प्रतिनिधि सभा बागपत के मंत्री रवि शास्त्री ने कहा संसार में ज्ञान का एकमात्र स्रोत वेद है। वेद के ज्ञान से विश्व में शांति स्थापित की जा सकती है।आर्य समाज की विचारधारा को जिस व्यक्ति ने निष्पक्ष भाव से सुना और पढ़ा वह महर्षि दयानंद के विचारों से प्रभावित हुआ। मानवता का कल्याण करना ही सबसे बड़ा धर्म है। आर्य समाज सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध सच्चा रास्ता दिखाने वाली संस्था है। महिलाओं को वैदिक सिद्धांतों को अपनाकर अच्छी संतान का निर्माण करना चाहिए। तभी राष्ट्र अच्छी दिशा में जाएगा। वेद के मार्ग पर चलने से ही दुनिया में शांति स्थापित हो सकती है। संस्कार शिविर से प्रशिक्षित होकर गांव पहुंची पुरोहिता तन्वी आर्या ने



कहा बेटियों को संस्कारित करने से ही राष्ट्र उत्थान हो सकता है। बच्चों को संस्कारित करने की आर्य समाज ही एकमात्र कार्यशाला है। भारतीय संस्कृति बहुत विशाल है। मैं आर्य समाज से बहुत प्रभावित हूं। आर्य समाज के विचारों से ही विश्व में शांति संभव है। आज आर्य समाज की पूरे विश्व को आवश्यकता है।यज्ञ में बैठने से मुझे शांति मिलती है। इस अवसर पर हरपाल आर्य, धर्मपाल त्यागी, कपिल आर्य, योगेंद्र आर्य, युवराज चौधरी, अनुज तोमर आदि उपस्थित रहे।

# मछली पकड़ते समय जाल में फंसी डेड बॉडी:बागपत के सिसाना गांव के पास यमुना खादर में मिली लाश, पुलिस जांच में जुटी

**समाज जागरण बागपत।**
शहर कोतवाली क्षेत्र के सिसाना गांव स्थित यमुना खादर में एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। यह शव तब मिला जब कुछ निजी गोताखोर मछली पकड़ रहे थे और उनका जाल यमुना में डाला गया। निजी गोताखोर इरफान अपने तीन अन्य साथियों के साथ मछली पकड़ने के लिए यमुना खादर पहुंचे थे। जैसे ही उन्होंने अपना जाल यमुना में डाला, एक डेड बॉडी उसमें फंस गई। मछुआरों ने जब जाल बाहर निकाला तो उसमें एक युवक का शव फंसा हुआ था।

**शव की शिनाख्त के प्रयास किए**

मृतक की उम्र लगभग 31 वर्ष बताई जा रही है और उसके हाथ पर 'ओम' लिखा हुआ है। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है और शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का शुरूआती अनुमान है कि युवक यमुना किनारे नहाने आया होगा और डूबने से उसकी मौत हुई है। थाना प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि यमुना किनारे एक शव मिलने की सूचना मिली थी और उसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। निजी गोताखोर इरफान ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि युवक की मौत एक या दो दिन पहले ही हुई है।

# 580 किलो पनीर, 240 किलो क्रीम नष्ट; 5 नमूने लिए

**समाज जागरण बागपत।**

खाद्य सुरक्षा टीम ने शुक्रवार को विशेष अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए और अस्वच्छ पनीर व क्रीम को मौके पर ही नष्ट किया गया। यह कार्रवाई डीएम अस्मिता लाल के निर्देश पर सहायक आयुक्त (खाद्य) डी.पी. सिंह के मार्गदर्शन में की गई। अभियान के तहत, मेरठ से आ रही एक स्पार्क एलएस कार (DL14 CC1174) को गुराना रोड पर रोका गया। कार चालक दिलशाद (निवासी नगला कुंभा, मेरठ) था। गाड़ी में प्लास्टिक के दो ड्रमों में अस्वच्छ परिस्थितियों में 240 किलोग्राम क्रीम (अनुमानित मूल्य ₹45,600) बड़ौत ले जाई जा रही थी। मिलावट की आशंका पर क्रीम का नमूना लिया गया और शेष क्रीम को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इसी तरह, गाजियाबाद से आ रही एक पिकअप मैक्स (UP14 HT 4871) को बड़का रोड पर रोका गया। चालक अब्दुल मुतालिब (निवासी नाहली, गाजियाबाद) था। इस गाड़ी में तीन प्लास्टिक ड्रमों में 580 किलोग्राम पनीर (अनुमानित मूल्य ₹1,33,400) अस्वच्छ परिस्थि तियों में बड़ौत ले जाया जा रहा था। मिलावट की आशंका के चलते पनीर का नमूना लिया गया और शेष पनीर को भी मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, टीम ने बड़ौत स्थित जग्गी डेयरी (मिल्क कलेक्शन सेंटर) से मिश्रित दूध, बालेनी, बागपत की केशव कन्फेक्शनरी से चॉकलेट केक और धनौरा, बागपत की भोपाल स्वीट्स से कलाकंद का विधिक नमूना भी लिया। संग्रहित सभी नमूनों को जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में सहायक आयुक्त (खाद्य) डी.पी. सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार, और खाद्य सुरक्षा अधिकारी यज्ञदत्त आर्य व निधि रानी शामिल थे।

# जमानत पर छूटे आरोपियों पर घर में घुसकर हमला : छपरौली में पीड़ित ने एसपी से कार्रवाई की मांग की

**समाज जागरण बागपत।**

छपरौली थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने जमानत पर छूटे आरोपियों पर घर में घुसकर हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक बागपत को शिकायती पत्र सौंपकर मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि आरोपियों ने परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। पट्टी जगमाल निवासी राजीव पुत्र रामपाल ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि वर्ष 2021 में उनके चाचा के बेटे गुलाब उर्फ कोनी की हत्या हुई थी। इस हत्या के मामले में दर्ज मुकदमा वर्तमान में न्यायालय में अंतिम चरण में है, जिसमें राजीव और उनके परिजन प्रमुख गवाह हैं। राजीव के अनुसार, हत्या के मुकदमे में नामजद आरोपी मुन्ना उर्फ धनपाल और उसके परिजन जमानत पर रिहा होने के बाद 12 जून 2026 को शाम करीब साढ़े चार बजे उनके घर पहुंचे। आरोपियों ने परिवार पर मुकदमे में अपने पक्ष में फैसला करने का दबाव बनाया। जब परिवार ने आरोपियों की बात मानने से इनकार कर दिया, तो उन्होंने कथित तौर पर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस हमले में राजीव के परिवार के कई सदस्य घायल हो गए। आरोपियों ने घर में रखी ईंटों से भी पथराव किया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। राजीव का आरोप है कि घटना के बाद वह घायलों को लेकर छपरौली थाने पहुंचे थे, जहां पुलिस ने घायलों का उपचार तो कराया, लेकिन अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। पीड़ित राजीव ने पुलिस अधीक्षक से मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज करने, आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। इस पूरे मामले पर अब पुलिस प्रशासन की आगामी कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है।


## सूचना

मैं अपनी पत्नी शाहिरा और लड़के नवाजिश को उनके गलत आचरण के कारण उनको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ।

**शहजाद पुत्र हनीफ**
**निवासी बडौली रोड कस्बा बड़ौत थाना व तहसील बड़ौत जिला बागपत।**


# *जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधि छात्र-छात्राओं के साथ संवाद सत्र संपन्न।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**
फिरोजाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद में चल रहे इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत विधि महाविद्यालयों से आए विधि छात्र-छात्राओं के साथ जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद डॉ. बब्बू सारंग द्वारा एक प्रेरणादायी संवाद सत्र आयोजित किया गया। संवाद सत्र के दौरान जनपद न्यायाधीश ने छात्र-छात्राओं को न्यायिक व्यवस्था, विधिक सेवा संस्थाओं की भूमिका, निःशुल्क विधिक सहायता की आवश्यकता तथा समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के योगदान के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को विधि व्यवसाय में नैतिक मूल्यों, संवेदनशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व से भी अवगत कराया। अध्यक्ष ने



विद्यार्थियों को अपने अध्ययन काल का सदुपयोग करते हुए व्यावहारिक विधिक ज्ञान अर्जित करने तथा समाज के जरूरतमंद व्यक्तियों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं द्वारा न्यायिक सेवा, अधिवक्ता व्यवसाय एवं विधिक सहायता कार्यक्रमों से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गए, जिनका अध्यक्ष द्वारा विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया। इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फिरोजाबाद सुश्री योगेश शिवा द्वारा भी छात्र-छात्राओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा इंटर्नशिप कार्यक्रम के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। संवाद सत्र में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कार्यक्रम को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया।

# जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने एमआरएफ सेंटर कुतुबपुर चनौरा का किया औचक निरीक्षण।

## कूड़े के विशाल ढेर देखकर भड़के जिलाधिकारी, कार्यदायी संस्था मुस्कान इंटरप्राइजेज को लगाई कड़ी फटकार।

**डीजल इंजन की जगह तत्काल ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली से मशीनें चलाने के दिए निर्देश, ताकि कूड़े का निस्तारण तेजी से हो सके। वेस्ट-टू-कंपोस्ट प्लांट से बनने वाली खाद की बेहतर पैकेजिंग कर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बेचने की हिदायत।**

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**
फिरोजाबाद जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने आज नगर आयुक्त के साथ कुतुबपुर चनौरा स्थित मेटीरियल रिकवरी फैसिलिटी (एम0आर0एफ0) सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां संचालित 100 टीडीपी क्षमता वाले वेस्ट टू कंपोस्ट प्लांट की जमीनी हकीकत को देखा, जहां संपूर्ण जिले भर के कूड़े की रीसाइकलिंग की जाती है। इस प्लांट की कार्यदायी संस्था मुस्कान इंटरप्राइजेज है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को केंद्र पर जगह-जगह कूड़े के विशाल ढेर जमा दिखाई दिए। इस अव्यवस्था और सुस्त कार्यप्रणाली को देखकर जिलाधिकारी ने अत्यंत नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि इस संपूर्ण कूड़े का शीघ्रातिशीघ्र (जल्द से जल्द) निस्तारण किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जब



जिलाधिकारी ने निस्तारण की धीमी गति का कारण पूछा, तो कार्यदायी संस्था के प्रमुख ने अवगत कराया कि कूड़े को अलग और प्रोसेस करने के लिए जो मशीनें चलाई जा रही हैं, वे फिलहाल डीजल इंजन से संचालित हैं, जिससे गति धीमी है। इस पर जिलाधिकारी ने मौके पर ही निर्देश दिए कि प्लांट परिसर में तत्काल नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया जाए। डीजल इंजन के प्रयोग को बंद कर विद्युत (बिजली) का उपयोग किया जाए, जिससे मशीनें पूरी क्षमता से चल सकें। रीसाइकलिंग कार्य में तेजी लाकर स्थानीय लोगों को जल्द से जल्द दुर्गंध और प्रदूषण से राहत प्रदान की जाए। कूड़े से बनाई जा रही ऑर्गेनिक खाद (कंपोस्ट) का सही उपयोग सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त और संस्था को विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कूड़े से बन रही खाद को समुचित तरीके से पैक (पैकेजिंग) किया जाए।

इसे आम जनता और किसानों के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म (जैसे ई-कॉमर्स साइट्स) पर उपलब्ध कराया जाए, ताकि लोग आसानी से इसका उपयोग कर सकें और कचरे से कंचन बनाने का उद्देश्य पूरी तरह सफल हो। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त प्रशान्त नागर सहित संबंधित विभागों के प्रशासनिक अधिकारी और कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी के जन्मदिवस पर 251 मरीजों को किए गए फल वितरण।

समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह
फिरोजाबाद। जननायक राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला अस्पताल में 251 रोगियों को फल वितरण किया गया तथा रामबाबू मैरिज होम पर राहगीरों को शरवत पिलाया गया ' इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने राहुल गाँधी को जन्मदिन की शुभकामनायें , दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुये कहा कि वर्तमान में देश के गरीबों , किसानों , व्यापारियों , छात्रों , बेरोजगारों एवं



नोजवानो के लिये उम्मीद बनकर उभरे राहुल गाँधी सभी के चहेते बन गये हैं उनकी लम्बी आयु की सभी कामना करते हैं ' उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में कांग्रेसियों द्वारा 251 रोगियों को फल वितरण किये गये और राहुल जी की दीघार्यु तथा रोगियों के स्वास्थ लाभ की कामना की गईं तथा रामबाबू मैरिज होम पर राहगीरों को शरबत पिलाया गया ' कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव , सीएमएस डॉ. नवीन जैन , जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह यादव , जितेंद्र तिवारी , दिनेश उपाध्याय , लक्ष्मी प्रकाश , गुलाम जिलानी , मो. सलीम सिद्दीगी , जिला महामंत्री शांति दास शंखवार , किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय यादव , सेवादल जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव , सोशल मीडिया प्रभारी संदीप कुमार , व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा , दिलीप यादव , बिट्टू यादव , संजय रावत , कल्याण सिंह यादव , रामप्रवेश यादव , श्रीकांत सविता , संजू शंखवार आदि कांग्रेसी मौजूद रहे '

# पावनी जैन ने साइंस घर में एयर पॉल्युशन क्लीनर मॉडल से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश।

**समाज जागरण**
सिरसागंज। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के तत्वा धान में समर में जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जनपद में प्रथम बार साइंस घर कार्यक्रम का आयोजन निःशुल्क रूप से जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर किया जा रहा है। जिसमें 19 वें दिवस पर डिवाइन इंटरनेशनल एकेडमी, सिरसागंज की कक्षा 8 की छात्रा कु पावनी जैन ने अपने एयर पॉल्युशन क्लीनर के प्रस्तुतिकरण में बताया कि इस मॉडल का निर्माण बढ़ते वायु प्रदूषण और कचरा प्रबंधन की समस्या के समाधान के उद्देश्य से किया गया है। इसमें यह प्रदर्शित किया गया है कि वाहनों से निकलने वाले अत्यधिक धुएँ को एक स्वचालित यंत्र की सहायता से खींचकर उसमें उपस्थित कार्बन कणों को अलग कर एकत्रित किया जा सकता है। एकत्रित कार्बन का उपयोग इंक, स्याही तथा अन्य उपयोगी पदार्थों के निर्माण में किया जा सकता है। जिससे प्रदूषण कम होने के साथ-साथ अपशिष्ट का पुनः उपयोग भी संभव हो सके। इसके अतिरिक्त इस मॉडल में कचरे से ऊर्जा उत्पादन की प्रक्रिया को भी दशार्या गया है। कचरे को नियंत्रित तरीके से जलाने पर उत्पन्न ऊष्मा एवं ऊर्जा का उपयोग सोलर पैनलों की सहायता से विद्युत



ऊर्जा में परिवर्तित करने का प्रयास किया गया है। इससे एक ओर कचरे का उचित निस्तारण होता है, वहीं दूसरी ओर वैकल्पिक ऊर्जा का उत्पादन भी संभव होता है। यह मॉडल स्वच्छ पर्यावरण, प्रभावी कचरा प्रबंधन तथा ऊर्जा संरक्षण की दिशा में एक अभिनव और उपयोगी पहल प्रस्तुत करता है। अश्वनी कुमार जैन ने पावनी जैन के एयर पॉल्युशन क्लीनर मॉडल के नवाचार अभिनव प्रयास की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि साइंस घर में प्रतिदिन विद्यार्थी अपने नवाचार मॉडलों का प्रस्तुतिकरण कर रहे हैं। इस अवसर पर साइंस घर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# पूर्व चेयरमैन ने मौजूदा चेयरमैन, उसके पति ओर ईओ पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

**समाज जागरण**

शामली। (फुरकान जंग)पूर्व चेयर मैन दीपा पंवार ने शुक्रवार को नगर पंचायत एलम की चेयरमैन रीना, उनके पति अश्विनी तथा अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप के खिलाफ भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितताओं और सरकारी धन के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगाए है। उन्होने अधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को शहर के हनुमान रोड स्थित एक रेस्तरां में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व चेयरमैन दीपा पंवार ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा सीमा क्षेत्र से बाहर स्वागत द्वार,



सेल्फी प्वाइंट और अन्य निर्माण कार्य कराकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया। आरोप है कि कई निर्माण कार्य नगर पंचायत क्षेत्र से बाहर कराए गए हैं, जबकि नियमों के अनुसार ऐसा नहीं किया जा सकता। शिकायतकताओं ने इन कार्यों की जांच कर सरकारी धन की रिकवरी की मांग की है। कहा कि नगर पंचायत द्वारा लगाए गए स्वागत द्वारों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर चेयरमैन पति के फोटो लगाए गए हैं, जो सरकारी धन से व्यक्तिगत प्रचार-प्रसार का मामला है। इसके अलावा निर्माण कार्यों में मानकों की अनदेखी, घटिया सामग्री के उपयोग तथा निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरतने के आरोप भी लगाए गए हैं। शिकायतकताओं का आरोप है कि तालाब, पशुचर और अन्य सार्वजनिक भूमि पर अवैध निर्माण कराए गए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभार्थियों से कथित रूप से धन वसूली करने, सामग्री खरीदने के लिए दबाव बनाने तथा नगर पंचायत के वाहनों के निजी उपयोग के आरोप भी शिकायत में शामिल हैं। बताया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वालों पर फर्जी मुकदमे दर्ज कराए जाते हैं। पूर्व सभासदों और अन्य स्थानीय लोगों के खिलाफ दर्ज मामलों का हवाला देते हुए शिकायतकताओं ने इसे विरोध की आवाज दबाने का प्रयास बताया है। साथ ही आरटीआई के तहत मांगी गई सूचनाएं उपलब्ध न कराने का आरोप भी अधिशासी अधिकारी पर लगाया गया है। उन्होने नगर पंचायत के वित्तीय अधिकार सीज करने, सरकारी धन की रिकवरी कराने तथा पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस अवसर पर ओमवीर सिंह, डॉ. दीपा पवार, पूर्व सभासद सोनू पवार और बालकिशन मौजूद रहे।

# प्रोफेसर आरके सिंह को बनाया कृषि संकाय का अध्यक्ष

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) सीसीआर पीजी कॉलेज मुजफ्फरनगर के हॉर्टिकल्चर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आरके सिंह को मां शाकुंभरी विश्व विद्यालय सहारनपुर का कृषि संकाय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर शिक्षा एवं कृषि जगत में खुशी की लहर है।



प्रोफेसर आरके सिंह कृषि शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में लंबे समय से कार्यरत हैं। उन्होंने अपने शैक्षणिक अनुभव, शोध कार्यों और प्रशासनिक दक्षता से विशेष पहचान बनाई है। उनकी नियुक्ति से विश्वविद्यालय में कृषि शिक्षा और शोध गतिविधियों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।नियुक्ति पर प्रो. आर.के. सिंह ने कहा कि वह अपने दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे। उनका लक्ष्य कृषि शिक्षा, अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्टता स्थापित करना तथा विद्यार्थियों और शोधार्थियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि पद की गरिमा बनाए रखने के साथ-साथ कृषि संकाय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। प्रो. सिंह ने अपनी उपलब्धि पर सहयोगियों, वरिष्ठजनों और शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया। उनकी नियुक्ति पर शिक्षाविदों, सहकर्मियों एवं क्षेत्र के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# सहारनपुर मेरठ मंडल के शिक्षक प्रत्याशी का भव्य स्वागत

**समाज जागरण**

शामली। सत्यनारायण इंटर कॉलेज में शुक्रवार को सहारनपुर-मेरठ मंडल के शिक्षक प्रत्याशी श्रीचंद शर्मा का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।




कार्यक्रम में कॉलेज के संरक्षक ब्रजभूषण संगल, अध्यक्ष सुशील कुमार गर्ग, प्रबंधक राजीव संगल, प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा तथा अरविंद कुमार गर्ग ने एमएलसी श्रीचंद शर्मा को माल्यार्पण कर स्वागत किया। श्रीचंद शर्मा ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र के भविष्य का निमार्ता होता है। देश के लिए श्रेष्ठ नागरिकों के निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र के शिक्षक सदैव शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहे हैं तथा श्री सत्यनारायण इंटर कॉलेज का उन्हें हमेशा सहयोग मिलता रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए वे लगातार प्रयास रत हैं। कई समस्याओं का निस्तारण शासन स्तर पर कराया जा चुका है और भविष्य में भी शिक्षक निःसंकोच होकर अपनी समस्याएं उनके समक्ष रख सकते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिक्षकों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए वह हर समय तैयार रहेंगे। कार्यक्रम में सतीश आत्रेय, घनश्याम सारस्वत, अनिल कुमार कश्यप, फूल कुमार, मोहित मित्तल, अरविंद कुमार, हरीश नामदेव, लोकेश वर्मा मौजूद रहे।

## देवी उमरा कौर वैदिक इंटर कॉलेज बालिका शाखा में योग एवं आरोग्य सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन

**समाज जागरण शामली**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में देवी उमरा कौर वैदिक इंटर कॉलेज बालिका शाखा बनत में शुक्रवार को योग एवं आरोग्य सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को योग के महत्व और स्वास्थ्य लाभों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रधानाचार्य डॉ. देवेंद्र पाल राणा योगाचार्य रहे। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि तन, मन और आत्मा को जोड़ने की एक महत्वपूर्ण विद्या है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति स्वस्थ, अनुशासित और एकाग्रचित्त बनता है। इस दौरान उन्होने ने छात्राओं को ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, शशांकासन और भुजंगासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। साथ ही भस्त्रिका, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, उद्गीत तथा ध्यान योग जैसी प्राणायाम विधियों की भी जानकारी दी और उनका अभ्यास कराया। कार्यक्रम में शिक्षिकाएं सुषमा, अनीता, दीपा, पूजा तथा राजिल उपस्थित रहे।

# ई रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में चौथे दिन भी धरना जारी

**समाज जागरण**

शामली। (फुरकान जंग) प्रदेश सरकार की प्रस्तावित ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में अधिवक्ताओं, डीड राइटर्स और स्टाम्प वेंडरों का आंदोलन शुक्रवार को चौथे दिन भी जारी रहा। न्यायिक कार्यों के बहिष्कार और बैनामा कार्य बंद रहने से जनपद की तीनों तहसीलों में रजिस्ट्री एवं संपत्ति पंजीकरण का काम पूरी तरह ठप रहा। वकीलों का कहना है कि अब तक प्रशासन या शासन की ओर से कोई भी अधिकारी वार्ता अथवा समझौते के लिए नहीं पहुंचा है। शुक्रवार को भी तहसील परिसर में वकीलों के चौंबर बंद रहे और उपनिबंधक कार्यालय के बाहर धरना जारी रहा। आंदोलन के चलते बैनामा, रजिस्ट्री और अन्य न्यायिक कार्य प्रभावित रहे, जिससे फरिया दियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं का दावा है कि हड़ताल के कारण जनपद की तीनों तहसीलों में प्रतिदिन एक करोड़ रुपये से अधिक के राजस्व का नुकसान हो रहा है। धरने पर बैठे अधिवक्ताओं ने कहा कि प्रस्तावित ई-रजिस्ट्री व्यवस्था लागू होने से वकीलों, दस्तावेज लेखकों और स्टाम्प विक्रेताओं के रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उनका आरोप है कि सरकार संबंधित पक्षों से व्यापक चर्चा किए बिना पेपरलेस व्यवस्था लागू करने की तैयारी कर रही है। अधिवक्ताओं ने मांग की कि ई-रजिस्ट्री प्रणाली लागू करने से पहले बार एसोसिएशन, डीड राइटर्स और स्टाम्प वेंडरों के प्रतिनिधियों से वार्ता कर उनकी आपत्तियों और सुझावों पर विचार किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों का समाधान नहीं होगा, तब तक आंदोलन अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा और आवश्यकता पड़ने पर इसे और उग्र किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बिजेंद्र कुमार एडवोकेट, सत्येंद्र कुमार शर्मा, राकेश कुमार शर्मा, प्रदीप पंवार, रामकुमार वर्मा, ब्रह्मपाल सैनी, राजीव सहरावत, संजीव कुमार, रामगोपाल सहरावत तथा हरपाल सिंह, राजकुमार और राकेश गोयल मौजूद रहे।

# शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर बीएसए से मुलाकात

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर शुक्रवार को शिक्षक संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला संयोजक बृजेश शर्मा के नेतृत्व में बीएसए से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षक-शिक्षिकाओं की तीन जटिल सम स्याओं के निस्तारण की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।



प्रतिनिधिमंडल ने बीएसए को अवगत कराया कि जनपद के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं लंबे समय से कुछ महत्वपूर्ण समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जिनका शीघ्र समाधान आवश यक है। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद बीएसए ने तीनों मांगों का अवलोकन किया और उन्हें उचित बताते हुए शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। बीएसए ने कहा कि संगठन द्वारा उठाई गई समस्याएं महत्वपूर्ण हैं और नियमानुसार उनका समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर बालकृष्ण शर्मा, टीसी शुक्ला, मांगे सिंह चौहान, सत्यपाल सिंह, विजय मलिक, विक्रम सिंह, कुलदीप कुमार, नदीश शर्मा, सुदेश, अनुज कुमार, संजीत कुमार, अमित कुमार,

# कृषि भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप, डीएम को शिकायत

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

कैराना क्षेत्र की कृषि भूमि पर कथित अवैध कब्जे से परेशान एक परिवार ने डीएम को प्रार्थना पत्र सौंपकर भूमि कब्जामुक्त कराने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो उन्हें इच्छामृत्यु की अनुमति दी जाए। मुजफ्फरनगर के मोहल्ला लद्दावाला निवासी सोमती देवी, गोपाल और श्यामसुंदर ने डीएम को दिए ज्ञापन में बताया कि उनकी कृषि भूमि ग्राम गोगवान और बधुपुरा में स्थित है। भूमि से संबंधित दाखिल-खारिज का मामला वर्तमान में तहसीलदार कैराना के समक्ष विचाराधीन है। आरोप है कि वे पिछले लगभग 50 वर्षों से भूमि विवाद को लेकर कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं और विभिन्न स्तरों पर उनके पक्ष में निर्णय भी हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें जमीन का कब्जा नहीं मिल पाया है। आरोप लगाया गया है कि कुछ लोगों ने उनकी भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है तथा कब्जा हटाने की मांग करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी जाती है। परिवार का कहना है कि मुकदमेबाजी में उन पर भारी आर्थिक बोझ पड़ चुका है और वे किराये के मकान में रहने को मजबूर हैं। बताया कि स्थानीय प्रशासन की ओर से उन्हें अपेक्षित न्याय नहीं मिल रहा है।

उन्होंने डीएम से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग की है। साथ ही कहा है कि यदि उन्हें न्याय दिलाना संभव नहीं है तो उन्हें इच्छामृत्यु की अनुमति प्रदान की जाए।

# धार्मिक शब्द लिखी फुटबालों को पुलिस ने लिया कब्जे में, स्टॉक कराया वापस

**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

जमीअत उलमा-ए हिन्द के पदा धिकारियों द्वारा धार्मिक शब्द लिखी फुटबॉल मार्किट में बेचने की शिकायत कर संज्ञान लेते हुए कोतवाली पुलिस ने सभी फुटबॉल को कब्ज करते हुए सभी स्टॉक वापस करा दिया है। साथ ही दुकानदार को धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली प्रतिबंधित वस्तुओं को भविष्य में बेंचे जाने पर सख्त चेतावनी दी है। गत गुरूवार को जमीअत उलेमा-ए हिन्द के पदाधिकारियों ने मौलाना साजिद कासमी के साथ डीएम आलोक यादव को एक शिकायती पत्र देकर बताया था कि शहर के कबाड़ी बाजार स्थित फव्वारा चौक के निकट एक दुकान पर ऐसे फुटबॉल बिक्री के लिए उपलब्ध हैं, जिन पर धार्मिक शब्द अंकित हैं। उनका कहना है कि फुटबॉल खेल के दौरान पैरों से मारी जाती है, ऐसे में किसी भी धर्म के पवित्र शब्दों अथवा धार्मिक प्रतीकों का खेल सामग्री पर अंकित होना संबंधित समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत कर सकता है। उन्होने बिक्री पर नियमानुसार रोक लगाने की मांग की गई थी। जिसका संज्ञान लेते हुए कोतवाली पुलिस ने डीएम के आदेश पर उक्त दुकान की जांच की, जहां उक्त फुटबॉल पाई गई। सभी फुटाबॉल को

कब्जे में लेकर कोतवाली पुलिस ने भविष्य में ऐसी प्रतिबंधित वस्तुओं को बेचे जाने पर कार्यवही करने की चेतावनी दी है। साथ ही दुकानदार ने भी अपना सभी स्टॉक कंपनी को वापस कर दिया है।

# गविष्टि यात्रा के तहत शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पहुंचे शामली

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) गौ संरक्षण एवं सनातन धर्म जागरण के उद्देश्य से देशभर में निकाली जा रही गविष्टि यात्रा के तहत शुक्रवार को ज्योतिष पीठाधीश्वर एवं द्वारका-शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश वरानंद सरस्वती शामली पहुंचे। मेरठ से शामली आगमन पर विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद करनाल रोड स्थित एमएस फार्म में आयोजित धर्मसभा में उन्होंने हजारों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गौ माता की रक्षा, सनातन धर्म की रक्षा तथा हिंदू समाज की एकजुटता का आह्वान किया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए शंकराचार्य ने कहा कि गविष्टि



यात्रा का उद्देश्य केवल यात्रा निकालना नहीं, बल्कि समाज में गौ संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करना है। उन्होंने कहा कि गविष्टि का अर्थ ही गौ रक्षा के लिए किया गया अभियान है। गौ माता भारतीय संस्कृति, कृषि व्यवस्था और सनातन परंपरा की आधारशिला हैं। इसलिए प्रत्येक सनातन धर्मावलंबी का कर्तव्य है कि वह गौ सेवा एवं गौ संरक्षण के लिए आगे आए। उन्होंने कहा कि गाय केवल एक पशु नहीं, बल्कि भारतीय जीवन दर्शन का अभिन्न अंग है। प्राचीन काल से ही गौ माता को पूजनीय माना गया है और उनके संरक्षण से समाज, पर्यावरण तथा मानव जीवन का कल्याण जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि आज आवश यकता इस बात की है कि गौ संरक्षण को जन आंदोलन का रूप दिया जाए और इसके लिए समाज का प्रत्येक वर्ग अपनी भूमिका निभाए। उन्होने कहा कि गौतामा को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिए उन्होने राज्य और केन्द्र दोनों सरकारों से मांग की, लेकिन उन्होने अगली बार और अगली बार सरकार बनने पर बात को टाल दिया, जिसके बाद उन्होने यात्रा निकालने का फैसला लिया। कहा कि आज दुनिया भारत गौमाता के मास का निर्यात करने में दूसरे नंबर है। जो चिंताजनक है। शंकराचार्य ने कहा कि गौ रक्षा और धर्म रक्षा एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि सनातन संस्कृति को मजबूत बनाना है तो समाज को संगठित होकर कार्य करना होगा। उन्होंने सभी सनातनियों से जाति, क्षेत्र और भाषा के भेदभाव से ऊपर उठकर धर्म एवं संस्कृति की रक्षा के लिए उसकी को वोट देने का आहवान किया तो गौरक्षा के लिए कार्य कर सके। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को हिंदू धर्म, भारतीय संस्कृति और गौ माता की रक्षा के लिए संकल्प एवं शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर ओमप्रकाश शर्मा, पंडित प्रेम किशोर कोठारी, देवानंद गौड, दिनेश पाठक, जितेन्द्र शर्मा, प्रवीन तरार, सुधीर पंवार आदि मौजूद रहे।

# वलीमे की दावत में बनवाया गोमांस, दूल्हा व मामा गिरफ्तार

-रेतावाला में मैरिज होम में वलीमे की दावत के लिए बनाए गए थे खाना के 40 भगौने

-दहेज में मिली नई स्कार्पियो गाड़ी में भरकर लाया गया था गोमांस

**समाज जागरण**

कैराना।(फुरकान जंग) पुलिस ने जंगल में गोकशी की सूचना पर छापेमारी की। जहां से गोवंश के अवशेष बरामद हुए। जांच के बाद पुलिस ने मैरिज होम में कार्रवाई की। जहां वलीमे की दावत के लिए गोमांस बनवाया गया था। मौके से दूल्हा व उसके मामा को गिरफ्तार कर लिया गया। गुरुवार रात करीब पौने नौ बजे एसआई गौरव चौहान पुलिस टीम के साथ खुरगान पुल के नीचे चैकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि गांव खुरगान के जंगल में यमुना के किनारे मोहसीन के ट्यूबवेल के पास कुछ अज्ञात गोकशों ने गोकशी कर रखी है और गोमांस को एक काले रंग की स्कार्पियो में भरकर कैराना की तरफ ले गए और अवशेष खाली पड़े बोरिंग के गड्ढे में डाल रखे हैं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पर ट्यूबवेल के पास से गोवंश के अवशेष व खाल बरामद की। इसके बाद पशु चिकित्सक ने गोमांस के नमूने लेकर जांच के लिए भेज दिए। अवशेषों को गड्ढे में दबवा दिया गया। बाद में पुलिस ने मोहल्ला रेतावाला स्थित मुगल गार्डन मैरिज होम में छापेमारी की। बताया जा रहा है कि मैरिज होम में वलीमे की दावत के लिए करीब 40 भगौने खाना तैयार किया गया था, जिनमें गोमांस का प्रयोग किया गया था। मौके से दूल्हा फरमान व उसके मामा सलमान निवासीगण मोहल्ला छड़ियान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने खाने को गड्ढे में दबवा दिया। स्कॉर्पियो कार को भी कब्जे में लिया। बताया जा रहा है कि स्कार्पियो गाड़ी को दूल्हे फरमान को दहेज में मिली थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने बताया कि जिस मैरिज होम में गोमांस से खाना तैयार किया गया था, उसके संचालक हाजी अनीस का नाम भी शामिल किया गया है। इसके अलावा खुरगान रोड निकट चांद मस्जिद निवासी शौकत गुज्जर व मोहल्ला रेतावाला निवासी साबू कुरैशी फरार है, जिनकी तलाश की जा रही है।

## फरमान की चंडीगढ़ में है कपड़े की दुकान

**समाज जागरण**

कैराना। अपनी शादी की खुशी में वलीमे की दावत के खाने में गोमांस का इस्तेमाल करने वाले फरमान की पंजाब के चंडीगढ़ में कपड़े की दुकान बताई गई है। जहां से वह अपनी शादी के चलते कुछ दिन पहले कैराना वापस लौटा था।

## 16 जून को फरमान की गई थी बारात

**समाज जागरण**

कैराना। 16 जून को फरमान की मोहल्ले में ही व्यक्ति के यहां बारात गई थी। बारात का कार्यक्रम शामली रोड स्थित एक बारात घर में कराया गया था। 18 जून की शाम को फरमान ने अपनी शादी की खुशी में वलीमे की दावत का कार्यक्रम किया था।

## स्कॉर्पियो के पहिये के निशान से पहुंची पुलिस

**समाज जागरण**

कैराना। पुलिस को गौकशी स्थल से नई स्कॉर्पियो कार में गोमांस ले जाए जाने की सूचना मिली थी। पुलिस के पहुंचने से पहले ही स्कॉर्पियो जा चुकी थी। इसके बाद पुलिस ने खेत के आसपास स्कॉर्पियो के पहिये के निशान देखे, जिसके बाद पुलिस मैरिज होम तक पहुंच सकी।

# भाभी समेत कई लोगों पर मारपीट का आरोप, मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र की जन्नत कॉलोनी निवासी एक महिला ने अपनी भाभी समेत परिवार के कई अन्य लोगों पर मारपीट और प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र की जन्नत कॉलोनी निवासी रुबीना पुत्री हमीद का आरोप है कि उसकी भाभी आए दिन उसके साथ गाली-गलौज और मारपीट करती है। आरोप है कि जब उसकी मां इसका विरोध करती हैं तो भाभी अपने परिवार के अन्य लोगों को बुलाकर उनके साथ भी मारपीट कर घर से निकालने की धमकी देती है।पीड़िता का कहना है कि उसने पूर्व में कई बार पुलिस से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई। परेशान होकर शुक्रवार को पीड़िता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# पिता की संपत्ति में हक मांगने पर बहन व उसके परिवार पर धोखाधड़ी और धमकी देने का आरोप

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ीदौलत निवासी दो सगी बहनों ने अपनी ही बहन, उसके पति और पुत्र पर पिता की संपत्ति में धोखाधड़ी कर कब्जा करने, बैंक खाते से धनराशि निकालने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गांव गढ़ीदौलत निवासी इसराना और अफसाना पुत्री मरहूम यासीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके पिता की तीन पुत्रियां थीं और कोई पुत्र नहीं था। तीनों बहनों का पिता की चल एवं अचल संपत्ति पर कानूनी अधिकार है। आरोप है कि उनकी बहन फुरकाना पत्नी इमरान निवासी गांव भूरा, थाना कैराना ने पिता को विश्वास में लेकर उनके पास रखे करीब दो तोला सोने-चांदी के जेवरात और करीब पांच लाख रुपये की नकदी अपने कब्जे में कर ली।पीड़िता का आरोप है कि पिता की मृत्यु के बाद बैंक शाखा में जमा करीब एक लाख 71 हजार रुपये की धनराशि भी उसकी बहन ने अपने पति इमरान और पुत्र



जुबैर के साथ मिलकर धोखाधड़ी से निकाल ली। इसके अलावा कैराना भूरा बाईपास स्थित 73 वर्ग गज के प्लाट तथा गांव गढ़ीदौलत स्थित पैतृक मकान पर भी अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है।पीड़ित बहनों का कहना है कि जब उन्होंने अपने हिस्से की संपत्ति की मांग की तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।पीड़िता ने पुलिस से मामले की जांच कर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## देवर, ननद और भांजे पर महिला से मारपीट व गला दबाने का आरोप

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के कस्बा एलम के मोहल्ला ज्वाहर नगर निवासी एक विवाहित महिला ने अपने देवर, ननद और भांजे पर मारपीट करने तथा गला दबाकर जान से मारने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। शुक्रवार को थाना क्षेत्र के कस्बा एलम के मोहल्ला ज्वाहर नगर बड़ी मस्जिद के पास रहने वाली महिला रेशमा पत्नी मोहम्मद हुसैन ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसका पति हरियाणा के गुड़गांव में कार्य करने के लिए गया हुआ घर पर अकेली थी।गुरुवार की शाम करीब सात बजे वह अपने घर में घरेलू कार्य कर रही थी। आरोप है कि उसी दौरान उसका देवर गुलफाम पुत्र जमील, ननद शाहिरां पत्नी महताब तथा उनका पुत्र समीर उसके घर पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया।पीड़िता का कहना है कि उसने किसी तरह अपनी जान बचाई। उसने आरोप लगाया कि आरोपी पहले भी कई बार उसके साथ मारपीट कर चुके हैं, लेकिन पारिवारिक विवाद को देखते हुए वह चुप रही। अब दोबारा घटना होने के बाद उसने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।थाना प्रभारी निरक्षक सतीश कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# परचून की दुकान का ताला तोड़कर हजारों की नकदी व सामान चोरी

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली में चोरों ने देर रात एक परचून की दुकान को निशाना बनाते हुए दुकान का ताला तोड़ दिया और अंदर रखी हजारों रुपये की नकदी सहित कीमती सामान चोरी कर फरार हो गए। सुबह घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों की मौके पर भीड़ जमा हो गई। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई की मांग की है।थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली निवासी अरशद उर्फ भूरा गांव में परचून की दुकान चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। रोजाना की तरह वह रात में दुकान बंद कर अपने घर चले गया था। देर रात चोरो दुकान का ताला तोड़कर दुकान में रखे सामान को खंगालते हुए गल्ले में रखी करीब सात हजार रुपये की नकदी, कोल्ड ड्रिंक की दो पेटियां और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया।शुक्रवार सुबह जब दुकानदार दुकान खोलने के लिए पहुंचा तो ताला टूटा था और सामान बिखरा पड़ा था और गल्ले से नकदी गायब थी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई।पीड़ित ने घटना की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों मे चोरो की तलाश की।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि चोरी की सूचना प्राप्त हुई है। पुलिस जांच कर रही है। जल्द ही घटना का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बॉल लगने पर पिता-पुत्र ने 12 वर्षीय किशोर को पीटा, घायल

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में बैट-बॉल खेल रहे 12 वर्षीय किशोर के साथ पड़ोस के पिता-पुत्र ने मारपीट कर गांधी रूप से घायल कर दिया। मारपीट में घायल किशोर का अस्पताल में उपचार कराकर परिजनों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र केगांव गंगेरू निवासी सलमान ने बताया कि उसका 12 वर्षीय भाई अली घर के बाहर बैट-बॉल खेल रहा था। इसी दौरान खेलते समय गेंद पड़ोस के एक व्यक्ति को लग गई। आरोप है कि इससे नाराज होकर पड़ोसी ने अपने पुत्र के साथ मिलकर अली के साथ गाली-गलौज की और डंडों से मारपीट कर उसे घायल कर दिया। इतना ही नहीं आरोपी ने उसे कई बार जमीन पर भी पटक दिया। शौर-शराबा होने पर ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए आरोपी पिता पुत्र जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।परिजन घायल किशोर को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसका चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। इसके बाद परिजनों ने थाने पहुंचकर आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ थिने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। मामले की जांच की जा रही है, जांच के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# अधिकारी आमजन की शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर करें सुनिश्चित: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

## - मुख्यमंत्री की नायब कार्यशैली बनी चर्चा का विषय, शिकायतकर्ताओं को लगाया फोन

- मुख्यमंत्री ने सिरसा में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक ली
- बैठक में शिकायतों की मुख्यमंत्री ने की सुनवाई, अधिकारियों को दिए विशेष निर्देश




हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी सिरसा में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए। साथ में हैं ओडिशा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल और उपायुक्त, सिरसा श्री शांतनु शर्मा व अन्य गणमान्य। (19.06.2026)

**समाज जागरण**
**सिरस/कालांवाली**
**19 जून (सुरेश जोरासिया)**

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और आमजन की शिकायतों के प्रति उनकी संवेदनशीलता सिर्फ औपचारिक नहीं, बल्कि वास्तविक और सक्रिय है। सिरसा में आयोजित जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहां मुख्यमंत्री ने न केवल शिकायतों को गंभीरता से सुना बल्कि मौके पर ही फोन पर संवाद कर मामलों की गहराई से जानकारी ली और तुरंत निर्णय भी दिए। बैठक के दौरान दो ऐसे मामले सामने आए जिनमें शिकायतकर्ता स्वयं उपस्थित नहीं थे। इस पर मुख्यमंत्री ने बिना समय गंवाए फोन पर सीधे शिकायतकताओं से बात कर पूरी स्थिति की जानकारी ली। पहला मामला फतेहपुर जोतांवाली निवासी संजय कुमार का था, जिन्होंने रजवाहे पर साइफन सही तरीके से न लगाए जाने की शिकायत की थी। मुख्यमंत्री ने स्वयं फोन पर संजय कुमार से बातचीत कर पूरे मामले को समझा और तुरंत एसडीएम की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित करने के निर्देश दिए, ताकि निष्पक्ष जांच के साथ समाधान सुनिश्चित हो सके। दूसरा मामला श्रीमती निर्मल कौर से जुड़ा था, जिनकी ओर से उनके पिता बैठक में उपस्थित हुए थे। शिकायत में बताया गया था कि उनके पति श्री विरेंद्र पाल, जो आयुष विभाग में फार्मासिस्ट थे, उनका फरवरी 2026 में निधन हो गया था, आरोप थे कि उसके बाद उन्हें मिलने वाले लाभ और सहायता प्रदान नहीं की गई। हालांकि बैठक में उपस्थित उनके पिता ने आयुष विभाग द्वारा की गई कार्रवाई पर संतोष जताया। लेकिन, मुख्यमंत्री ने इस मामले में भी सीधे श्रीमती निर्मल कौर से फोन पर बातचीत की। बातचीत के दौरान उन्होंने भी विभाग द्वारा की गई कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया और मुख्यमंत्री का व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद भी किया। मुख्यमंत्री की इस प्रकार की जनता के प्रति जवाबदेही वाली कार्यशैली ने स्पष्ट कर दिया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की कार्यशैली में न केवल प्रशासनिक सक्रियता है, बल्कि जनता की समस्याओं को व्यक्तिगत स्तर पर सुनने और समाधान निकालने की गंभीर प्रतिबद्धता भी शामिल है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को सिरसा के पंचायत भवन में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी अधिकारी आमजन की समस्याओं को हल करते हुए शिकायतों का निदान करें। बैठक में 15 शिकायतें सुनवाई के लिए रखी गई जिनमें से 12 शिकायतों का निपटान कर दिया गया और तीन शिकायतें लंबित रखी गई है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए विशेष निर्देश भी दिए, उन्होंने कहा कि सीवरेज व सडकों को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। शहरी क्षेत्र में जहां सीवरेज लाइन डाल दी गई है वहां जल्द से जल्द सडक बनाने का कार्य शुरू किया जाए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने शिकायतकताओं से सीधा संवाद किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने बैठक में गांव गंगा निवासी श्री परमजीत सिंह की फर्जी वसीयत संबंधी शिकायत पर अधिकारियों की ओर से बताया गया कि अंगूठा निशान की दो जगह जांच करवाई गई है और दोनों जगह धुंधली होने की वजह से रिपोर्ट का मिलान नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद इस शिकायत को अगली बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए। गांव फतेहपुर जोतांवाली निवासी श्री संजय कुमार की शिकायत जिसमें उन्होंने साइफन को गलत बनाए जाने के मामले में कार्रवाई की मांग थी, मुख्यमंत्री ने इस मामले में संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित करने के निर्देश दिए जो मौके पर जाकर किसानों से बातचीत करेगी तथा इसके तमाम पहलूओं को देखते हुए अगली बैठक में इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। रानियां के वार्ड नंबर एक निवासी श्री बलवीर राम की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके भाई श्री जगसीर सिंह की मौत के मामले में अगर शिकायतकर्ता कोई तथ्य लेकर आए तो उसे जांच में शामिल किया जाएगा। एडिशनल मंडी सिरसा निवासी श्री हार्दिक गोयल की शिकायत इंडस्ट्रियल एरिया-एक के सर्विस इंडस्ट्री शॉप के नक्शे के पेवमेंट एवं पार्किंग का नाप सही रुप से नहीं दिए जाने के संबंध में मुख्यमंत्री ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण व नगर परिषद के अधिकारियों से जवाब तलब किया। उन्होंने दोनों विभागों के अधिकारियों से संतोषजनक उत्तर न मिलने पर इस मामले में संलिप्तों की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्य को लेकर जो टेंडर हुआ है उस पर जल्द काम शुरू किया जाए।

मुख्यमंत्री ने भादड़ा निवासी श्री महेंद्र सिंह, गांव तारुआना निवासी श्री राम सिंह, जंडवाला बिश्नोइयां निवासी श्री ओम विष्णु, खुईयां मलकाना निवासी श्री जरनैल सिंह, कुस्सर निवासी श्री महेश कुमार, मेहनाखेड़ा निवासी श्री देवदत्त, राम कॉलोनी बरनाला रोड निवासी श्रीमती शकुंतला तथा रोड़ी निवासी श्री रूलदु राम की शिकायत का सुनवाई के बाद निपटारा कर दिया गया। श्री रलदु राम की शिकायत पर गली निर्माण के निर्देश के साथ ही रुपये मांगने के संबंध में जेई के खिलाफ जांच करने के निर्देश भी दिए गए है।

**ये रहे मौजूद:**

बैठक में पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल, ऐलनाबाद विधायक भरत सिंह बैनीवाल, सिरसा विधायक गोकुल सेतिया, कालांवाली विधायक शीशपाल केहरवाला, जिला परिषद चेयरमैन कर्ण चौटाला, उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सिरसा दीपक सहारण, पुलिस अधीक्षक डबवाली जसलीन कौर, अतिरिक्त उपायुक्त अर्पित संगल, नगर परिषद चेयरमैन शांति स्वरूप, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोड़ी, जिलाध्यक्ष भाजपा सिरसा यतिंद्र सिंह एडवोकेट, जिलाध्यक्ष भाजपा डबवाली रेणू शर्मा, चेयरमैन रोहताश जांगड़ा, हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन देव कुमार शर्मा, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सलाहकार जगदीश चोपड़ा, चेयरमैन सतीश जग्गा, अमीर चंद मेहता, शीशपाल कंबोज, प्रदीप रातुसरिया, राजेंद्र देसूजोधा, निताशा सिहाग, पार्षद सुमन शर्मा, अमन चोपड़ा, सुनील बामणिया सहित भारी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# राजकीय महिला महाविद्यालय बहल में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

## छात्राओं को मिली तीन नए पाठ्यक्रमों की सौगात, 30 जून तक कर सकेंगी आवेदन

**दैनिक समाज जागरण,**
**जिला संवाददाता।**
**( महेन्द्र जावला बहल )**




बहल। क्षेत्र की छात्राओं के लिए राहतभरी खबर है। राजकीय महिला महाविद्यालय, बहल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। महाविद्यालय प्रशासन ने छात्राओं से समय रहते आवेदन कर प्रवेश सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। महाविद्यालय के प्राचार्य कुलदीप ने बताया कि स्नातक (यूजी) कक्षाओं में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून 2026 निर्धारित की गई है। वहीं स्नातकोत्तर (पीजी) कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा इस शैक्षणिक सत्र से महाविद्यालय को तीन नए पाठ्यक्रम प्रदान किए गए हैं। इनमें बीएससी लाइफ साइंस, एमएससी भूगोल और एमएससी गणित शामिल हैं। इन पाठ्यक्रमों के शुरू होने से क्षेत्र की छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए अन्य शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। प्राचार्य ने कहा कि राजकीय महिला महाविद्यालय बहल में छात्राओं के लिए अनुभवी शिक्षकों के साथ आधुनिक प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय, वाई-फाई सुविधा, खेल मैदान, एनएसएस एवं एनसीसी गतिविधियां तथा सुरक्षित एवं अनु शासित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध है। ये सुविधाएं छात्राओं के शैक्षणिक और व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने क्षेत्र के अभिभावकों और छात्राओं से अपील की कि वे समय पर ऑनलाइन आवेदन कर गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कार युक्त उच्च शिक्षा का लाभ उठाएं।

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन पंजाब के तीन दिवसीय संगठनात्मक दौरे पर रहेंगे आज

**(रघुनंदन पराशर/दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो,19 जून : भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नबीन 20 से 22 जून 2026 तक पंजाब के तीन दिवसीय व्यापक संगठनात्मक दौरे पर रहेंगे। इस दौरे के दौरान, श्री नबीन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लेंगे और पार्टी पदाधिकारियों के साथ कई संगठनात्मक बैठकों, संवादों, सामाजिक और धार्मिक नेताओं के साथ मुलाकातों और राज्य भर में भाजपा के संगठनात्मक नेटवर्क को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे।श्री नबीन शनिवार, 20 जून 2026 को अमृतसर स्थित श्री गुरु राम दास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे। दिन के दौरान, श्री नबीन श्री हरमिंदर साहिब (स्वर्ण मंदिर) में प्रार्थना करेंगे, ऐतिहासिक जलियांवाला बाग का दर्शन करेंगे, श्री दुगार्ना मंदिर में आशीर्वाद लेंगे और श्री राम तीर्थ (वाल्मीकि मंदिर) में मत्था टेकेंगे। वे अमृतसर में राज्य कोर ग्रुप के साथ बैठक भी करेंगे। शाम को वे जालंधर के लिए रवाना होंगे, जहां वे शाम 7:45 बजे एक रोड शो का नेतृत्व करेंगे।रविवार, 21 जून 2026 को श्री नबीन सुबह 6:30 बजे लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, फागवारा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लेंगे। वे जालंधर में संत समाज के सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित एक सम्मेलन में भी शामिल होंगे। इसके बाद, वे लुधियाना के लिए रवाना होंगे, जहां वे दोपहर 2:50 बजे लुधियाना जिला भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करेंगे और शक्ति केंद्र प्रभारियों और वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारियों के साथ एक संगठनात्मक बैठक करेंगे। शाम को, श्री नबीन लुधियाना में एक विशेष बैठक के दौरान क्षेत्र के उद्योगपतियों के साथ बातचीत करेंगे।सोमवार, 22 जून 2026 को, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लुधियाना स्थित पद्म श्री एस. सरदार सिंह जोहल के आवास पर उनसे मुलाकात करेंगे। इसके बाद, वे संसद सदस्यों, पूर्व सांसदों, विधायकों, पूर्व विधायकों और युवा प्रतिनिधियों से अलग-अलग बातचीत करेंगे। श्री नबीन सुबह 11:00 बजे एक युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे और बाद में पंजाब भाजपा के राज्य पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे। दिन के अंत में, श्री नितिन नबीन चंडीगढ़ के लिए रवाना होंगे और पंजाब के राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया जी से शिष्टाचार भेंट करेंगे। शाम को, वे पंजाब भाजपा के राज्य अध्यक्ष श्री केवल सिंह ढिल्लों जी के आवास पर गणमान्य व्यक्तियों से बातचीत करेंगे।

# निरोगी तन, निर्मल मन और जागृत आत्मा के संदेश संग*

## संत निरंकारी मिशन का अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस

**(रघुनंदन पराशर जैतो/ दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, 19 जून :निरोगी तन, निर्मल मन और जागृत आत्मा के पावन संकल्प को साकार रूप देते हुए संत निरंकारी मिशन अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक व्यापक योग एवं आध्यात्मिक चेतना अभियान का आयोजन कर रहा है। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन आशीर्वाद एवं दूरदर्शी मार्गदर्शन में संचालित यह प्रेरणादायी अभियान मानव कल्याण, समग्र स्वास्थ्य और आत्मिक उत्थान की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।सतगुरु माता जी का प्रेरक संदेश - स्वस्थ मन, सहज जीवन इस सत्य को प्रतिपादित करता है कि जीवन की वास्तविक समृद्धि केवल शारीरिक स्वास्थ्य में नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन और आध्यात्मिक जागरूकता में निहित है। सतगुरु माता जी के अनुसार मानव शरीर परमात्मा की अनुपम देन है, जिसकी देखभाल और सुदृढ़ता व्यक्ति को अपने आध्यात्मिक, सामाजिक एवं मानवीय उत्तरदायित्वों का श्रेष्ठ निर्वहन करने में सक्षम बनाती है। यह अभियान योग को मात्र शारीरिक व्यायाम न मानकर, आत्मबोध, आंतरिक शांति, मानवीय एकता और विश्वबंधुत्व की भावना को विकसित करने वाली एक समग्र जीवन साधना के रूप में अपनाने का संदेश देता है।इसी प्रेरणास्त्रोत भावना के अंतर्गत संत निरंकारी मिशन द्वारा रविवार, 21 जून 2026 को प्रातः 6:00 बजे भारतवर्ष के 1500 से अधिक केंद्रों पर एक साथ योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। मिशन की विभिन्न शाखाओं में स्थानीय योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में खुले मैदानों एवं पार्कों में आयोजित इन कार्यक्रमों में श्रद्धालु, सेवादल स्वयंसेवक एवं




स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक सहभागी बनेंगे।इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग है। यह संदेश हमें स्मरण कराता है कि वास्तविक स्वास्थ्य केवल रोगमुक्त शरीर का नाम नहीं, बल्कि मानसिक स्थिरता, भावनात्मक परिपक्वता, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक जागरू कता का समन्वित स्वरूप है। इसी दृष्टिकोण को अपनाते हुए संत निरंकारी मिशन योग को जीवन में संतुलन, सकारात्मकता और आत्म बोध का प्रभावी माध्यम मानकर समाज में जागरूकता का प्रसार कर रहा है।इसी श्रृंखला के अंतर्गत संत निरंकारी मिशन ब्रांच जैतो के मुखी अशोक धीर और जोनल इंचार्ज ऐन ऐस गिल ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि "अंतरराष्ट्रीय योग दिवस" के अवसर पर 21 जून 2026 को जैतो के संत निरंकारी भवन में एक "विशेष योग सत्र" आयोजित किया जाएगा। निरोगी तन, निर्मल मन और जागृत आत्मा के संदेश को समर्पित इस कार्यक्रम में सेवादल के भाई-बहन, बच्चे, स्वयंसेवक तथा साध संगत के सदस्य उत्साहपूर्वक भाग लेंगे और योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य के महत्व को उजागर करेंगे। संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के सचिव आदरणीय श्री जोगिन्दर सुखीजा जी ने बताया कि वर्ष 2015 से फाउंडेशन द्वारा योग दिवस का राष्ट्रव्यापी अभियान नियमित रूप से संचालित किया जा रहा है। योग भारत की प्राचीन एवं गौरवशाली धरोहर है, जो केवल शरीर को सशक्त ही नहीं बनाती, बल्कि मन को स्थिरता, विचारों को सकारात्मकता और आत्मा को चेतना प्रदान करती है। इसके नियमित अभ्यास से तनाव एवं जीवनशैली संबंधी चुनौतियों पर नियंत्रण प्राप्त कर व्यक्ति आत्मिक संतोष, मानसिक प्रफुल्लता और सामाजिक सद्भाव की दिशा में अग्रसर होता है।वर्तमान समय की व्यस्त और चुनौतीपूर्ण जीवनशैली में संत निरंकारी मिशन द्वारा ऐसे जनहितकारी प्रयासों का मूल उद्देश्य लोगों को अपने सर्वांगीण कल्याण के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाकर स्वस्थ, संतुलित, ऊर्जावान एवं आनंदमय जीवन की ओर अग्रसर हो सकें।

# उत्तराखंड पुलिस ने सिख नौजवानों की दसतारें उतारकर उन्हें सरेआम बेइज्जत करना अति दुर्भाग्यपूर्ण :एडवोकेट धामी

## कहा; उत्तराखंड सरकार निष्पक्ष जांच करे और नौजवानों को इंसाफ दिलाए

**(रघुनंदन पराशर/दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो, 19 जून : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने उत्तराखंड के कर्णप्रयाग में सिख नौजवानों के साथ हुई घटना और उसके बाद पुलिस की एकतरफा कार्रवाई पर गहरी चिंता जताई है और उत्तराखंड सरकार से इसकी हाई-लेवल और निष्पक्ष जांच करने को कहा है। एडवोकेट धामी ने कहा कि सिखों की दसतारें और कृपाण उनके धार्मिक निशान हैं, जिन्हें पहनना सिखों का संवैधानिक हक है। उन्होंने कहा कि हर सरकारी अधिकारी की भी संवैधानिक जिम्मेदारी है कि वह हर धर्म की भावनाओं का सम्मान करे। एड वोकेट धामी ने कहा कि ताजा घटना में कुछ लोकल लोगों ने पहले सिख नौजवानों पर हमला किया, जिससे मारपीट हुई। पुलिस ने निष्पक्ष कार्रवाई करने के बजाय सिख श्रद्धालुओं पर ही केस दर्ज कर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस का गिरफ्तार युवाओं की दसतारें उतारकर सरेआम बेइज्जती करना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है और यह सिख भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम है। शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि श्री हेमकुंट साहिब की तीर्थ यात्रा पर जाने वाले सिख समुदाय की सुरक्षा और सम्मान पक्का करना उत्तराखंड सरकार की जिम्मेदारी है। सिख श्रद्धालुओं के साथ भेदभाव या बदमाशी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जा सकती। शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष ने सिख समुदाय से शांति, संयम और एकता बनाए रखने की अपील की और कहा कि वे किसी भी उकसावे में शामिल न हों। उन्होंने लोकल सिख नेताओं से भी कहा कि

वे सरकार और पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन से संपर्क करें और सिख युवाओं को इंसाफ दिलाएं। उन्होंने उत्तराखंड सरकार और एडमिनिस्ट्रेशन से भी सिख भावनाओं का सम्मान करने और भड़काऊ बयान देने वाले शरारती तत्वों को रोकने की अपील की।

# जर्मनी की दस पुरस्कार विजेता छात्रों की फिल्में एमआईएफएफ में विश्व सिनेमा के भविष्य की एक झलक पेश करती हैं

## 'इमर्जिंग वॉइसेस: फिल्म स्कूल एडिशन्स' महोत्सव में नई वैश्विक आवाज

19वें मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (एमआईएफएफ) 2026 ने जर्मनी के प्रतिष्ठित फिल्म अकादमी बाडेन-वुर्टेमबर्ग जीएमबीएच (एफएबीडब्ल्यू) की दस फिल्मों की विशेष स्क्रीनिंग के साथ सिनेमाई नवाचार की भावना का जश्न मनाया। यह विश्व के सबसे प्रशंसित फिल्म स्कूलों में से एक है। महोत्सव के विशेष खंड, "इमर्जिंग वॉइसेस: फिल्म स्कूल एडिशन्स" के तहत प्रस्तुत इस प्रदर्शनी ने दर्शकों को एनीमेशन, लघु कथा और वृत्तचित्र सहित विविध प्रकार की कहानियों से परिचित कराया, जो फिल्म निमार्ताओं की नई पीढ़ी की रचनात्मक ऊर्जा और कलात्मक दृष्टि को दशार्ती हैं। दुःख और अपनेपन की मार्मिक कहानियों से लेकर स्मृति, बुढ़ापा और पर्यावरणीय परिवर्तन के दृश्यात्मक रूप से आश्चर्यजनक एनिमेटेड अन्वेषणों तक, इन फिल्मों ने प्रदर्शित किया कि फिल्म अकादमी बाडेन-वुर्टेमबर्ग समकालीन सिनेमा में कुछ सबसे रोमांचक आवाजों के लिए एक पोषण स्थल क्यों बना हुआ है। प्रदर्शित फिल्मों में से एक उल्लेखनीय फिल्म थी "ए स्पैरो सॉन्ग", जो टोबियास एकरलिन द्वारा निर्देशित एक एनिमेटेड ऐतिहासिक ड्रामा है। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान घटी सच्ची घटनाओं से प्रेरित, इस पुरस्कार विजेता फिल्म में एक बुजुर्ग विधवा की कहानी है जो युद्ध की तबाही के बीच एक घायल चिड़िया की देखभाल करते हुए सुकून और उम्मीद पाती है। अपनी मार्मिक कहानी और भावनात्मक गहराई के साथ, स्टूडेंट एकेडमी अवार्ड जीतने वाली इस लघु फिल्म ने दर्शकों पर अमिट छाप छोड़ी। दर्शकों की पसंदीदा फिल्मों में से एक अन्ना नीबर्ट द्वारा निर्देशित वृत्तचित्र "फ्लाइंग एनिमल्स" भी थी। वृत्तचित्र और एनिमेशन के संयोजन से बनी यह फिल्म गंभीर बीमारियों से जूझ रहे तीन बच्चों की कल्पनाशील दुनिया में प्रवेश करती है और लचीलेपन, रचनात्मकता और बचपन की कल्पना की अटूट शक्ति का एक मार्मिक चित्रण प्रस्तुत करती है।

इस स्क्रीनिंग में जोशुआ न्यूबर्ट और विक्टर मुहागाची द्वारा निर्देशित लघु उपन्यास "मजिनी" भी दिखाया गया। तंजानिया के तटीय इलाकों की पृष्ठभूमि पर आधारित यह फिल्म दो भाइयों की कहानी है, जिन्हें परिस्थितियों के चलते डर, जिम्मेदारी और मर्दानगी का सामना करना पड़ता है। इसकी सशक्त कहानी और भावना त्मक प्रामाणिकता को अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में सराहना मिल चुकी है। शादाब शायेगन द्वारा निर्देशित एनिमेटेड ड्रामा "पियर गार्डन" इस पैकेज में शामिल सबसे आकर्षक फिल्मों में से एक थी। यह फिल्म छह साल की लिली की कहानी बयां करती है, जो अपनी दादी की मैस्टेक्टॉमी (स्तन-उच्छेदन सर्जरी) को समझने की कोशिश में उलझ जाती है और एक स्वप्निल यात्रा पर निकल पड़ती है। काव्यात्मक दृश्यों और भावनात्मक संवेदनशीलता के माध्यम से, फिल्म एक बच्चे के नजरिए से बीमारी, हानि और उपचार जैसे विषयों को दशार्ती है।

पॉल क्ले द्वारा निर्देशित बच्चों की एनिमेटेड फिल्म "सिल्वर स्ट्रिंग्स" भी उतनी ही मार्मिक थी। यह दिल को छू लेने वाली कहानी एक बुजुर्ग व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी एक नन्ही मकड़ी से अनोखी दोस्ती उसके रोजमर्रा के जीवन को बदल देती है, और साथ ही उसकी बेटी के उसकी देखभाल करने के प्रयासों को भी चुनौती देती है। फिल्म हास्य, स्नेह और भावनात्मक अंतर्दृष्टि को बड़ी कुशलता से संतुलित करती है। अन्य फिल्मों ने जर्मन संस्थान से उभरती प्रतिभाओं की व्यापकता को और उजागर किया। लीया ज़िट्ज़े नबैकर द्वारा निर्देशित लघु कथा नाटक "चेजिंग काइट्स" में दो भाइयों की मां के निधन के दुख और भाई-बहनों के रिश्तों को दशार्या गया है। क्रिस्टोफर शिमयर और सारा शुल्ज द्वारा निर्मित एनिमेटेड ड्रामा-एडवेंचर "लिने 12" में संगीत, मशीनरी और दोस्ती को एक अनोखे दृश्यात्मक कथानक में पिरोया गया है। वेरा कायह द्वारा निर्देशित बच्चों के नाटक "स्पार्क (चिस्पा)" में एक छोटी लड़की की अपने व्यस्त पिता के साथ भावनात्मक जुड़ाव की तलाश की मार्मिक कहानी प्रस्तुत की गई है। तात्याना थेउर द्वारा निर्मित प्रयोगात्मक एनिमेटेड संगीत नाटक "राइज एज" में जलवायु परिवर्तन और सामूहिक अस्वीकृति को दशार्ने के लिए जीवंत दृश्यों और हास्य का प्रयोग किया गया है। वहीं, रोमिना कूपर द्वारा निर्देशित लघु कथा नाटक-कॉमेडी "दिस इज नॉट अ कैरेक्टर, दिस इज बिट्रेयल" में एक हेयरड्रेसर मां और उसके महत्वाकांक्षी लेखक बेटे के रिश्ते के माध्यम से वर्ग, पहचान और पारिवारिक तनावों का विश्लेषण किया गया है। इन दस फिल्मों ने मिलकर एमआईएफएफ में फिल्म प्रेमियों को अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माण के भविष्य की एक झलक पेश की, जिसमें साहसिक, भावनात्मक रूप से मार्मिक और गहराई से मानवीय कहानी कहने का प्रदर्शन किया गया।

# महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि पर पाकिस्तान जाने के लिए 290 तीर्थयात्रियों को वीजा मिला

## सिख श्रद्धालुओं का शिरोमणि कमेटी का जत्था 21 जून को दफ़्तर से रवाना होगा

**(रघुनंदन पराशर/दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो, 19 जून :महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि के मौके पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से पाकिस्तान भेजे जाने वाले जत्थे के 290 तीर्थयात्रियों को वीजा मिल गया है। यह जत्था 21 जून की सुबह शिरोमणि कमेटी के मुख्य दफ़्तर से पाकिस्तान के लिए रवाना होगा। इस बारे में जानकारी देते हुए धर्म प्रचार कमेटी के सचिव गुरिंदर सिंह मथरेवाल ने बताया कि महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि के मौके पर लाहौर के गुरुद्वारा श्री डेरा साहिब में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने और पाकिस्तान में अन्य गुरुधामों के दर्शन करने के लिए 302 तीर्थयात्रियों के पासपोर्ट वीजा के लिए भेजे गए थे, जिनमें से 290 को वीजा मिल गया है। वहीं, 12 तीर्थयात्रियों को दिल्ली स्थित पाकिस्तान दूतावास से वीजा नहीं मिला। उन्होंने बताया कि विभिन्न गुरुधामों के दर्शन करने के बाद, यह जत्था 29 जून को महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि के कार्यक्रमों में शामिल होगा और 30 जून को भारत लौट आएगा। उन्होंने कहा कि वीजा लगे पासपोर्ट शिरोमणि कमेटी के दफ़्तर से 20 और 21 जून को लिए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन श्रद्धालुओं को वीजा नहीं मिला, उनके सीरियल नंबर ये हैं: 33, 66, 67, 68, 76, 131, 143, 144, 145, 151, 291 और 292।

# 19वें एमआईएफएफ ओपन फोरम में विशेषज्ञों के अनुसार ओटीटी प्लेटफॉर्म वृत्तचित्र फिल्म निमार्ताओं के लिए अवसरों का विस्तार

## वृत्तचित्र आने वाली पीढ़ियों के लिए इतिहास और संस्कृति को संरक्षित करने में मददगार: 19वें एमआईएफएफ में रमेश पटांगे का कथन

19वें मुंबई अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (एमआईएफएफ) में इंडियन डॉक्यूमेंट्री प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन (आईडीपीए) के ओपन फोरम के हिस्से के रूप में, "स्ट्रीमिंग रिवॉल्यूशन: डॉक्यूमेंटिंग इन द एज ऑफ ओटीटी" विषय पर एक सत्र में ओटीटी, मीडिया और वृत्तचित्र क्षेत्रों के विशेषज्ञों को एक साथ लाया गया ताकि इस बात पर चर्चा की जा सके कि स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म वृत्तचित्र फिल्म निर्माण को कैसे बदल रहे हैं और फिल्म निमार्ताओं के लिए नए अवसर पैदा कर रहे हैं। इस पैनल में शेमारू की बिजनेस हेड किन्नरी दवे, वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी साउथ एशिया के कंटेंट हेड साई अभिषेक, वरिष्ठ पत्रकार, लेखक और पद्म श्री पुरस्कार विजेता रमेश पटांगे और अनुभवी छायाकार एवं फिल्म निमार्ता धर्म गुलाटी शामिल थे। सत्र का संचालन फिल्म निमार्ता ललित वचानी ने किया। चर्चा का केंद्र बिंदु यह था कि ओटीटी प्लेटफॉर्म ने वृत्तचित्रों के वितरण को किस प्रकार बदल दिया है, जिससे फिल्में फिल्म समारोहों, फिल्म समितियों और सार्वजनिक प्रसारकों से परे जाकर भारत और विश्व भर के व्यापक दर्शकों तक पहुंच गई हैं। पैनलिस्ट इस बात पर सहमत थे कि स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने फिल्म निमार्ताओं को अपना काम प्रदर्शित करने और दर्शकों से सीधे जुड़ने के नए अवसर प्रदान किए हैं। साई अभिषेक ने कहा कि वृत्तचित्र वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी की कंटेंट रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बने हुए हैं। उन्होंने बताया कि इतिहास, पौराणिक कथाएं, रोमांच, जीवनी और सच्ची अपराध कथाएं जैसी विधाएं दर्शकों को काफी आकर्षित कर रही हैं।

# बीपैक्स सचिव सहकारिता विभाग की महत्वपूर्ण कड़ी, इनकी समस्याओ का होगा समाधान: सुरेंद्र कुमार मौर्य

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। शुक्रवार को सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता वाराणसी सुरेन्द्र मौर्य से बीपैक्स सचिवो के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाध्यक्ष ऋषिकुमारसिंह के नेतृत्व मे अपनी मांगो को लेकर मुलाकात की।

ऋषिकुमारसिंह ने सचिव संवर्ग की समस्याओ को सहायक आयुक्त के सामने रखा। सदस्यता महाअभियान की प्रोत्साहन राशि तीन वर्ष बाद भी न मिलने की शिकायत की ।

ऋषिकुमारसिंह ने कहा कि सचिवो के वेतन और मानदेय अवरुद्ध है तथा धान व गेंहू क्रय के कमीशन विगत तीन चार वर्षो से



समितियो को नहीं मिले हैं।

सहायक आयुक्त ने कहा कि बीपैक्स सचिव विभाग की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उन्होने बीपैक्स सचिवो की समस्याओ के समाधान हेतु अपने स्तर से हरसंभव प्रयास करने का आश्वासन दिया।

प्रतिनिधिमंडल मे जिलाध्यक्ष ऋषि कुमार सिंह, महामंत्री अनिल दूबे उपाध्यक्ष द्वय अभय सिंह व अखिलेश यादव , जिला संगठन मन्त्री विवेक कुमार सिंह, अखिलेश यादव, विभूतिनारायणश्रीवास्तव, वरूण कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य की हर सुविधाएं ग्रामीणों के पहुंच तक नि:शुल्क उपलब्धता से गरीबों को बड़ी राहत:डॉ0 सन्तोष कुमार

## हरहुआ पीएचसी पर 'हेल्थ एटीएम' व 'ऑटोमेटिक ऑटो एनलाइजर' की सुविधा उपलब्ध

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। पीएचसी हरहुआ पर स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था से अब ग्रामीणों को स्वास्थ्य की बेहतर सुविधाए गरीबों के पहुंच तक मिलने लगी है।

पीएचसी प्रभारी डॉ0 सन्तोष कुमार के अनुसार 'हेल्थ एटीएम' दो वर्षों से लगी है जिससेशुगर,बीपी ,हीमोग्लोबिन ,टाइफाइड सहित अन्य जांच अब तक 10हजार से अधिक लोगों की हो चुकी है। वहीं 'ऑटोमेटिक ऑटो एनलाइजर' 30 जनवरी को काम करना शुरू किया



जिससे निःशुल्क रूप से ब्लड की हर तरह की जाँच शुरू हो चुकी है। लैब टेक्नीशियन लक्ष्मीनारायण सिंह के अनुसार अब तक सैकड़ो मरीजों के ब्लड की कई जाँच कुछ ही समय मे कर रिजल्ट मिल जा रही है।

डॉ0 नन्दआसरे ,डॉ0 मनु चतुवेर्दी ने कहा कि मरीजों की जांच रिपोर्ट जल्द मिल जाने से उनका उपचार करने में सहूलियत हो गई है। गरीब मरीजों को बड़ी राहत मिली है कि तुरन्त एक ही छत के नीचे उनको सभी सुविधा मिल जा रही है।

फार्मासिस्ट राकेश कुमार ,आयुष फार्मासिस्ट विद्याप्रकाश दुबे ,कार्यालय सहायक पंकज कुमार सिंह ने बताया कि जब से जांच की सुविधाएं मिली है तब से मरीजों की भी संख्या बढ़ गई है।

# ग्रामीण अंचल को मिली नई सौगात, विधायक ने दो बस सेवाओं का किया शुभारंभ

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों से वाराणसी कैंट डिपो तक आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को विधायक डॉ. अवधेश सिंह ने ग्रामीण सेवा के तहत दो नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

पहली बस सेवा ओदार से शुरू होकर मंगारी ब्लॉक, काशीपुर, कोरा, रामनगर, बुची, नेवादा, मंगारी, बैकुंठपुर एवं कर्मी-बाबतपुर होते हुए वाराणसी कैंट डिपो तक संचालित होगी। वहीं दूसरी बस सेवा हीरामनपुर, पतिराजपुर, देवजी, खालिसपुर, फूलपुर, पिंडरा और कैथोली से बाबतपुर चौराहे के रास्ते वाराणसी कैंट डिपो तक जाएगी।



बसों को रवाना करते हुए विधायक डॉ. अवधेश सिंह ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से बस सेवा शुरू कराने की मांग थी। नई सेवाओं के संचालन से ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों, कर्मचारियों, व्यापारियों तथा आम नागरिकों को वाराणसी आने-जाने में काफी सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह, जिला मंत्री फौजदार शर्मा, अभिषेक राजपूत, सर्मेश सिंह, मंडल अध्यक्ष बसंत उपाध्याय, योगेंद्र सिंह, गोरखनाथ सिंह, महेंद्र राजभर, प्रवीण राय, महेश सिंह, विद्या भूषण सिंह उर्फ पप्पू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

# भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह अपने पैतृक गांव पहुंचे, कार्यकताओं से की संगठन और विकास पर चर्चा

**समाज जागरण**

मीरजापुर /भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद अरुण सिंह गुरुवार की शाम अपने पैतृक गांव पहुंचे। आयोजित बैठक में क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं ने उनसे मुलाकात कर संगठनात्मक मजबूती और स्थानीय विकास के मुद्दों पर विस्तार से बातचीत की।

कार्यक्रम में कार्यकताओं ने सांसद का पारंपरिक स्वागत किया। चर्चा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पानी और कृषि से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। कार्यकताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी सुझाव दिए।अरुण सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी का मूल मंत्र सेवा, समर्पण और संगठन है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही



कार्यकताओं से कहा कि वे जनता के बीच जाकर सरकार के कार्यों को रखें और लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता पर हल कराएं।बैठक में क्षेत्रीय नेताओं, महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यकताओं ने सांसद को आश्वस्त किया कि आगामी चुनावी और संगठनात्मक कार्यक्रमों में वे पूरी सक्रियता से जुटेंगे।इस दौरान राजयसभा सांसद प्रतिनिधि धनंजय पाण्डेय, श्याम बहादुर सिंह, विपुल सिंह, राकेश सिंह, नीरज सिंह आदि मौजूद रहे

# पीएचसी हरहुआ पर बन्दरों का आतंक, अस्पताल के रिकार्ड व संसाधन को भी कर रहे नुकसान।

## नवनिर्मित रैन बसेरा में सुरक्षा के लिए जाली लगाने की उठी मांग।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरहुआ प्रांगण व मार्ग पर बन्दरों की स्थिति यह है कि मरीज के साथ अटेंडेंट तक यदि कोई सामान लेकर पहुंचते हैं तो घात लगाए बन्दर झपट्टा मारकर जबरिया छोड़ लेते हैं। विरोध करने पर काट भी लेते हैं। अस्पताल के वायरिंग ,खिड़की रोशनदान के रास्ते घुसकर सामान व दवा अभिलेख तक को कर रहे नुकसान। लोग सहमें हुए किसी तरह अस्पताल परिसर में दाखिल होकर सुरक्षा करते नजर आते हैं। अधिकारियों को जानकारी देने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हो पाई।

विधायक अजगरा टी0 राम द्वारा ग्रामीणों व प्रभारी चिकित्साधिकारी हरहुआ द्वारा बन्दरों से निजात व मरीजो के अटेंडेंट सहित बैठक के लिए रैन बसेरा के जरूरत की मांग को देखते हुए पीएचसी हरहुआ के प्रांगण में विधायक निधि से 11लाख 3 हजार रुपये स्वीकृत कर रैन बसेरा



बनवाया गया जिसमें चारो तरफ से जाली लगाने का कार्य न होने से बंदरों का बसेरा बन गया है। जाली न होने से अभी लोग असुरक्षित है।

प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 सन्तोष कुमार के अनुसार मरीजों के संग आने वाले परिजनों व मरीजों के लिए धूप, बरसात व जाड़े के मौसम में बचाव के लिए कोई स्थान नहीं था। इसके लिए हरहुआ प्रधान अनवर हाशमी व विधायक से ग्रामीणों व विभाग द्वारा सम्पर्क किया गया। विधायक ने 10"-11"मीटर लंबी रैन बसेरा के लिए विधान मंडल क्षेत्र विकास निधि योजना 23-24 से ग्रामीण अभियंत्रण विभाग वाराणसी द्वारा कार्य कराया गया लेकिन सुरक्षा के बाबत जाली नहीं लगाई गई जिससे मरीज व ग्रामीण दोनों बंदरों के आतंक से डरे सहमे रहते हैं।

व्यापार मंडल हरहुआ के महामंत्री वीरेंद्र गुप्ता ,सन्तोष गुप्ता, सर्वेश कुमार ,जयचन्द मोदनवाल व व्यापारियों ने विधायक टी0 राम से सुरक्षा के मद्देनजर जाली व गेट लगाने की मांग की।

अस्पताल प्रभारी डॉ0 सन्तोष कुमार ,डॉ0 नन्द आसरे ,डॉ0 मनु चतुवेर्दी, डॉ0 राजकुमार ,डॉ0 शैलेन्द्र कुमार,फार्मासिस्ट राकेश कुमार व कार्यालय सहायक पंकज कुमार सिंह ने बताया कई स्टाफ व मरीज को अब तक बंदर काट चुके हैं। रैन बसेरा में लोग बन्दरों से परेशान हैं। दोपहिया वाहन समेत खड़े एम्बुलेंस के गद्दी, पर्दे ,डिग्गी तोड़ने सहित रखे सामान सुरक्षित नहीं रह पाते।

# पीएम के विकसित भारत रोजगार योजना प्रोत्साहन राशि का हुआ लाइव प्रसारण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी। शुक्रवार को रुद्राक्ष कन्वेशन सेंटर सिगरा वाराणसी में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रोत्साहन राशि के वितरण कार्यक्रम के लाइव कार्यक्रम में जनपद के भाजपा नेतागणों ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रविन्द्र जायसवाल मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार,दयाशंकर मिश्रा, मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार,राज्य मंत्री हंसराज विश्वकर्मा,अशोक तिवारी



महापौर वाराणसी, विधायक अजगरा त्रिभुवन राम,धर्मेंद्र राय विधान परिषद सदस्य, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, विधायक सुनील पटेल, शोभित सिंघल भविष्य निधि तथा अन्य कर्मचारी गण कार्यक्रम में शामिल रहे। पीएम के इस जनहित योजना की एक स्वर से लोगो ने सराहना की।

# मानक से कम दूरी पर चल रही थी मॉडल शॉप, हटाने के लिए नोटिस जारी

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बड़ागांव थाना क्षेत्र के कोइराजपुर गांव में संचालित मॉडल शॉप की जांच में हाईवे से इसकी दूरी निर्धारित मानक से कम पाए जाने पर आबकारी विभाग ने दुकान को वहां से हटाकर दूसरे स्थान पर संचालित करने के निर्देश दिए हैं।

कोईराजपुर गांव निवासी प्रवीण यादव ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में कहा गया कि मॉडल शॉप का संचालन वाराणसी रिंग रोड फेज-2 से निर्धारित दूरी का पालन किए बिना किया जा रहा है। उन्होंने आबकारी



नियमों का हवाला देते हुए बताया कि दुकान की दूरी रिंग रोड से करीब 183 मीटर है, जबकि निर्धारित मानक इससे अधिक ग्रामीण कम आबादी वाले क्षेत्र में 220 मीटर है। शिकायत के बाद शुक्रवार को आबकारी निरीक्षक प्रदीप कुमार मिश्रा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दुकान से रिंग रोड की दूरी का मापन कराया। जांच में दूरी तय मानक से कम पाई गई। इसके बाद विभाग की ओर से दुकान को वर्तमान स्थान से हटाकर नियमों के अनुरूप दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए नोटिस जारी की गई है।

कार्रवाई की जानकारी मिलने पर प्रदीप शर्मा, विजय यादव, प्रकाश सिंह, इरफान और राकेश सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा कि दुकान को मुख्य मार्ग से किसी दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया जाना चाहिए।

# चुनार पुल पे जाली लगाने के कार्य का क्षेत्रीय विधायक के किया पूजन घटनाओं में आएगी कमी।

**समाज जागरण**

मीरजापुर /चुनार गंगा पक्का पुल पर जाली लगाने की मांग स्थानीय जनता की थी जो आज क्षेत्रीय विधायक अनुराग सिंह ने बालू घाट पक्के पुल के पास पूजन शीलान्यास किया और कहां की चुनार का फूल 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा उद्घाटन किया गया था। पूल बनने के बाद लगातार आत्महत्या की शिकायतें सुनने में चली आ रही थी जिसका संज्ञान लेते हुए अनुराग सिंह ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया जिसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 90 लख रुपए जाली लगाने के लिए स्वीकृति प्रदान की जिसका टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। चुनार विधायक अनुराग सिंह पटेल ने कहा कि गंगा जी पुल के ऊपर से लगातार





घटनाएं बढ़ रही थी इसी को देखते हुए और ग्रामीणों की मांग को देखते हुए जाली का निर्माण कराया जा रहा है।और जाली बनना चालू हो गया है एक हफ्ते में काम पुल पर शुरू कर दिया जाएगा अगले दो महीने के भीतर जाली लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इस दौरान उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष मंसूर अहमद ह,विजय बहादुर सिंह,भाजपा पूर्व जिला कोषाध्यक्ष बचाऊ लाल सेठ, विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष मंगरु साहनी, अभिलाष राय, ज्योति प्रकाश सिंह, अहरौरा प्रभारी चंद्रहास गुप्ता, मनीष राय,अखिलेश मिश्रा सभासद विकास कश्यप, जयंत दास एडवोकेट विजय गुप्ता, उपस्थित रहे।

# मोबाइल टावर पैनल में लगी आग

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। भेलूपुर क्षेत्र में एसीपी कार्यालय के सामने स्थित एक मोबाइल टावर में शुक्रवार को अचानक आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने की घटना उस समय हुई जब टावर पर मरम्मत का कार्य चल रहा था। हालांकि राहत की बात यह रही कि जिस समय आग लगी, उस समय टावर पर कार्य कर रहे कर्मचारी नीचे उतर चुके थे, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टावर से अचानक धुआं और आग की लपटें उठने लगीं। आग लगते ही आसपास के लोगों में दहशत फैल गई क्योंकि टावर के ठीक बगल में एक पेट्रोल पंप स्थित है। संभावित खतरे को देखते हुए पेट्रोल पंप को तत्काल बंद करा दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आग पेट्रोल पंप तक पहुंच जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# सफाईकर्मी के आकस्मिक निधन पर हुयी शोक सभा

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी विकास खण्ड के ग्रामपंचायत कमौली में तैनात सफाईकर्मी अशोक कुमार की बीते गुरूवार की देर रात्रि में हार्टअटैक से मौत हो गयी।मौत की खबर सुनकर शुक्रवार को ब्लॉक मुख्यालय पर शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सलारपुर निवासी अशोक कुमार पुत्र श्याम नारायण 45 वर्ष कमौली में सफाईकर्मी के पद पर तैनात थे। बीते गुरूवार की रात्रि में हार्टअटैक आ जाने से उनकी मौत हो गयी।मौत की खबर सुनकर ब्लॉक पर तैनात अधिकारियों, कर्मचारियों ने शुक्रवार को उनकी आत्मा की शांति हेतु शोक सभा आयोजित कर दो मिनट का मौन रखा। शोक सभा में प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत अशोक कुमार चौबे,, हवलदार यादव, शीलभूषण त्रिपाठी,स्विटी सिंह, अखिलेश, सफाईकर्मी सतीश कुमार, राजेश पटेल, प्रभाकर, जितेन्द्र कुमार,सुनील कुमार,नामवर सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी शामिल थे।

# पूर्व बीडीसी राधा देवी का निधन

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी। बड़ागांव विकासखंड के कुड़ी ग्राम सभा की पूर्व बीडीसी राधा देवी (पत्नी स्वर्गीय रमेश दत्त मिश्रा) उम्र 66 वर्ष का लंबी बीमारी के बाद गुरुवार 18 जून को निधन हो गया। वह अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।



गुरुवार दोपहर बाद वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड (रेणुकूट) में कार्यरत उनके छोटे पुत्र रविन्द्र मिश्रा के घर पहुंचने के बाद शव यात्रा रवाना हुई। मणिकर्णिका घाट पर उनके बड़े पुत्र अरविंद मिश्रा 'सीताराम' ने उन्हें मुखाग्नि दी। शोकाकुल परिवार में अखिलेश दत्त मिश्रा, मुनीश मिश्रा, इंद्रदत्त मिश्रा, मुनीश मिश्रा, विकास दत्त मिश्रा, प्रकाश दत्त मिश्रा, सतीश मिश्रा, मनीष मिश्रा, आशुतोष मिश्रा,शुभम, अर्पित,अंकित,प्रखर, शिखर, हरिओम एवं समस्त मिश्रा परिवार, मित्रगण तथा समस्त ग्रामवासी व अन्य गणमान्य लोग अंतिम विदाई देने उपस्थित रहे।

# योग दिवस के जन जागरुकता के दृष्टिगत निकाली गई भव्य रैली

**समाज जागरण**

मीरजापुर /मीरजापुर मे 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून एवं योग सप्ताह 15 जून से 21जून को जनांदोलन में परिवर्तित करने के उद्देश्य से मुख्य कार्यक्रम 21 जून स्थान राजकीय इंटर कालेज मुहवरिया मीरजापुर में अधिक से अधिक जनभागीदारी के उद्देश्य से दो दिन पूर्व आज प्रातः 07 बजे जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार एवं मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार के मार्गदर्शन में डॉ.श्रीकांत रजक क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी



अधिकारी मीरजापुर/ संयोजक सदस्य जिला समिति, अनिता यादव नोडल अधिकारी माध्यमिक शिक्षा जनपद मीरजापुर एवं महेंद्र नाथ प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज मुहवरिया मीरजापुर नें संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा रन फॉर योगा के लिए राजकीय इंटर कॉलेज महुवरिया मीरजापुर के परिसर से जिला कलेक्ट्रेट मीरजापुर तक जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली को सफल बनानें में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, आयुष विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ-साथ विभिन्न गैर-सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि के साथ पुलिस विभाग से सराहनीय योगदान दिया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने सभी जनपदवासियों से अपील की कि 21 जून को राजकीय इंटर कॉलेज महुवरिया मीरजापुर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर 12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस को जनांदोलन में परिवर्तित करने में सहयोग प्रदान करें। 12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून की आधिकारिक थीम है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता व जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियो की उपस्थिति में जिला एकीकरण समिति की बैठक सम्पन्न

**- विभिन्न समुदायो के बीच भाई चारा व आपसी सदभाव बनाए रखना समिति का मुख्य उद्देश्य - राजू कनौजिया**

**- सभी धर्मो एवं सम्प्रदायो के बीच समन्वय स्थापित करते हुए शान्तिपूर्ण वातावरण में जनपद को स्वच्छ सुन्दर बनाना हम सभी का कर्तव्य - जिलाधिकारी**

**समाज जागर**

मीरजापुर / जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह, जिला अध्यक्ष अपना दल एस इंजीनियिर राम लौटन बिन्द, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ कीर्ति कुमार मिश्रा की उपस्थिति में आज जिला पंचायत सभागार में ह्यह्यजिला एकीकरण समितिह्लह्ल की बैठक आहूत की गई। बैठक में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मीरजापुर राजकुमारी खत्री, वरिष्ठ साहित्यकार/पत्रकार सलिल पाण्डेय, के0बी0 कालेज के प्रोफेसर रमेश ओझा, पूर्व प्राचार्य मदरसा अरबिया नजम अली, समाजसेवी भूपेन्द्र सिंह डंक, जयराम शर्मा के





अलावा अन्य समाज सेवी व अधिकारी उपस्थित रहें।

बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कनौजिया ने कहा कि विभिन्न समुदायो के बीच भाई चारा व आपसी सदभाव बनाए रखना समिति का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को किसी के प्रति ऐसी भाषा नहीं बोलनी चाहिए जो समाज के लोगो को ही अच्छा न लगे। उन्होंने कहा कि धर्म सभी का अपने-अपने के लिए महत्वपूर्ण है अपने-अपने ढंग से लोग अपने धर्म के प्रति आस्था रखते है और अपने त्यौहारो को खुशियो के साथ मनाते है। उन्होंने कहा कि जनपद मीरजापुर हमेशा गंगा जमुनी तहजीब व एक दूसरे के प्रति आपसी भाईचारे के लिए जाना जाता है और हम सभी प्रयास होना चाहिए और निरंतर आगे बना रहे।

जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने समिति के सदस्यो के द्वारा बताए गए सुझाव व समस्याओ के समाधान को एक-एक कर समाधान करने हेतु आश्वस्त किया। जिलाधिकारी ने बैठक आयोजित करने वाले से कहा कि प्रत्येक तीन माह बाद समय से बैठक आयोजित किया जाए तथा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि 10 से 12 बजे तक जनता दर्शन में अधिकारी अपने-अपने कार्यालयो में रहते है अतएव 12 बजे के बाद आयोजित किया जाए ताकि समिति के सम्मानित सदस्यो को प्रतीक्षा न करनी पड़े। उन्होंने कहा कि इसी एकीकरण के कारण ही पूरा देश एक साथ होकरबड़ै संघषो के बाद आजादी मिली है उस समय भी एकता की भावना लोगो में प्रबल थी। उन्होंने कहा कि आज हम अपने-अपने देश के बनाए हुए संविधान के अनुसार कार्य कर रहे है सभी का विकास करना व लोगो को राहत पहुंचाना तथा जनपद व प्रदेश में शान्ति व्यवस्था कायम रखना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ग हर तरह के लोग है परन्तु जन भावना नेतृत्व में सर्वोपरि है। जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 से कहा कि अगली बैठक में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मीरजापुर एवं विद्युत विभाग, जल निगम, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य प्रमुख विभागो को पत्राचार कर आमंत्रित किया जाए।

बैठक में सलिल पाण्डेय ने निबंधन कार्यालय जनपद में खुलने पर बधाई देते हुए एक पासपोर्ट अधिकारी जनपद में बैठाने की मांग की तत्पश्चात विन्ध्य कारीडोर को आधुनिक लाइटो से सजावट, प्रदेश द्वार पर पंखा लगाने, गौशालाओ में पेयजल व गोचर भूमि चिन्हित करने का मुद्दा उठाया तो वहीं प्रोफेसर रमेश ओझा ने कहा कि अमन चैन को बनाए रखना इस बैठक उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के दुरूपयोग पर प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने सम्प्रदाय को राष्ट्र के प्रति वरीयता दे किसी धर्म व जाति सूचक पर अनावश्यक टिप्पणी न करे ताकि जनपद की छवि धूमि न हो। नजम अली ने कहा कि मिजार्पुर की तहजीब भाई चारा व आपसी सद्भाव के लिए पूरा प्रदेश ही बल्कि पूरे देश में जाना जाता है और इस माहौल को आगे भी शान्तिप्रिय बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य हैं। उन्होंने शास्त्री पुल पर प्रकाश व्यवस्था पुलिस ड्यूटी तथा घाटो पर सुरक्षा व्यवस्था तैनात करने पर बल दिया ताकि लोगो को डूबने व अप्रिय घटना से बचाया जा सके। बैठक में जयराम शर्मा, भूपेन्द्र सिंह डंक ने शिक्षा पर बल देते हुए बैठक में उठाए गए मुद्दो का क्रियान्वयन कराने को कहा। बैठक का आयोजन व संचालन परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। बैठक में जिला सूचना अधिकारी ओम प्रकाश उपाध्याय, जिला विद्यालय निरीक्षक राज कुमार दीक्षित, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मुकेश उपस्थित रहें।

# मुख्यमंत्री से मिले अनूपपुर के जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य सुविधाओं और जिले के विकास को लेकर सौंपा ज्ञापन

## जिला अस्पतालों में डॉक्टरों की नियुक्ति एवं शहडोल मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना की उठाई मांग

**समाज जागरण**

अनूपपुर/अनूपपुर क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री बिसाहूलाल सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से उनके भोपाल स्थित निवास पर शिष्टाचार भेंट कर जिले के विकास, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान उन्होंने जिला अनूपपुर एवं शहडोल संभाग की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए दो महत्वपूर्ण मांगों से संबंधित ज्ञापन भी सौंपे।



प्रतिनिधिमंडल में शहडोल जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं विंध्य विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष आधा राम वैश्य, नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह, जिला पंचायत अनूपपुर के उपाध्यक्ष एवं भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष पर्वती राठौर, भाजपा नेता वाल्मीकि राठौर, युवा नेता नितिन सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

**अनूपपुर के अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी पर जताई चिंता**

विधायक बिसाहूलाल सिंह ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि जिला अनूपपुर मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की सीमा से लगा आदिवासी एवं पिछड़ा क्षेत्र है, जहां बड़ी संख्या में जनजातीय एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग निवास करते हैं। जिले के कई अस्पतालों में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों के पद स्वीकृत होने के बावजूद नियुक्तियां नहीं हो सकी हैं, जिसके कारण मरीजों को जिला अस्पताल या अन्य बड़े चिकित्सा केंद्रों में रेफर करना पड़ता है। कई बार गंभीर मरीज समय पर उपचार नहीं मिलने से रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि जिला चिकित्सालय सहित जिले के सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में स्वीकृत पदों के अनुरूप चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की शीघ्र पदस्थापना कराई जाए, जिससे आम जनता को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

**शहडोल मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की मांग**

पूर्व मंत्री ने मुख्यमंत्री के समक्ष एक अन्य महत्वपूर्ण विषय रखते हुए कहा कि आदिवासी बहुल शहडोल संभाग में न्यूरो सर्जन, फिजिशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञों की भारी कमी है। सड़क दुर्घटनाओं और गंभीर बीमारियों के मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभाव में जबलपुर, रीवा और अन्य शहरों में रेफर करना पड़ता है, जिससे कई मरीजों की जान जोखिम में पड़ जाती है।

उन्होंने मांग की कि बिरसा मुण्डा चिकित्सा शिक्षा महाविद्यालय, शहडोल में न्यूरो सर्जन, फिजिशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञों के स्वीकृत पदों पर शीघ्र नियुक्तियां कराई जाएं, ताकि संभाग के लाखों लोगों को स्थानीय स्तर पर उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें।

विकास एवं जनहित के मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जिले के समग्र विकास, स्वास्थ्य अधोसंरचना, जनसुविधाओं के विस्तार और क्षेत्र की विभिन्न आवश्यकताओं पर भी विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से सुना और आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

राजनीतिक एवं सामाजिक दृष्टि से इस मुलाकात को अनूपपुर एवं शहडोल संभाग की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि सरकार द्वारा शीघ्र निर्णय लिए जाने पर क्षेत्र के हजारों मरीजों को बेहतर और सुलभ चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

# तिवारी-त्रिपाठी की 'जय-वीरू' जोड़ी पर पढ़रेही खदान से पत्थर के अवैध परिवहन के आरोप

**समाज जागरण विजय तिवारी**

मैहर। पढ़रेही खदान क्षेत्र से खनिज पत्थर के कथित अवैध परिवहन को लेकर क्षेत्र में चचाओं का दौर तेज हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि तिवारी और त्रिपाठी की जोड़ी के संरक्षण में खदान से बड़े पैमाने पर पत्थर का परिवहन किया जा रहा है। मामले को लेकर खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि खदान से निकलने वाले वाहनों के दस्तावेज, ई-टीपी, रॉयल्टी पर्चियां तथा परिवहन मार्गों के रिकॉर्ड की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं। लोगों का आरोप है कि नियमों को दरकिनार कर खनिज परिवहन का खेल लंबे समय से जारी है, जिससे शासन को राजस्व हानि होने की आशंका भी जताई जा रही है। क्षेत्र में चर्चा है कि पढ़रेही खदान से निकलने वाले वाहनों की संख्या और दस्तावेजों में दर्ज आंकड़ों का मिलान किया जाए तो वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकती है। ग्रामीणों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने जिला प्रशासन और खनिज विभाग से पूरे

मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि परिवहन से जुड़े सभी अभिलेखों, सीसीटीवी फुटेज, टोल प्लाजा रिकॉर्ड एवं ई-टीपी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की जाए तो कथित अनियमितताओं का खुलासा हो सकता है। वहीं लोगों के बीच यह भी चर्चा है कि मामले में जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा समय रहते कार्रवाई नहीं किए जाने से अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है।

# प्रभारी मंत्री की बेरुखी से नागरिकों में छायी निराशा

## भाजपा की कार्य शैली को लग रहा पलीता

**समाज जागरण**

उमरिया -- बीते दिनों जिले के पाली नगर पालिका परिषद के जन कल्याण शिविर के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति कल्याण विभाग मंत्री नागर सिंह चौहान को उपस्थित होना था, इसके लिए नियमतः शासकीय तौर पर रुट चार्ट जारी कर दोपहर 12.30 का समय नियत किया गया था। अपने प्रस्तावित दौरे के अनुरूप जिले के प्रभारी मंत्री जी का आगमन भी हुआ, लेकिन नगर पालिका परिषद की जन कल्याण शिविर में उनका न पहुंचना न सिर्फ उपस्थित समुदाय को निराश कर गया, अपितु क्षेत्र में चचाओं का दौर जारी कर दिया। मालूम होवे की प्रभारी मंत्री के आगमन की तैयारी पूरी कर ली गई थी, और उनके आगमन के लिए स्थानीय प्रशासन और उपस्थित जन समुदाय उनके आगमन के लिए पलक पावडे बिछाये जून माह की भरी दोपहरी में पसीने से तर बतर होने के बाद भी बैठी रहीं, लेकिन आखिर में उनके न आने के कारण शाम 5.00 बजे तक इंतजार करती जनता आखिर में निराश होकर चली गई। प्रभारी मंत्री के इस बेरूखी से जनता में भारी निराशा देखने को मिली। यह पहला अवसर था जब भारतीय जनता पार्टी के प्रभारी मंत्री के व्दारा इस तरह से जनता से मुंह मोड के चले गए, अभी तक भारतीय जनता पार्टी में जनता के प्रति इस तरह की बेरूखी की परंपरा नहीं थी, जिस जनता को सरकार के मंत्री भगवान के रूप में सम्मान करती है, मंत्रियों के लिये लोक लुभावन होती रही है, आज वही जनता इन मंत्रियों के लिए अप्रिय क्यों हो गयी, इसका सीधा जबाब तो मंत्री जी ही दे सकते हैं, और जबाब के लिए पर्याप्त वजह बतायी जा सकती है, परन्तु जनता से इस तरह की बेरूखी का सवाल क्षेत्र की जनता के मन में गहरी चोट पहुचा गया । विदित होवे की ऐसा भी नहीं की प्रभारी मंत्री ने पाली की सैर नहीं की। खूब की पाली के अंतिम छोर में बसे अमिलिहा ग्राम पंचायत में जन कल्याण शिविर में आपने भाग लिया, भिम्माडोंगरी में नल जल योजना का लोकार्पण किया, और पाली में आयोजित जन कल्याण शिविर के ईर्द -गिर्द चक्कर लगाते हुए संजय गाँधी ताप परियोजना के अतिथि गृह में भी भोजन ग्रहण करते हुए घंटो बिताये, और जन कल्याण शिविर से महज 200 मीटर की दूरी से कार्यक्रम को टाटा करते हुए पाली से आगे निकल गये। भारतीय जनता पार्टी की सरकार जिस जनता के प्यार और सम्मान के कारण प्रदेश से लेकर देश में आज दशकों से राज कर रही है, उस जनता को इस तरह से प्रभारी मंत्री के व्दारा ठुकराने से भाजपा की जन हितैषी छबि को पलीता लगता दिख रहा है।

# अनूपपुर मे EOW का छापा -- 30000 रिश्वत लेते कार्यपालन यंत्री रंगे हाथ गिरफ्तार

**समाज जागरण विजय तिवारी**

अनूपपुर। वर्ष 2020- 21 में अनूपपुर जिले में पाइप लाइन बिछाने, घर में नल कनेक्शन करने संबंधित कंपनी द्वारा कार्य पूर्ण होने के पश्चात उसके अंतिम देयक राशि लगभग 14 लाख रुपए के भुगतान एवं सिक्यूरिटी डिपॉजिट राशि लगभग 7 लाख रुपए तथा जमा FDR लगभग 4 लाख रुपए को रिलीज किए जाने के एवज में प्रभारी कार्यपालन यंत्री श्री ए.के. साह PHE अनूपपुर द्वारा आवेदक रामाश्रय यादव निवासी बाणसागर कॉलोनी जिला रीवा से 2 लाख रुपए रिश्वत की मांग की गई थी। जिसमें प्रथम किस्त 1,50,000 रुपए पूर्व में प्राप्त किए जा चुके थे। शेष राशि लिए जाने हेतु आज दिनांक 19.06.2026 को प्रभारी कार्यपालन यंत्री श्री ए. के. साह द्वारा आवेदक रामाश्रय यादव को अपने निज निवास स्मार्ट सिटी अनूपपुर में बुलाया गया था। श्री ए. के.साह प्रभारी कार्यपालन यंत्री PHE अनूपपुर द्वारा आवेदक से जैसे ही 30,000 रुपए रिश्वत की राशि प्राप्त की गई, वैसे ही EOW रीवा की टीम द्वारा प्रभारी कार्यपालन यंत्री श्री ए.के.शाह को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया।



# पत्रकार को जान से मारने की धमकी, एसपी कार्यालय पहुंचा मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ

## आरोपियों पर एफआईआर दर्ज न होने से जिले भर के पत्रकारों में भारी आक्रोश

### पुलिस प्रशासन को उग्र आंदोलन की दी गई चेतावनी

**समाज जागरण**

मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की शहडोल जिला इकाई ने आज जिले के पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन संघ के ब्योहारी ब्लाक के वरिष्ठ पत्रकार और पदाधिकारी सूर्यभान यादव को फोन पर अकारण गालियां देने और जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपियों के खिलाफ तत्काल अपराध दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर दिया गया है।

जिलाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह परिहार और महासचिव अनुराग त्रिपाठी की ओर से सौंपे गए इस ज्ञापन में पुलिस प्रशासन को स्पष्ट किया गया है कि यदि मामले में जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो पत्रकार साथी न्याय के लिए सड़कों पर उतरने के लिए पूरी तरह विवश होंगे।

इस पूरे घटनाक्रम के संदर्भ में बताया गया है कि वरिष्ठ पत्रकार सूर्यभान यादव को निलेश सोनी एवं रामराज गुप्ता नामक आरोपियों द्वारा फोन पर अकारण अश्लील गालियां दी गईं और जान से मारने की गंभीर धमकी दी गई है। इस संवेदनशील मामले को लेकर ब्लॉक इकाई ब्यौहारी द्वारा बीते 15 जून 2026 को ही थाना प्रभारी ब्यौहारी को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी। अत्यंत खेद का विषय है कि शिकायत के इतने दिनों बाद भी स्थानीय पुलिस द्वारा कोई भी दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई। इसी निष्क्रियता के चलते आरोपियों के हौसले बुलंद हैं और वे पीड़ित पत्रकार को लगातार डरा-धमका रहे हैं। पत्रकार के साथ हुई इस अभद्रता पर मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ, जिला इकाई शहडोल ने कड़े शब्दों में निंदा व्यक्त की है। संघ का स्पष्ट मानना है कि जनहित के मुद्दे उठाने वाले एक निर्भीक पत्रकार को इस प्रकार से धमकाया जाना सीधे तौर पर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर प्रहार है। इस निंदनीय कृत्य को लेकर जिले भर के समस्त मीडियाकर्मियों और पत्रकारों में भारी आक्रोश व्याप्त हो चुका है। पत्रकारों ने एकजुट होकर स्पष्ट कर दिया है कि वे अपने किसी भी साथी के साथ होने वाले इस तरह के अन्याय और दुर्व्यवहार को कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे और इसके खिलाफ हर स्तर पर अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे। ज्ञापन के माध्यम से श्रमजीवी पत्रकार संघ ने जिले के पुलिस अधीक्षक से इस पूरे मामले की गंभीरता का संज्ञान लेने का अनुरोध किया है।

संघ ने मांग की है की तत्काल ब्यौहारी पुलिस को कड़े निर्देश जारी करें ताकि नामजद आरोपियों (निलेश सोनी एवं रामराज गुप्ता) के विरुद्ध बिना किसी विलंब के एफआईआर (ऋक्षक्ष) पंजीबद्ध की जा सके। पत्रकारों ने यह भी मांग रखी है कि केवल मामला दर्ज करना ही काफी नहीं है, बल्कि आरोपियों के खिलाफ ऐसी कठोर वैधानिक और दंडात्मक कार्यवाही की जाए जिससे भविष्य में कोई भी असामाजिक तत्व पत्रकारों को धमकाने की जुर्रत न करे।

इस महत्वपूर्ण ज्ञापन को सौंपने के दौरान संगठन प्रभारी साथी मो. अली, संभागीय महासचिव साथी कृष्णा तिवारी, कार्यकारी जिला अध्यक्ष साथी अशोक तिवारी,जिला उपाध्यक्ष साथी सिद्दीक अंसारी,साथी रिजवान खान (जिला संयोजक आई टी सेल) और समीर दादा (नगर अध्यक्ष सोहागपुर) की विशेष उपस्थिति रही।

# वन अधिकार अधिनियम के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण

## जन जातीय कार्य विभाग का आयोजन

**समाज जागरण विजय तिवारी**

उमरिया --- वन अधिकार अधिनियम के तहत सामुदायिक परिसंपत्तियों के रख रखाव और उसके उपयोग करने के संबंध में पाली विकास खंड के माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर में दो दिवसीय प्रशिक्षण जन जातीय कार्य विभाग व्दारा आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपखंड स्तरीय वन अधिकार समिति की अध्यक्ष एवं अनुविभागीय अधिकारी राज स्व पाली मीनाक्षी इंगले, सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग उमरिया डॉ. पूजा द्विवेदी, जनपद पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी कुंअर कन्हाई की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। वन अधिकार अधिनियम के तहत आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पाली विकास खंड के राजस्व विभाग से सभी पटवारी, वन विभाग से फारेस्ट गार्ड और ग्रामीण विकास विभाग से पंचायत सचिव और रोजगार सहायकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ वीणावादिनी के चल चित्र पर दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया। कार्यक्रम में विभाग प्रमुखों का अभिनंदन कन्या शिक्षा परिसर की प्राचार्य सरिता गुप्ता व्दारा किया गया। इस प्रशिक्षण में लगभग 150 प्रशिक्षाणार्थियो ने भाग लिया। आज के प्रशिक्षण के द्वितीय सत्र सीएफआरआर के बारे में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य डॉक्टर पूजा द्विवेदी ने विस्तार सहित प्रशिक्षणार्थियों को समझाते हुए पूरे दिवस आ रही थी जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का समाधान स्वयं किया। मास्टर ट्रेनर संजय पांडेय ने वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत तीन प्रकार दावों व्यक्तिगत, सामुदायिक और सामुदायिक वन संसाधन संरक्षण एवं प्रबंधन दावों के बारे में बताते हुए सीएफआरआर की पूरी प्रक्रिया, ग्राम समिति का गठन और पूरी प्रक्रिया के दौरान लगने वाले सभी प्रपत्रों को सिलसिलेवार बताया। आज का प्रशिक्षण श्रीमती पुष्पा तेकाम, ब्लॉक समन्वयक जन अभियान परिषद पाली, श्रीमती दमयंती ठाकुर जिला समन्वयक पेसा, श्री ए के शुक्ला प्राचार्य कन्या शिक्षा परिसर उमरिया, संजय पांडेय प्रभारी मंडल संयोजक एवं मानव जीवन विकास समिति कटनी के मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिया गया, जिसमें गांव में वन अधिकार समिति गठन करने, सामुदायिक संसाधन का दवा लगाने ,



दावे के भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया, नजरी नक्शा तैयार करने की प्रक्रिया, सामुदायिक अधिकार के लिए बुजुर्गों का कथन, दावों का सत्यापन, स्थल निरीक्षण उपरांत खंड स्तरीय समिति को दावों का प्रेषण आदि सूक्ष्मतम बिंदुओ की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सभी प्रकार के सूचनाओं, प्रपत्रों आदि को विस्तार से भरने के लिए समझाया गया।

# विलायत कला में शराब दुकान हटाने व अवैध बिक्री के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

## 3 दिन में कार्रवाई न होने पर आबकारी कार्यालय और थाने में तालाबंदी की चेतावनी

**समाज जागरण**

कटनी। कटनी जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम विलायत कला में नियम विरुद्ध संचालित शराब दुकान और क्षेत्र के गांवों में धड़ल्ले से बिक रही अवैध शराब को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश चरम पर पहुंच गया है। शुक्रवार की शाम क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने एकजुट होकर आबकारी विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कलेक्टर आशीष तिवारी के नाम एक शिकायती ज्ञापन बड़वारा तहसीलदार को सौंपा। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि तीन दिनों के भीतर उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आबकारी विभाग के कार्यालय की तालाबंदी करेंगे और बड़वारा थाने के सामने उग्र धरना-प्रदर्शन करने को विवश होंगे।

**हाईवे के बीच दुकान, आए दिन हो रहे हादसे**

कलेक्टर को संबोधित ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि विलायत कला ग्राम में स्थित शराब दुकान पूरी तरह से नियमों को ताक पर रखकर संचालित की जा रही है। यह दुकान नेशनल हाईवे 43 और स्टेट हाईवे के ठीक मध्य में स्थित है। मुख्य मार्ग और व्यस्ततम इलाका होने के कारण यहाँ शराबियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस दुकान की वजह से क्षेत्र के राहगीरों और ग्रामीणों के जान-माल पर हमेशा खतरा मंडराता रहता है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस दुकान की निष्पक्ष जांच कराई जाए और इसे तत्काल किसी अन्य सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। गली-गली पैर पसार रहा अवैध शराब का कारोबार, युवा हो रहे बर्बाद सौंपे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने क्षेत्र में सक्रिय शराब माफियाओं के नेटवर्क का पदार्फाश करते हुए बताया कि बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लगभग डेढ़ दर्जन गांवों में गली-गली अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। ग्रामीणों ने मुख्य रूप से भजिया, भुड़सा, परसेल, बिजौरी, कोड़ो सलैया, गुड़ा, बड़ा गुड़ा, देवरी, खरहटा विलायत खुर्द, लोहरवारा, पथवारी और झरेला ग्रामीणों का आरोप है कि इन गांवों में आसानी से शराब उपलब्ध होने के कारण स्कूल जाने वाले नाबालिग बच्चे और युवा गंभीर नशे की चपेट में आ रहे हैं। इस अवैध कारोबार के चलते शांत ग्रामीण इलाकों में आपराधिक घटनाओं और आपसी विवादों में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है, जिससे माताओं-बहनों का घर से निकलना दूभर हो गया है।



प्रदर्शनकारियों ने कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि क्षेत्र के नागरिकों द्वारा पूर्व में भी कई बार ज्ञापन के माध्यम से इस गंभीर समस्या से अवगत कराया जा चुका है। लेकिन खेद का विषय है कि आज दिनांक तक जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा इस संबंध में कोई ठोस या दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई। प्रशासन की इसी निष्क्रियता के कारण शराब माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीणों ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि उक्त गांवों में चल रही अवैध शराब की बिक्री पर तत्काल पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए और विलायत कला की नियम विरुद्ध दुकान को 3 दिवस के भीतर अन्यत्र शिफ्ट किया जाए। यदि तय समय सीमा में उचित कदम नहीं उठाए गए, तो क्षेत्र के हजारों ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

# भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अश्विनी परांजपे का मैहर में भव्य स्वागत, सैकड़ों महिलाओं ने किया अभिनंदन

**समाज जागरण**

मैहर। मां शारदा की पावन नगरी मैहर में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष अश्विनी परांजपे के आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। मैहर जिले के प्रवेश द्वार जीतनगर में भाजपा जिला मंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य जयंती महेश तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ों महिला कार्यकताओं और समर्थकों ने प्रदेशाध्यक्ष का आत्मीय अभिनंदन किया।इस अवसर पर महिलाओं ने पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया तथा मैहर की धरती पर आगमन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में पहुंचीं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और संगठन की मजबूती एवं महिला सशक्तिकरण को लेकर अपने विचार साझा किए।स्वागत कार्यक्रम के दौरान भाजपा महिला मोर्चा की गतिविधियों, संगठन विस्तार तथा महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर भी चर्चा हुई। पूरे आयोजन में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में मैहर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आईं सैकड़ों महिलाओं की उपस्थिति ने महिला मोर्चा की संगठनात्मक ताकत का परिचय दिया।प्रदेशाध्यक्ष के स्वागत को लेकर कार्यकताओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया और पूरे कार्यक्रम में भाजपा महिला मोर्चा के प्रति समर्पण एवं संगठन के प्रति विश्वास का संदेश दिया गया।





# प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला एवं संगोष्ठी का आयोजन

**समाज जागरण**

शहडोल। जैतपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खरला ग्राम पंचायत में प्राकृतिक खेती पर आधारित संगोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संगोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसानों की लागत कम करने और आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है तथा कृषि उत्पादन की गुणवत्ता में भी सुधार होता है।इस अवसर पर विधायक जयसिंह मरावी, सदस्य जिला योजना समिति श्रीमती अमिता चपरा ,सुरेश चतुर्वेदी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं किसान उपस्थिति रहे।



# ऑपरेशन दृष्टि के तहत झारखंड में अब तक का सबसे बड़ा मेगा नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया

## नामकुम सैन्य अस्पताल में चार दिवसीय शल्य चिकित्सा अभियान के माध्यम से 320 से अधिक नागरिकों की आंखों की रोशनी लौटी

भारतीय सेना और भारतीय वायुसेना की एक विशेष नेत्र चिकित्सा टीम ने 15 से 19 जून 2026 के बीच रांची के नामकुम स्थित सैन्य अस्पताल में 'ऑपरेशन दृष्टि' के तहत 9वें मेगा मेगा नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया।



इस शिविर के दौरान 2,500 से अधिक मरीजों की जांच की गई और आंखों की रोशनी लौटाने वाली 300 से अधिक सर्जिकल प्रक्रियाएं की गईं, जिनमें 260 से अधिक मोतियाबिंद के ऑपरेशन शामिल थे। इनमें से 100 से अधिक वंचित आदिवासी मरीजों को लाभ मिला। इस शिविर में एडवांस्ड मिनिमली इनवेसिव ग्लूकोमा सर्जरी (एमआईजीएस), डायबिटिक रेटि नोपैथी का शल्य उपचार और आंखों की रोशनी बचाने वाले एंटी-वीईजीएफ इंजेक्शन भी प्रदान किए गए। समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने ऑपरेशन दृष्टि की टीम के समर्पण और पेशेवर दक्षता की सराहना की। उन्होंने इस पहल को सेवा परमो धर्मः के संकल्प का जीवंत उदाहरण बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम केवल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार का माध्यम नहीं है, बल्कि सेना चिकित्सा कोर की असाधारण दक्षता, प्रतिबद्धता और विशेषज्ञता का भी प्रदर्शन है।

ऑपरेशन दृष्टि की शुरूआत से अब तक के प्रभाव का उल्लेख करते हुए रक्षा राज्य मंत्री ने बताया कि देशभर में 75,000 से अधिक मरीजों की जांच की जा चुकी है और 3,000 से अधिक दृष्टि बहाल करने वाली सर्जरी की जा चुकी हैं।

# अवैध खनिज परिवहन, उत्खनन एवं भंडारण के 97 प्रकरणों में 29.02 लाख रुपये की राशि अधिरोपित

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल।कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी रोक लगाने के लिए खनिज विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं वन विभाग के संयुक्त दलों द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है।

जिला खनिज अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध रेत परिवहन, भंडारण एवं उत्खनन के 87 प्रकरणों में कुल 25,89,232 रुपये की राशि अधिरोपित की गई है। वहीं अवैध कोयला उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के 10 प्रकरणों में 3,12,823 रुपये की राशि अधिरोपित की गई है। इस प्रकार जिले में कुल 97 प्रकरणों में 29,02,055 रुपये की राशि अधिरोपित की गई है रेत संबंधी प्रकरणों में 28 मार्च 2026 को ग्राम नरवार (तहसील सोहागपुर) में 30 घनमीटर खनिज रेत का विनष्टीकरण किया गया। 12 मई 2026 को ग्राम टिहकी (तहसील जयसिंहनगर) में 24 घनमीटर रेत जब्त की गई। 27 मई 2026 को तहसील ब्यौहारी के ग्राम मनटोला एवं भमरहा में अवैध भंडारित 200 घनमीटर रेत का विनष्टीकरण किया गया। 29 मई 2026 को ग्राम डोंगरीटोला (तहसील जैतपुर) में चार स्थानों पर अवैध भंडारित रेत का विनष्टीकरण किया गया। 5 जून 2026 को ग्राम बिरोड़ी एवं पैरीबहरा में कुल 105 घनमीटर रेत का विनष्टीकरण किया गया। वहीं 12 जून 2026 को ग्राम जमोड़ी एवं नौढिया (तहसील ब्यौहारी) में 200 घनमीटर अवैध भंडारित रेत का विनष्टीकरण किया गया। कोयला संबंधी मामलों में 8 अप्रैल 2026 को ग्राम कुम्हारी (तहसील जैतपुर) में अवैध उत्खनन के दौरान एक जेसीबी मशीन जब्त कर प्रकरण दर्ज किया गया। 11 मई 2026 को ग्राम लालपुर में एक जेसीबी एवं एक ट्रैक्टर जब्त किया गया। 9 जून 2026 को ग्राम केशवाही क्षेत्र में अवैध उत्खनन से बने चार बड़े गड्ढों को भरवाकर उत्खनन को बाधित किया गया। 14 जून 2026 को ग्राम बटुरा (तहसील बुढार) में संयुक्त कार्रवाई के दौरान 10 टन कोयला जब्त किया गया। इसके बाद 18 जून 2026 को पुलिस, राजस्व एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम बटुरा में लगभग 80 टन अवैध उत्खनित कोयला जब्त किया गया।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# ओबरा के नए क्षेत्राधिकारी प्रभात राय की कुशल कार्यप्रणाली से बेहतर होगी नगर की व्यवस्था

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के शांत और औद्योगिक क्षेत्र ओबरा सर्किल में नए क्षेत्राधिकारी (CO) प्रभात राय द्वारा कार्यभार संभाल लिया गया है। गोरखपुर, मिजार्पुर और भदोही जैसे जनपदों में पुलिसिंग का एक लंबा और कुशल अनुभव रखने वाले वर्ष 2014 बैच के पीपीएस अधिकारी प्रभात राय की कार्यप्रणाली ओबरा नगर की बेहद शांत और सहज प्रकृति के अनुकूल है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर की प्रशासनिक व्यवस्था को बेहतर करने और फरियादियों की समस्याओं के समयबद्ध निस्तारण के संबंध में उनकी कुशल कार्यप्रणाली का स्वरूप सामने आया है। ओबरा सर्किल के अंतर्गत ताप विद्युत परियोजना और स्थानीय परिवहन से जुड़ी परिस्थितियों के बीच नगर के अनुशासित वातावरण को बनाए रखना इस व्यवस्था का मुख्य हिस्सा है। इसके साथ ही, नगर में कम उम्र के युवाओं के विचलित होने और वर्चस्व की जंग के कारण बढ़ते आपसी विवादों की कड़ी को रोकने के लिए एक सुधारात्मक पहलू की आवश्यकता है। इस सुधारात्मक उद्देश्य के लिए नगर स्तर पर शांति समिति की स्थापना, समाज के प्रबुद्ध, वरिष्ठ और सामाजिक लोगों के माध्यम से क्रियाकलाप करने की रूपरेखा पर चचाएं हुई हैं, जिस पर पूर्ण आश्वासन प्राप्त हुआ है। एक अनुभवी अधिकारी के रूप में उनकी यह व्यवस्था ओबरा की सहजता और समयबद्ध समाधान को बल देगी।

# अब तय स्थल पर ही होंगे धरना-प्रदर्शन, डीएम चर्चित गौड़ का आदेश जारी

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने जनपद में विभिन्न राजनैतिक, अराजनैतिक एवं अन्य संगठनों द्वारा आयोजित किए जाने वाले धरना-प्रदर्शन कार्यक्रमों के सुव्यवस्थित संचालन के लिए महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। इसका उद्देश्य शासकीय कार्यों के निर्बाध सम्पादन को सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी ने बताया कि कार्यालयीय कार्य के दौरान बड़ी संख्या में संगठनों एवं दलों के प्रतिनिधि कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचकर धरना-प्रदर्शन करते थे। इससे आम जनता की समस्याओं की सुनवाई, फरियादियों के मामलों के निस्तारण तथा अन्य महत्वपूर्ण शासकीय कार्यों के संचालन में अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न होता था। इस स्थिति को देखते हुए, धरना-प्रदर्शन के लिए एक निर्धारित स्थल चिन्हित किया गया है। यह स्थल कलेक्ट्रेट भवन के पीछे स्थित कोषागार कार्यालय के सामने पश्चिम दिशा की ओर है। जिलाधिकारी



चर्चित गौड़ ने पुलिस अधीक्षक सहित समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनपद में आयोजित होने वाले धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम केवल इसी निर्धारित स्थल पर आयोजित कराए जाएं। उन्होंने कहा कि स्थानीय थाना एवं संबंधित पुलिस अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी प्रकार का धरना-प्रदर्शन निर्धारित स्थल के अतिरिक्त अन्यत्र न किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं कि संबंधित अधिकारी निर्धारित स्थल पर स्वयं उपस्थित होकर धरनारत प्रतिनिधियों से ज्ञापन प्राप्त करें तथा प्राप्त प्रकरणों में नियमा नुसार आवश्यक अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू होगी और इसका कड़ाई से अनुपालन कराया जाएगा। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसुनवाई, प्रशासनिक कार्यों एवं आमजन की सुविधाओं को प्रभावित किए बिना लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने के लिए निर्धारित स्थल का उपयोग सुनिश्चित कराया जाए।

# सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कृषि मेले का आयोजन

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद सोनभद्र के विकास खंड रावर्टसगंज के ग्राम मंहुराही में आयोजित दो दिवसीय कृषि मेले एवं प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार के माननीय प्रभारी मंत्री श्री हंसराज विश्वकर्मा जी ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान माननीय मंत्री जी ने सर्वप्रथम कृषि विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा लगाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा विभिन्न स्टॉलों पर प्रदर्शित तकनीकों एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इसके उपरांत माननीय मंत्री जी ने भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। किसानों को अनुदान पर कृषि यंत्र, उन्नत बीज, सिंचाई सुविधाएं तथा विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उनके जीवन स्तर एवं आय



में निरंतर वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है तथा भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर घोरावल विधायक डॉ. अनिल कुमार मौर्य ने भी केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में संचालित विभिन्न जनक ल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कृषकों से योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला ध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, पूर्व सांसद नरेंद्र कुशवाहा, भाजपा जिला प्रभारी अनिल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश मिश्रा, जिला महामंत्री संतोष शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के अंत में ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। माननीय प्रभारी मंत्री जी ने कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील कृषकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को बीज किट वितरित किए। कार्यक्रम में उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# 6 साल बाद मिला इंसाफ , पत्नी को जिंदा जलाने वाला पति पहुंचा सलाखों के पीछे

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। दहेज उत्पीड़न और महिला अपराध के एक चर्चित मामले में करीब छह वर्ष बाद न्यायालय ने अहम फैसला सुनाते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया है। दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी को मिट्टी का तेल छिड़ककर जिंदा जलाने वाले आरोपी पति को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश, सोनभद्र की अदालत ने मामले की सुनवाई पूरी करते हुए आरोपी मनोज मुसहर को दोषी करार दिया। न्यायालय ने उसे आजीवन कारावास के साथ एक लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा नहीं करने पर छह माह की अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतनी होगी। अभियोजन के अनुसार रामपुर थाना क्षेत्र निवासी रामनरेश मुसहर ने वर्ष 2020 में अपनी पुत्री सुगवत्ती देवी की दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।




आरोप था कि शादी के बाद से ही पति मनोज और उसके पिता दहेज की मांग को लेकर सुगवत्ती को प्रताड़ित करते थे। 21 जुलाई 2020 की रात उस पर मिट्टी का तेल छिड़ककर आग लगा दी गई, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। घायल महिला का इलाज जिला अस्पताल और बाद में रॉबर्ट्सगंज के एक निजी अस्पताल में कराया गया, जहां 6 अगस्त 2020 को उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और साक्ष्य मिलने पर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। सुनवाई के दौरान अदालत ने नौ गवाहों की गवाही, दस्तावेजी साक्ष्यों और दोनों पक्षों की दलीलों का अवलोकन किया। साक्ष्यों को पर्याप्त मानते हुए न्यायालय ने आरोपी पति को दोषी ठहराया और कठोर सजा सुनाई।

न्यायालय के इस फैसले को दहेज हत्या जैसे गंभीर अपराधों के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। यह निर्णय उन मामलों में भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जहां पीड़ित परिवार वर्षों तक न्याय की प्रतीक्षा करता है।

# जन चौपाल में पढ़ी जा रही आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 की पात्रता सूची, ग्रामीणों को आपत्ति दर्ज कराने का अवसर

**पारदर्शिता, जनसहभागिता और पात्र लाभार्थियों के चयन को सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल**

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 की पात्रता सूची जनपद सोनभद्र की ग्राम पंचायतों में जन चौपाल के माध्यम से सार्वजनिक रूप से पढ़कर सुनाई जा रही है। जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ के निर्देश के क्रम में संचालित इस प्रक्रिया का उद्देश्य योजना के अंतर्गत पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों का निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन सुनिश्चित करना है। जन चौपाल के दौरान ग्रामवासियों के समक्ष पात्रता सूची प्रस्तुत की जा रही है, जिससे प्रत्येक नागरिक सूची का अवलोकन कर सके तथा सूची में शामिल किसी भी नाम के संबंध में तथ्यात्मक आपत्ति होने पर उसे दर्ज करा सके। प्राप्त आपत्तियों का परीक्षण कर नियमा नुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने संबंधित अधिकारियों को




निर्देशित किया है कि जन चौपाल की कार्यवाही पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराई जाए तथा ग्रामीणों को अपनी बात रखने का पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप योजना का लाभ केवल वास्तविक एवं पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि वे जन चौपाल में सक्रिय सहभागिता करें तथा यदि सूची में किसी प्रकार की त्रुटि अथवा आपत्ति हो तो उसे समयबद्ध रूप से दर्ज कराएं, ताकि पात्र परिवारों को योजना का लाभ सुनिश्चित किया जा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत यह पहल पारदर्शी प्रशासन, जनभागीदारी एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सेवानिवृत्त शिक्षक के घर लाखों की चोरी, दो लाख नकद समेत जेवरात ले उड़े चोर

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। बभनी थाना क्षेत्र के चक चपकी गांव में गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने एक सेवानिवृत्त शिक्षक के घर को निशाना बनाते हुए करीब दो लाख रुपये नकद तथा लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह होने पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार चक चपकी गांव निवासी मगन राम तिवारी, जो सेवानिवृत्त शिक्षक हैं, गुरुवार रात अपने परिवार के साथ घर में सो रहे थे। इसी दौरान अज्ञात चोर घर के पीछे की ओर से पहुंचे और खिड़की की सरिया तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए। इसके बाद चोरों ने कमरे में रखी अलमारी और बक्सों का ताला तोड़ दिया तथा उसमें रखे करीब दो लाख रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवरात और अन्य कीमती सामान समेटकर



फरार हो गए। शुक्रवार सुबह जब परिवार के लोग जागे तो कमरे का सामान बिखरा पड़ा मिला। अलमारी और बक्सों के ताले टूटे हुए देखकर परिवार के लोगों के होश उड़ गए। चोरी की खबर गांव में फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना तत्काल बभनी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मक्खन लाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने परिवार के सदस्यों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना से संबंधित जानकारी जुटाई। पीड़ित परिवार ने बताया कि चोरी गए सामान में नकदी के अलावा सोने-चांदी के कई जेवरात भी शामिल हैं, जिनकी कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। परिवार ने पुलिस से जल्द से जल्द चोरी का खुलासा कर सामान बरामद करने की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश शुरू कर दी गई है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है।

चोरी की इस घटना से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों ने रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# पर्यावरण बैंक संस्थान चलाया जागरूकता अभियान, पेड़ से ही प्राण , वृक्षों की रक्षा करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी : क्रांति सिंह

**समाज जागरण/ ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। पर्यावरण बैंक संस्थान प्रदूषण की मार से मुक्ति के लिए वृक्षारोपण जागरूकता अभियान चलाया। स्वर्ण जयंती चौक पर इकट्ठा हुए संस्था के लोगों ने पर्यावरण को सुरक्षित रखना पेड़ लगाकर ऑक्सीजन प्राप्त करने और प्रदूषण की मार से बचने के लिए लोगों से वृक्षारोपण और उनकी सुरक्षा को लेकर आह्वान किया। ह्लपेड़ से ही प्राणह्व अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता क्रांति सिंह ने कहा कि देश को अंग्रेजों और मुगलों की गुलामी से आजादी तो मिल गई, लेकिन प्रदूषण से आजादी अभी भी नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि जिस गति से पेड़ों की कटाई हो रही है, उस अनुपात में नए पौधे नहीं लगाए जा रहे हैं और न ही उनका संरक्षण हो पा रहा है। क्रांति सिंह ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन का आधार हैं। स्वास्थ्य विभाग, कलेक्ट्रेट, तहसील, विकास भवन और स्वर्ण जयंती चौक जैसे सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पीपल का पौधा सर्वाधिक ऑक्सीजन देने वाले वृक्षों में शामिल है और इसी उद्देश्य से लोगों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कोरोना काल का उल्लेख करते हुए



कहा कि उस समय ऑक्सीजन की कमी ने लाखों लोगों को प्रभावित किया। कई लोगों को महंगी कीमतों पर भी ऑक्सीजन उपलब्ध नहीं हो सकी और अनेक लोगों ने दम तोड़ दिया। ऐसे में यह स्पष्ट है कि वृक्ष ही जीवन का वास्तविक आधार हैं। क्रांति सिंह ने कहा कि विकास आवश्यक है, लेकिन पर्यावरण की कीमत पर नहीं। यदि किसी स्थान पर पांच पेड़ काटे जाते हैं तो उसके बदले बड़ी संख्या में पौधे लगाए और सुरक्षित किए जाने चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि विभिन्न योजनाओं के तहत करोड़ों पौधे लगाए जाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन उनमें से कितने पौधे जीवित बचे हैं, यह भी उतना ही महत्वपूर्ण प्रश्न है। उन्होंने कहा कि एक वृक्ष सौ पुत्रों के समान होता है। यदि कोई व्यक्ति या संस्था पौधे लगाकर उनका संरक्षण नहीं करती तो यह केवल गलती नहीं बल्कि महापाप है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे जन्मदिन, पुण्य तिथि और अन्य अवसरों पर पौधारोपण करें तथा लगाए गए पौधों की देखभाल भी करें। क्रांति सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति का कर्तव्य है। उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उन्हें बचाने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

# जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देश पर नियम विरुद्ध आवासीय पट्टों का निरस्तीकरण

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निदेशों के क्रम में तहसील रावर्टसगंज राजस्व ग्राम लसड़ा में राजस्व अभिलेखों, उपलब्ध साक्ष्यों एवं आवास आवंटन पट्टा संबंधी कार्यवाहियों की विस्तृत जांच एवं परीक्षण कराया गया। जांच के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि ग्राम सभा की भूमि पर किए गए कुछ आवासीय पट्टों का आवंटन निर्धारित नियमों एवं प्रावधानों के अनुरूप नहीं किया गया था। संबंधित प्रकरण में सक्षम न्यायालय द्वारा अभिलेखीय साक्ष्यों, राजस्व अभिलेखों तथा आवंटन प्रक्रिया के परीक्षण के उपरांत पारित आदेश में नियम विरुद्ध पाए गए आवासीय पट्टों को निरस्त कर दिया गया है। साथ ही वादग्रस्त भूमि को उसके मूल राजस्व स्वरूप में बहाल करने के निर्देश दिए गए हैं। न्यायालय के आदेश के अनुपा लन में संबंधित भूमि को पुनः अभिलेखों में पूर्ववत श्रेणी-5(3) बंजर खाते में दर्ज किए जाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसके अतिरिक्त यदि प्रकरण में कोई स्थगन आदेश प्रभावी हो तो उसके निरस्तीकरण के उपरांत आवश्यक राजस्व कार्यवाही संपादित की जाएगी। जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने स्पष्ट कहा है कि सरकारी भूमि, राजस्व अभिलेखों एवं सार्वजनिक संपत्तियों से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की अनियमितता, नियमों की अवहेलना अथवा अवैध लाभ प्राप्त करने के प्रयासों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे मामलों में जांच कर दोषियों के विरुद्ध नियमा नुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ग्राम समाज एवं सार्वजनिक उपयोग की भूमि की नियमित निगरानी की जाए तथा भूमि से संबंधित सभी मामलों में पूर्ण पारदर्शिता एवं विधि सम्मत प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित किया जाए।

# जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक ने सुनी आमजन की समस्याएं, त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई/जनता दर्शन कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों एवं नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण तत्परता के साथ सुना गया। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, साइबर अपराध, गुमशुदगी, राजस्व संबंधी प्रकरणों सहित विभिन्न पुलिस संबंधी शिकायतें प्राप्त हुईं। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा प्रत्येक प्रकरण का स्वयं संज्ञान लेते हुए संबंधित क्षेत्राधि कारीगण एवं थाना प्रभारियों को शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत की तथ्यपरक जांच करते हुए पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना प्राथमिकता रहे। साथ ही शिकायतकताओं को की गई



कार्यवाही से समय-समय पर अवगत कराने तथा जनसमस्याओं के समा धान में संवेदनशील एवं जिम्मे दार व्यवहार अपनाने के निर्देश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनावश्यक विलंब अथवा उत्पीड़न पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों/ कर्मचारियों के विरुद्ध

कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिन प्रकरणों में तत्काल हस्तक्षेप आवश यक है, उनमें प्राथमिकता के आधार पर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

# घोरावल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए दुष्कर्म एवं मारपीट के मुकदमे में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**


सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक घोरावल बृजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना घोरावल पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए थाना घोरावल पर पंजीकृत मु0अ0सं0 80/2026, धारा 69, 115(2), 351(3) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरण-दिनांक 19.04.2026 को वादिनी द्वारा थाना घोरावल पर तहरीर देकर आरोप लगाया गया था कि अभियुक्त द्वारा शादी का झांसा देकर लंबे समय तक शारीरिक संबंध स्थापित किया गया तथा बाद में खर्चा-खुराक मांगने पर उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना घोरावल पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया था।

अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में आज दिनांक 19.06.2026 को थाना घोरावल पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर मुक्खा मोड़ तिराहा, घोरावल के पास से वांछित अभियुक्त सुरेन्द्र शर्मा पुत्र बरसाती निवासी मझिगवां, थाना घोरावल, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 55 वर्ष को समय करीब 06:15 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के उपरांत अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

# घोरावल पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित एक नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी घोरावल के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक घोरावल श्री बृजेश कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना घोरावल पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। आज दिनांक 19.06.2026 को थाना घोरावल पुलिस टीम द्वारा हिन्दुआरी तिराहा



से थाना करमा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 59/2026, धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त महानन्द पुत्र स्व0 रमाशंकर निवासी जलालपुर, थाना कछवा, जनपद मिजार्पुर को समय करीब 08:30 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त मुकदमे में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। गिरफ्तारी के उपरांत अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# बीका कंप्यूटर सेंटर में विद्यार्थियों को किया प्रमाण-पत्र वितरित

**रिहंद एवं ओबरा परियोजना प्रमुख सुरेश चंद्र बुनकर और सीएसआर महाप्रबंधक अनिल कुमार झा को किया सम्मानित**

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

रेणुकूट/ सोनभद्र। हिंडालको कॉलोनी स्थित बीका (BICA) ब्लिट्ज इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव आर्ट कंप्यूटर सेंटर में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर प्रशिक्षण पूर्ण करने पर प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिहंद एवं ओबरा परियोजना प्रमुख सुरेश चंद्र बुनकर तथा हिंडालको सीएसआर के महाप्रबंधक अनिल कुमार झा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। केंद्र के डायरेक्टर जी.के. मदान तथा शिक्षिकाओं शिवानी वर्मा, आरती कुमारी एवं अंजू कुमारी ने अतिथियों को बुके एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर



उनका अभिनंदन किया।अपने संबोधन में सुरेश चंद्र बुनकर ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने और सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। वहीं अनिल कुमार झा ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र प्राप्त करने पर बधाई देते हुए जीवन में लगातार प्रगति एवं उपलब्धियों की ओर अग्रसर रहने का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम के दौरान केंद्र की शिक्षिका आरती कुमारी ने बीका ब्लिट्ज इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव आर्ट में प्रदान की जा रही उच्च गुणवत्ता वाली कंप्यूटर शिक्षा, आधुनिक प्रशिक्षण व्यवस्था तथा संस्थान की विभिन्न उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए कंप्यूटर क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों पर भी प्रकाश डाला। समारोह के दौरान प्रशिक्षित विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में सेंटर के

डायरेक्टर जी.के. मदान, मैनेजर आदित्य सोनी, शिक्षिका शिवानी वर्मा, आरती कुमारी, अंजू कुमारी, दीक्षा वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी का आज सोनभद्र भ्रमण कार्यक्रम

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी दिनांक 20 जून, 2026 को प्रातः 08:30 बजे वाराणसी स्थित होटल ताज गंगेज से सड़क मार्ग द्वारा जनपद सोनभद्र के लिए प्रस्थान करेंगे। अपने भ्रमण के दौरान वह सर्किट हाउस, सोनभद्र में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ बैठक करेंगे। इसके उपरांत विकास भवन, सोनभद्र में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे तथा विकास भवन परिसर में वृक्षारोपण करेंगे। माननीय मंत्री जी पंचायत रिसोर्स सेंटर, सोनभद्र में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे तथा जनपद में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके पश्चात सर्किट हाउस में जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी प्राप्त करेंगे। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान माननीय मंत्री जी उद्योगपतियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवर प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर औद्योगिक विकास, निवेश संवर्धन एवं रोजगार सृजन से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। इसके उपरांत वह प्रेस वार्ता को संबोधित कर सरकार की नीतियों, विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी साझा करेंगे। कार्यक्रमों के उपरांत माननीय मंत्री जी वाराणसी के लिए प्रस्थान करेंगे। मंत्री जी के भ्रमण को लेकर जनपद प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

# एशिया कप विजेता युवा हॉकी सितारें आशीष और प्रेमचंद का जमशेदपुर में सम्मान, टाटा स्टील ने बढ़ाया उत्साह

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर जापान में आयोजित अंडर-18 मेंस एशिया हॉकी कप में भारत को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले नवल टाटा हॉकी अकादमी के दो प्रतिभाशाली खिलाड़ियों आशीष तानी पूर्ति और प्रेमचंद सोय का शुक्रवार को जमशेदपुर में भव्य सम्मान किया गया। दोनों खिलाड़ियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए टाटा स्टील कॉरपोरेट सर्विसेज के वाइस प्रेसिडेंट डी.बी. सुंदरा रमम ने सम्मानित कर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




सम्मान समारोह के दौरान खिलाड़ियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए डी.बी. सुंदरा रमम ने कहा कि टाटा समूह देश में हॉकी जैसे पारंपरिक और गौरवशाली खेल को बढ़ावा देने के लिए लंबे समय से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पूर्वी भारत के विभिन्न राज्यों में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाएं और उच्चस्तरीय खेल वातावरण उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी का परिणाम है कि नवल टाटा हॉकी अकादमी के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खेल प्रतिभाओं को सही दिशा और संसाधन उपलब्ध कराना टाटा स्टील की प्राथमिकताओं में शामिल है। युवा खिलाड़ियों की सफलता न केवल संस्थान के लिए गर्व की बात है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने विश्वास जताया कि आशीष तानी पूर्ति और प्रेमचंद सोय भविष्य में भारतीय हॉकी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

उल्लेखनीय है कि जापान में आयोजित अंडर-18 मेंस एशिया हॉकी कप में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। पूरे टूनामेंट के दौरान टीम ने दमदार खेल का प्रदर्शन किया और कई मजबूत टीमों को पराजित कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस सफलता में नवल टाटा हॉकी अकादमी के कैडेट्स आशीष तानी पूर्ति और प्रेमचंद सोय का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा।

दोनों खिलाड़ियों ने सेमीफाइनल मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ और फाइनल में मेजबान जापान के विरुद्ध शानदार खेल का प्रदर्शन किया। निर्णायक मुकाबलों में उनके प्रदर्शन ने भारतीय टीम को मजबूती प्रदान की और खिताब जीतने की राह आसान बनाई। उनके खेल कौशल, अनुशासन और जुझारूपन की व्यापक सराहना की जा रही है। सम्मान समारोह में अपने अनुभव साझा करते हुए आशीष तानी पूर्ति ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण रहा। इस प्रतियोगिता ने उन्हें अपने खेल को और बेहतर बनाने का मौका दिया तथा विभिन्न देशों के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अनुभव प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि इस सफलता से उनका आत्मविश्वास बढ़ा है और भविष्य में देश के लिए और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिली है।

आशीष ने नवल टाटा हॉकी अकादमी की सुविधाओं और प्रशिक्षण व्यवस्था की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि अकादमी में खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण, आधुनिक खेल संसाधन और अनुभवी कोचों का मार्गदर्शन मिलता है, जिससे उनके प्रदर्शन में लगातार सुधार होता है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोचों, अकादमी प्रबंधन और परिवार के सहयोग को दिया।

दोनों खिलाड़ियों के सम्मान से नवल टाटा हॉकी अकादमी के अन्य कैडेट्स में भी उत्साह का माहौल है। खेल प्रेमियों और प्रशिक्षकों का मानना है कि आशीष तानी पूर्ति और प्रेमचंद सोय की यह उपलब्धि झारखंड, विशेषकर जमशेदपुर के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उनकी सफलता यह साबित करती है कि प्रतिभा, मेहनत और उचित मार्गदर्शन के बल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं। यह सम्मान समारोह न केवल दो खिलाड़ियों की उपलब्धि का उत्सव था, बल्कि भारतीय हॉकी के उज्ज्वल भविष्य का भी प्रतीक बन गया।

# रांची आरएसएस कार्यालय हमले के तार ISI और TTH से जुड़ने पर भाजपा नेता भरत सिंह ने जताई चिंता, कड़ी कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुरः रांची स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) कार्यालय पर हुए हमले के तार कथित रूप से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI और तहरीक-ए-तालिबान हिंदुस्तान (TTH) जैसे संगठनों से जुड़ने की जानकारी सामने आने के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भरत सिंह ने गहरी चिंता और कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने इस घटना को झारखंड की आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताते हुए राज्य सरकार से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।



भरत सिंह ने कहा कि राजधानी रांची के अति सुरक्षित क्षेत्र में स्थित आरएसएस कार्यालय पर पेट्रोल बम से हमला कोई सामान्य आपराधिक घटना नहीं मानी जा सकती। उनके अनुसार यह राज्य की शांति, सामाजिक सौहार्द और सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देने वाली एक सुनियोजित साजिश का हिस्सा प्रतीत होती है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय नहीं होतीं तो इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते थे।

उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि आरएसएस के प्रांत प्रचारक सहित संगठन के महत्वपूर्ण पदाधिकारियों को पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही संघ कार्यालय में स्थायी पुलिस सुरक्षा बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में ऐसी किसी भी घटना की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। भरत सिंह ने कहा कि राष्ट्र निर्माण और सामाजिक कार्यों से जुड़े संगठनों की सुरक्षा सरकार की जिम्मेदारी है और इस दिशा में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

भाजपा नेता ने झारखंड पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस हिरासत से फरार होने के बाद मुख्य आरोपी सैफ अंसारी को पकड़ने में सुरक्षाबलों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी से जांच एजेंसियों को पूरे षड्यंत्र और उससे जुड़े नेटवर्क की जानकारी जुटाने में मदद मिलेगी।

भरत सिंह ने इस मामले की जांच झारखंड एंटी टेररिज्म स्क्वाड (एटीएस) को सौंपे जाने के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एटीएस को इसकी तह तक जाकर जांच करनी चाहिए। उन्होंने आशंका जताई कि राज्य में सक्रिय स्लीपर सेल और देश विरोधी तत्व विभिन्न माध्यमों से अपनी गतिविधियां संचालित कर सकते हैं। इसलिए पूरे नेटवर्क का खुलासा कर दोषियों और उनके सहयोगियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि झारखंड की धरती को किसी भी प्रकार की आतंकी गतिविधियों या राष्ट्रविरोधी साजिशों का अड्डा बनने नहीं दिया जाएगा। राज्य की सुरक्षा, सामाजिक सद्भाव और कानून व्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश करने वाले तत्वों के खिलाफ सरकार और सुरक्षा एजेंसियों को पूरी सख्ती के साथ कार्रवाई करनी चाहिए।

भरत सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि जांच एजेंसियां निष्पक्ष और व्यापक जांच कर पूरे मामले का खुलासा करेंगी तथा दोषियों को कानून के दायरे में लाकर कठोर सजा दिलाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य में शांति, सुरक्षा और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और इस दिशा में सभी नागरिकों को भी सतर्क रहने की आवश्यकता है।

# राहुल गांधी के 56वें जन्मदिन पर कांग्रेस का वृक्षारोपण अभियान, आम बगान मैदान में लगाए गए पौधे

**समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण के संदेश के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष परविंदर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के तहत आम बगान मैदान में व्यापक वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं, कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।



कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अध्यक्ष परविंदर सिंह ने आम का पौधा लगाकर किया। इसके बाद उपस्थित नेताओं और कार्यकताओं ने विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार पौधे रोपे। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और सभी ने पौधों की नियमित देखभाल करने का भी संकल्प लिया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष परविंदर सिंह ने राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य और निरंतर जनसेवा की कामना की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी देश के करोड़ों युवाओं, किसानों, मजदूरों, महिलाओं और वंचित वर्गों की आवाज बनकर लगातार संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने हमेशा आम लोगों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है और सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत रहे हैं। परविंदर Singh ने कहा कि देश के युवाओं को रोजगार, किसानों को न्याय, महिलाओं को सम्मान और गरीब वर्गों को बेहतर जीवन उपलब्ध कराने की दिशा में राहुल गांधी की सोच प्रेरणादायक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में राहुल गांधी राष्ट्रीय राजनीति में और अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे तथा देश को नई दिशा देने में सफल होंगे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल राजनीतिक कार्यक्रमों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी गंभीरता से निभाती है। इसी उद्देश्य से राहुल गांधी के जन्मदिन को वृक्षारोपण अभियान के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया, ताकि पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को देखते हुए प्रत्येक नागरिक को पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने राहुल गांधी के विचारों, संघर्षों और जनहित के मुद्दों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया। साथ ही सभी ने हरित भारत के निर्माण और पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उन्हें संरक्षित करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री बिजय यादव, अशोक सिंह, संजय यादव, अरुण कुमार सिंह, अविनाश सिंह, गुरदीप सिंह सोहल, राजकिशोर प्रसाद, आशुतोष कुमार सिंह, ज्योति मिश्र, देवेंद्र कुमार, गुरुशरण सिंह, राकेश साहू, अशोक सिंह क्रांतिकारी, रंजीत सिंह, विनोद यादव, लव कुमार निराला, कौशल प्रधान सहित जिला कांग्रेस कमेटी के अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सरोकार और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता के संकल्प के साथ हुआ।

# नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से जिलाधिकारी ने की विकास कार्यो की समीक्षा बैठक

## निर्धारित लक्ष्य समय सीमा के अन्दर शत-प्रतिशत निर्माण कार्य कराये जाये पूर्ण- जिलाधिकारी

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में नवीन व्यवस्था अन्तर्गत सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जिन विभागों को शासन द्वारा जो भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह उसका शत-प्रतिशत निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, इस दौरान पी0एम0 सूर्य घर योजना की समीक्षा की समीक्षा के दौरान उन्होने कहा कि पी0एम0 सूर्य घर योजना के अन्तर्गत बैंक के माध्यम से सब्सिडी आदि की सुविधा बैंक के माध्यम से सुनिश्चित करायी जाये उन्होने एल0डी0एम0 को निर्देशित करते हुए कहा कि पी0एम0 सूर्य घर योजना को अन्तर्गत जो भी लक्ष्य निर्धारित किये गये है उसका सत प्रतिशत निस्तारण बैंको के माध्यम से सुनिश्चित किया जाये। इसी प्रकार से उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी लोन योजना के भी प्रगति की समीक्षा की और उपायुक्त उद्योग एवं एल0डी0एम0 को



निर्देशित करते हुए कहा कि प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के लाभार्थियों के पत्रावलियों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाये, इस दौरान उन्होंने आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की, समीक्षा के दौरान उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आई0जी0आर0एस0 पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण ससमय व गुणवत्ता पूर्ण तरीके से सुनिश्चित कराया जाये, उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों द्वारा शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्ण तरीके से नहीं किया जा रहा है और असंतुष्ट फिडबैक प्राप्त हो रहा है, ऐसे अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए करते हुए कहा कि विकास कार्यों, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे कार्यों के प्रगति में तेजी लायी जाये, अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए विभागीय कार्यवाही हेतु उच्चाधिकारियों को पत्राचार करना सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी रमेश कुमार मिश्रा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतपाल वर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, डी0सी0 मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# जिलाधिकारी के सख्त निर्देश पर निजी अस्पताल सील, जांच टीम गठित

**- प्रसूता की मृत्यु प्रकरण में दोषियों पर होगी कठोर कार्रवाई: जिलाधिकारी**

**- अस्पताल संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज, जांच के बाद होगी कड़ी कार्रवाई**

**समाज जागरण/ अवधेश कुमार गुप्ता**




सोनभद्र। जनपद के करमा थाना क्षेत्र स्थित केकराही के एक निजी चिकित्सालय में प्रसूता की मृत्यु के संबंध में प्रकाशित समाचार को जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने गंभीरता से संज्ञान में लिया। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मौके पर जांच टीम भेजकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ. गुलाब शंकर तथा संबंधित स्वास्थ्य विभागीय अधिकारियों की टीम ने मौके पर पहुंचकर चिकित्सालय का निरीक्षण किया। प्रथम दृष्टया प्रकरण गंभीर पाए जाने पर संबंधित निजी चिकित्सालय को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि प्रसूता की मृत्यु के कारणों एवं उपचार प्रक्रिया में संभावित लापरवाही की जांच हेतु विभागीय टीम गठित कर दी गई है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों एवं संस्थान के विरुद्ध कठोरतम विधिक एवं प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रकरण में परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर संबंधित अस्पताल संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। , पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग संयुक्त रूप से मामले की गहन जांच कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए हैं कि जांच निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण की जाए तथा दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# मुख्यमंत्री का निदेर्श: सांसद-विधायक मिलकर तय करें विकास परियोजनाओं की प्राथमिकता, शीघ्र बने कार्ययोजना

**- मुख्यमंत्री योगी ने 4901.65 करोड़ के कार्य प्रस्तावों को दी मंजूरी, मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ संग बेहतर संपर्क के लिए 13 मार्गो का होगा विकास**

**- देवीपाटन और बस्ती मंडल के विधानसभा क्षेत्रों में लोक निर्माण विभाग की विकास परियोजनाओं के कार्यो की हुई समीक्षा**

**- मां पाटेश्वरी देवी शक्तिपीठ, स्वामीनाराण मंदिर से बस्ती के मखौड़ा धाम व अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले प्रमुख 13 मार्ग किए जाएंगे विकसित**

**- तेरह दिन बाद फिर दौरे पर गोंडा पहुंचे थे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**

**- प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के 50-50 करोड़ के विकास कार्यो का देखा प्रेजेंटेशन**

**- मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के सर्वाधिक 810 कार्यो को दी मंजूरी**

**- गड्ढामुक्त अभियान के तहत सड़कों के दुरुस्तीकरण की जानी प्रगति**

**समाज जागरण**

गोंडा, 19 जून। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महज तेरह दिनों बाद फिर गोंडा का दौरा किया। उन्होंने अपने दो घंटे के कार्यक्रम के दौरान 33 विधानसभा क्षेत्रों से जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजे गए प्रस्तावों का प्रेजेंटेशन भी देखा। इसमें प्रमुख रूप से मां पाटेश्वरी शक्तिपीठ धाम संग अन्य धार्मिक स्थलों तक कनेक्टिविटी को बेहतर करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने देवीपाटन मंडल के मां पाटेश्वरी देवी शक्तिपीठ, स्वामीनाराण मंदिर से बस्ती के मखौड़ा धाम व अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों को जोड़ने वाले प्रमुख 13 मार्गों के विकास को मंजूरी दी। कुल 4901.65 करोड़ रुपये की एक हजार से अधिक विकास परियोजनाओं के प्रस्तावों को स्वीकृति दी।

उन्होंने महाराजा सुहेलदेव सभागार में लोक निर्माण विभाग की परियोजनाओं की समीक्षा की। साथ ही नई कार्य योजनाओं पर जनप्रतिनिधियों के साथ मंथन किया। इस दौरान देवीपाटन मंडल के गोंडा, बलरामपुर, बहराइच और श्रावस्ती की सड़क व संपर्क मार्ग परियोजनाओं की प्रगति परखी। इसके साथ बस्ती मंडल के बस्ती, सिद्धार्थनगर और संतकबीरनगर की विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्गो से जोड़ने, जर्जर सड़कों के पुनर्निर्माण, संपर्क मार्गो के सुदृढ़ीकरण और पुल सेतु से जुड़े निर्माण कार्यों पर मंथन हुआ।

मुख्यमंत्री को देवीपाटन मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने सड़क, पुल, सेतु और अन्य आधारभूत विकास परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने लंबित कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को विभिन्न विकास परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गड्ढामुक्त अभियान की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 810 कामों को मंजूरी दी। इसमें करीब 1472.83 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इससे ग्रामीण अंचलों में 1602 किलोमीटर लंबी सड़कें बनाकर बेहतर कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जाएगी। करीब पचास से अधिक सड़कों का चौड़ीकरण व दुरुस्तीकरण किया जाएगा।

### प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की विकास परियोजनाओं पर हुआ मंथन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की करीब 50-50 करोड़ की विकास परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण देखा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से विकास परियोजनाओं की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों की बेहतर कनेक्टिविटी और सुगम यातायात के लिए सड़क मार्गों के दुरुस्तीकरण पर केंद्रित प्रस्तावों को प्राथमिकता के साथ देखा। इसमें आधारभूत संरचना के कार्य भी शामिल रहे। मुख्यमंत्री ने पिछड़े क्षेत्रों व आकांक्षात्मक ब्लॉक क्षेत्रों में जारी विकास परियोजनाओं की भी समीक्षा की।

### औद्योगिक क्षेत्रों की भी बेहतर होगी कनेक्टिविटी

मुख्यमंत्री ने दो राज्य राजमार्गों, प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों की बेहतर कनेक्टिविटी, 81 लघु सेतु व सात बड़े पुलों को बनाने की मंजूरी दी। शहरी क्षेत्रों में बेहतर यातायात व्यवस्था के लिए बाईपास मार्गों, ओवरब्रिज आदि के कामों को मंजूरी दी। देवीपाटन मंडल में सड़क सुरक्षा के कार्यों को कराने कभी निर्देश दिया। इसके साथ जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में 12 हेलीपैड के निर्माण कार्यों को भी मंजूरी दी। उन्होंने हरदौपट्टी संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य, कटरा बाजार के पंडितपुरवा नहवा परसौरा वाया खजुहा संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य, सुभानपुर बेलवानोहर मार्ग के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य, हट्टीपुरवा से कुढ़ियांव संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य, चांदपुरडीहा संपर्क मार्ग निर्माण कार्य आदि की अद्यतन स्थिति पर भी जानकारी ली।

समीक्षा बैठक में प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग अजय चौहान, मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल दुर्गा शक्ति नागपाल, मंडलायुक्त बस्ती अखिलेश सिंह, डीएम गोंडा प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता अखिलेश दिवाकर व कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# ज्ञान परंपरा और गोमाता की रक्षा करते हैं अयोध्या के राजा: मुख्यमंत्री

**- भगवान मुनि सुव्रतनाथ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल हुए सीएम योगी**

**- मुख्यमंत्री ने किया ऋषभदेव जन्मभूमि द्वार एवं 101 भगवान जिनमंदिर का लोकार्पण**

**- जिसका स्वयं पर अनुशासन नहीं, वह कैसे दूसरों पर शासन कर सकता है: सीएम योगी**

**समाज जागरण**

अयोध्या, 19 जून। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को दिगंबर जैन मंदिर में आयोजित भगवान मुनि सुव्रतनाथ पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल हुए। सीएम ने यहां ऋषभदेव जन्मभूमि द्वार एव 101 भगवान जिनमंदिर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अयोध्या का गौरवशाली इतिहास है। अयोध्या के राजा ज्ञान परंपरा व गोमाता, दोनों की रक्षा करते हैं। सीएम ने आयोजन में शामिल श्रद्धालुओं से भी अनुरोध किया कि उन्हें गोरक्षा के लिए कुछ जरूर करना चाहिए। भारत में हर परिवार का संस्कार रहा है कि पहला ग्रास गोमाता और अंतिम ग्रास श्वान के लिए होगा। शाम को घर में दीपक जलाने पर चींटियों को आटा-चीनी देते हैं। जीव मात्र के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करना भी जियो और जीने दो की प्रेरणा है।

### हर जैन परिवार कम से कम एक गाय का खर्च अवश्य उठाए

गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गाय दैवीय विभूति है। सबको उसकी रक्षा, संरक्षण, संवर्धन के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने जैन परिवारों से अनुरोध किया कि संभव हो तो गोशाला को गोद लें या कुछ गायों के लिए वार्षिक सहयोग कीजिए अन्यथा साल में कम से कम एक गाय का खर्च जरूर उठाइए। दो-तीन बार गोशाला जाकर गोमाता के स्वास्थ्य को भी देखिए। गोमाता स्वस्थ रहेगी तो भारतीय संस्कृति, जैन धर्म व वैदिक सनातन धर्म सुरक्षित रहेगा। एक की सुरक्षा दूसरे की सुरक्षा में निहित है। मंजिल तक पहुंचने के रास्ते अलग हो सकते हैं, लेकिन परंपरा एक है।

### भारत की सुरक्षा व संप्रभुता में योगदान देने वाले अभियानों से जुड़ें

मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से अपील की कि तीर्थों की पवित्रता को बनाए रखने के लिए स्वच्छता, पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण समेत हर उस अभियान का हिस्सा बनिए, जिसका भारत की सुरक्षा व संप्रभुता में योगदान हो। पीएम मोदी भी नागरिकों से कर्तव्यबोध की बात करते हैं। देश-समाज के लिए हमारा कर्तव्य क्या है, इसका ध्यान रखेंगे तो भारत व भारतीयता शाश्वत रहेगी। सीएम ने विश्वास जताया कि समाज को सद्वृत्ति की ओर अग्रसर करने में जैन समाज सहायक होगा।

### धरती का राजा होता था अयोध्या का राजा

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिनाथ से चली यह परंपरा कहीं और की नहीं है। प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान ऋषभदेव ही हैं। अयोध्या भगवान ऋषभदेव की पावन भूमि भी है। वह धरती के पहले राजा हैं। अयोध्या का राजा धरती का राजा होता था। सीएम ने रामायण में भगवान राम व बालि के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि बालि उनसे कहता है कि तुमने मुझे धोखे से मारा है। मेरे राज्य पर तुम्हारा क्या अधिकार था, तब भगवान राम कहते हैं कि तुम्हारा कर्म ही तुम्हारी अधोगति का कारण बना है। सागर, वन से आच्छादित संपूर्ण धरा अयोध्या के राजाओं की है। भगवान ऋषभदेव के पुत्र भगवान जड़ भरत हैं, जिनके नाम पर हमारे देश का नाम भारत पड़ा।

### उत्तर प्रदेश की धरती पर सर्वाधिक तीर्थंकरों का प्रकटीकरण

सीएम ने कहा कि यह उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि 24 में से सर्वाधिक तीर्थंकर इस धड़ती पर हुए। उसमें से पांच (पहले तीर्थंकर-भगवान ऋषभदेव, दूसरे-भगवान अजितनाथ, चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनंदननाथ, पांचवें तीर्थंकर भगवान सुमतिनाथ और 14वें भगवान अनंतनाथ) का प्रकटीकरण अयोध्या में ही हुआ। काशी में चार, श्रावस्ती में एक, हस्तिनापुर में भी तीर्थंकरों की लंबी परंपरा है। कुशीनगर में 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर ने अंतिम उपदेश देकर उस धरती को पवित्र नगरी के रूप में आशीर्वाद दिया था। बीच के कालखंड में लोगों ने उसे फाजिलनगर कर दिया था, अभी हाल में ही मैंने कहा कि वह पावागढ़ है, उसका नाम वही होगा।

### जिसका स्वयं पर अनुशासन नहीं, वह दूसरों पर कैसे शासन कर सकता है

सीएम योगी ने कहा कि धड़ती के राजा सबका संरक्षण, लालन-पालन और अनुशासन की प्रेरणा देते हैं। ह्यजियो और जीने दोह्न का मंत्र वही दे सकता है, जो आत्म अनुशासन से बंधा हो। नकारात्मक ताकतें आत्म अनुशासन में नहीं रह सकतीं। जिसका स्वयं पर अनुशासन नहीं है, वह दूसरों पर कैसे शासन कर सकता है? इस पवित्र परंपरा ने दुनिया को यही प्रेरणा व संदेश दिया। इस संदेश पर चलकर हम सिर्फ मनुष्य ही नहीं, बल्कि जीव और दुनिया के कल्याण का मार्ग भी प्रशस्त कर सकते हैं। जैन तीर्थंकरों ने साधना व वाणी से विश्व मानवता को विश्व कल्याण की प्रेरणा दी।

# हर टीका, हर बच्चे के सुरक्षित भविष्य की गारंटी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

19 जून। बच्चों को खसरा, पोलियो, डिप्थीरिया, काली खांसी और हेपेटाइटिस-बी जैसी गंभीर बीमारियों से बचाने के लिए समय पर और पूर्ण टीकाकरण बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों का निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार सभी टीके अवश्य लगवाएं।



जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार ने बताया कि टीकाकरण बच्चों को कई जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित रखने का सबसे प्रभावी और सुरक्षित माध्यम है। उन्होंने कहा कि यदि किसी बच्चे का कोई टीका छूट गया है, तो उसे निकटतम स्वास्थ्य केंद्र या टीकाकरण सत्र स्थल पर जाकर पूरा कराया जा सकता है।

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने कहा कि अधिक से अधिक बच्चों के टीकाकरण से पूरे समुदाय की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है और संक्रामक बीमारियों के प्रसार पर रोक लगती है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा सभी आवश्यक टीके निःशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं।

स्वास्थ्य विभाग की टीमें, आशा कार्यकर्ता, एएनएम और आंगनबाड़ी सेविकाएं घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रही हैं। विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे टीकाकरण कार्ड सुरक्षित रखें और निर्धारित तिथि पर बच्चों को टीका अवश्य दिलाएं, ताकि हर बच्चे को स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य मिल सके।

# पटना के बिक्रम में प्रशासनिक आदेशों के विरोधाभास से ग्रामीण परेशान

## बंद होने की कगार पर है आम रास्ता

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के विक्रम अंचल अंतर्गत शाहजहांपुर गांव में एक सरकारी रास्ते को लेकर प्रशासन के दो अलग-अलग न्यायालयों के परस्पर विरोधी आदेशों ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। 12-15 परिवारों के आवागमन का एकमात्र सहारा यह रास्ता प्रशासनिक खींचतान के चलते बंद होने की कगार पर है, जिससे स्थानीय किसानों और मजदूरों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हें बिना किसी पूर्व नोटिस के आगामी 23 जून को रास्ता बंद करने की तैयारी की जा रही है। मामला ग्राम शाहजहांपुर में बनी पीसीसी ढलाई सड़क से जुड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह रास्ता 50-60 वर्षों से सार्वजनिक उपयोग में है और पंचायत के फंड से इस पर ढलाई कार्य कराया गया है। दूसरी ओर, भूमि मालिक ने इसे अपनी रैयती जमीन बताते हुए वाद दायर किया था। इस मामले में विरोधाभास तब बढ़ा जब दो न्यायिक अधिकारियों के आदेश अलग-अलग निष्कर्ष पर पहुंचे।एसडीएम पालीगंज (वाद संख्या- 147/2023) में 06 अक्टूबर 2023 को दिए अपने आदेश में स्पष्ट किया कि यह रास्ता वर्षों से सार्वजनिक उपयोग में है और इसे बंद करना धारा 147 द.प्र.सं. के प्रतिकूल होगा। कोर्ट ने माना कि यह आगे बसे परिवारों का एकमात्र रास्ता है। वही डीसीएलआर पालीगंज (वाद संख्या- 62/2022-23) में 13 फरवरी 2026 को दिए आदेश में रैयत के अधिकार की घोषणा की गई, लेकिन इसमें कहीं भी पीसीसी रोड को बंद कर कब्जा दिलाने का स्पष्ट निर्देश नहीं था। ग्रामीणों का आरोप है कि अब डीसीएलआर ने अंचलाधिकारी बिक्रम को उक्त भूमि पर रैयत को कब्जा दिलाने का आदेश दे दिया है, जिसके अनुपालन में 23 जून को भारी पुलिस बल के साथ रास्ता बंद करने की चर्चा है।इस मामले में पटना हाईकोर्ट के अधिवक्ता माधव राज ने स्पष्ट किया कि टाइटल या दखल-कब्जा का निर्णय लेने का क्षेत्राधिकार एसडीओ या डीसीएलआर का नहीं, बल्कि सिविल कोर्ट का होता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि उन्हें नोटिस मिलता, तो वे हाईकोर्ट की शरण में जाते। फिलहाल, पीड़ित ग्रामीण मुख्यमंत्री और उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। उनका तर्क है कि जब पंचायत के फंड से रास्ता बना है, तो प्रशासन इसे तुगलकी फरमान से बंद नहीं कर सकता। इस घटना से पूरे इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

# पटना के पालीगंज में पत्रकार को टक्कर मारने वाली बस जब्त

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पालीगंज में पत्रकार को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल करने और घटनास्थल से फरार होने वाली बस को आखिर पुलिस ने ढूंढ निकाला है। पालीगंज पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए उक्त बस को जब्त कर थाना परिसर में खड़ा कर दिया है। यह कार्रवाई कांड संख्या 47/2025 के तहत की गई है, जो जनवरी 2025 में हुई एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना से संबंधित है। ज्ञात हो कि 18 जनवरी 2025 को 'नवबिहार टाइम्स' के पालीगंज संवाददाता अशोक कुमार अपने पत्रकारिता दायित्व के निर्वहन के लिए बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान, आलोक बस (BR-01PH-4535) के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी थी। इस दुर्घटना में पत्रकार अशोक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उनका पैर टूट गया था। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें पटना एम्स में लंबे समय तक उपचार के लिए भर्ती रहना पड़ा था।घटना के बाद से ही बस मालिक वाहन को छुपाकर फरार चल रहा था, जिससे पुलिस की जांच प्रभावित हो रही थी। पुलिस लगातार बस की तलाश में जुटी थी। इसी बीच, मामले के अनुसंधान पदाधिकारी दीपक को गुप्त सूचना मिली कि उक्त बस को पालीगंज बस स्टैंड क्षेत्र में देखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए छापेमारी की और बस को अपने कब्जे में ले लिया। बस की जब्ती को मामले की जांच में एक महत्वपूर्ण सफलता के तौर पर देखा जा रहा है। पालीगंज पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बस को जब्त कर लिया गया है और मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया जारी है। इस कार्रवाई के बाद से बस मालिक और चालक की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पत्रकार बिरादरी ने भी पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए आरोपी पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले के अन्य पहलुओं की जांच पूरी कर चार्जशीट दाखिल की जाएगी।




# औरंगाबाद को मिला नया एसपी अंबरीष राहुल का राजगीर तबादला

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)बिहार सरकार ने पुलिस प्रशासन में बड़ा फेरबदल करते हुए राज्यभर में कई आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया है। इसी क्रम में औरंगाबाद जिले को नया पुलिस अधीक्षक (एसपी) मिल गया है।राज्य सरकार के आदेश के अनुसार उपेंद्र नाथ वर्मा को औरंगाबाद का नया एसपी नियुक्त किया गया है।उपेंद्र नाथ वर्मा 2013 बैच के आईपीएस अधिकारी है एवं वर्तमान में बांका जिले में एस पी के पद पर है।वहीं वर्तमान एसपी अंबरीष राहुल का तबादला कर उन्हें बिहार पुलिस अकादमी, राजगीर में सहायक निदेशक की जिम्मेदारी दी गई है।अंबरीष राहुल के कार्यकाल में औरंगाबाद में कानून-व्यवस्था मजबूत करने पर खास फोकस रहा। उनके समय जिले में अपराध नियंत्रण अभियान, लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, जनता दरबार और पुलिस-पब्लिक संवाद जैसे कार्यक्रम चलाए गए। उन्होंने थानों का निरीक्षण कर लंबित मामलों को जल्द निपटाने और अपराध पर लगाम लगाने के निर्देश दिए ।उपेंद्र नाथ वर्मा के पदभार संभालने के बाद जिले में अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग को और प्रभावी बनाने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रशासनिक हलकों में माना जा रहा है कि नए एसपी आम लोगों की शिकायतों का त्वरित समाधान और कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने की नई रणनीति बनाएंगे।



# बिहार के आमों की मिठास अब विश्व बाजारों में बामेती में 'आम महोत्सव-2026' का भव्य आगाज

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार की बागवानी को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से पटना स्थित बामेती परिसर में शुक्रवार को तीन दिवसीय 'आम महोत्सव-2026' का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्यान निदेशालय द्वारा आयोजित इस महोत्सव का उद्घाटन राज्य के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने किया। 21 जून तक चलने वाले इस आयोजन में राज्यभर के किसान, कृषि वैज्ञानिक, उद्यमी और आम प्रेमी बड़ी संख्या में जुट रहे हैं। समारोह को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार अब कृषि के नए दौर में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने फल और फूलों की खेती को किसानों के लिए 'एटीएम' करार देते हुए कहा कि यह पूरे वर्ष आय का सबसे सशक्त स्रोत है। मंत्री ने गर्व के साथ बताया कि बिहार का जदार्लू, बम्बईया और दुधिया मालदह आम अब अपनी मिठास से दुबई और अमेरिका के बाजारों को भी महका रहा है। उन्होंने कहा कि एपिडा का कार्यालय खुलने और बिहटा एक्सपोर्ट पैक हाउस को स्वीकृति मिलने के बाद राज्य से निर्यात में तेजी आई है। हाल ही में आम और लीची के कंटेनर दुबई और बांका से अमेरिका भेजे गए हैं। कृषि मंत्री ने किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने पर जोर दिया। महोत्सव में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक) आधारित 'प्लांटिक्स एप' का प्रदर्शन किया गया, जिससे किसान अब मोबाइल के माध्यम से फसलों की बीमारियों की सटीक पहचान कर सकेंगे। साथ ही, उन्होंने किसानों से रासायनिक खेती छोड़कर प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया ताकि मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके।विभाग के अनुसार, बिहार में लगभग 1.6 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में 15.84 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन होता है। राज्य मखाना, लीची और मशरूम उत्पादन में देश में शीर्ष पर है। महोत्सव के दौरान आम खाओ प्रतियोगिता, कृषि प्रश्नोत्तरी और युवाओं के लिए विभिन्न ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों ने आयोजन में चार चांद लगा दिए। मंत्री ने "जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय बिहार" के नारे के साथ बागवानी क्षेत्र में बिहार को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प दोहराया।



# बिहार में जमीन निबंधन की नई दरें लागू, महंगी हुई खरीद-बिक्री, महिलाओं को मिली अतिरिक्त राहत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ राज्य सरकार द्वारा संशोधित सर्किल रेट लागू होने के साथ ही शनिवार से पूरे बिहार में जमीन और संपत्ति का निबंधन नई और बढ़ी हुई दरों पर शुरू हो गया है। स्टाम्प ड्यूटी में एक प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद अब संपत्ति की रजिस्ट्री आम लोगों की जेब पर भारी पड़ने लगी है। जानकारों का मानना है कि इस बदलाव का सीधा असर रियल एस्टेट बाजार पर पड़ेगा। निबंधन विभाग के अनुसार, नई दरों के लागू होने से फुलवारी शरीफ जैसे शहरी इलाकों में जमीन का सरकारी मूल्यांकन 80 से 100 प्रतिशत तक बढ़ गया है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में भी 50 से 60 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इस बड़े बदलाव के कारण जमीन खरीदारों को अब पहले की तुलना में निबंधन के लिए काफी अधिक राशि खर्च करनी पड़ रही है। महंगाई के बीच सरकार ने महिलाओं को बड़ी राहत दी है। महिला खरीदारों के लिए स्टाम्प ड्यूटी में मिलने वाली रियायत को 0.3 प्रतिशत से बढ़ाकर 0.4 प्रतिशत कर दिया गया है। साथ ही, निबंधन शुल्क में मिलने वाली एक प्रतिशत की छूट भी जारी रहेगी। विभाग का तर्क है कि इससे महिलाओं के नाम पर संपत्ति खरीदने के चलन को बढ़ावा मिलेगा। नई दरों और निबंधन पर रोक के दोहरे असर से बाजार में सन्नाटा पसर गया है। फुलवारी शरीफ अवर निबंधन कार्यालय में पहले जहां प्रतिदिन 50-60 दस्तावेजों की रजिस्ट्री होती थी, वहीं अब यह संख्या घटकर 20 के करीब रह गई है। इसके अलावा, पुनपुन अंचल और फुलवारी शरीफ के आठ मौजों में 'सेंट्रलाइज्ड टाउनशिप परियोजना' के कारण रजिस्ट्री पर लगी रोक ने विभाग के 141 करोड़ रुपये के वार्षिक राजस्व लक्ष्य के सामने भी संकट खड़ा कर दिया है।

अवर निबंधक मोहम्मद शकील रजा ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार नई दरों का पालन सख्ती से शुरू कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग राजस्व लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रयासरत है और किसी भी फजीर्वाड़े को रोकने के लिए दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। बाजार में फिलहाल नई दरों के समायोजन को लेकर खरीदारों और कारोबारियों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

# बिहार टेंडर घोटाला में निलंबित IAS अधिकारियों और रिशु श्री के ठिकानों पर विशेष निगरानी इकाई का छापा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार के बहुचर्चित टेंडर घोटाला मामले में जांच अब निर्णायक मोड़ पर पहुँच गई है। शुक्रवार को विशेष निगरानी इकाई (SVU) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए निलंबित आईएएस अधिकारियों योगेश कुमार सागर और अभिलाषा कुमारी शर्मा सहित मामले से जुड़े अन्य मुख्य संदिग्धों के पटना स्थित कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इस कार्रवाई ने प्रशासनिक और राजनीतिक गलियारों में हड़कंप मचा दिया है। विशेष निगरानी इकाई की टीमों ने सुबह होते ही छापेमारी शुरू कर दी। निलंबित आईएएस योगेश कुमार सागर के गर्दनीबाग स्थित सरकारी आवास और अभिलाषा कुमारी शर्मा के नेहरू पथ स्थित आवास पर गहन तलाशी ली गई। इसके साथ ही, बेउर स्थित 'मातृसवा इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड' के निदेशक पवन कुमार के आवास पर भी दबिश दी गई। टीम टेंडर से जुड़े गोपनीय दस्तावेजों, वित्तीय लेनदेन के रिकॉर्ड और संपत्ति संबंधी अभिलेखों को खंगालने में जुटी है। जांच का मुख्य केंद्र रिशु श्री उर्फ रिशु रंजन सिन्हा है, जिस पर भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर आरोप हैं। एजेंसियों का आरोप है कि रिशु श्री सरकारी अधिकारियों से सांठगांठ कर टेंडरों की गोपनीय जानकारी हासिल करता था और प्रक्रिया को प्रभावित कर अपने चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुँचाता था। जांच में यह भी सामने आया है कि रिशु केवल टेंडर ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक नियुक्तियों और पदस्थापनाओं में भी हस्तक्षेप करता था। अधिकारियों के साथ उसकी यात्राओं और संदिग्ध लेनदेन के बीच संबंधों की भी कड़ियाँ जोड़ी जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि नाम सामने आने के बाद राज्य सरकार ने आईएएस योगेश कुमार सागर (2017 बैच) और अभिलाषा कुमारी शर्मा (2014 बैच) को निलंबित कर दिया था। योगेश कुमार सागर पूर्व में भागलपुर नगर आयुक्त और बीएसआईडीसी के एमडी रह चुके हैं, जबकि अभिलाषा शर्मा जीविका कार्यक्रम की मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी थीं।

फिलहाल, छापेमारी में मिले डिजिटल साक्ष्यों और दस्तावेजों का विश्लेषण किया जा रहा है। जांच एजेंसियों का कहना है कि यह पूरी कार्रवाई नेटवर्क को बेनकाब करने के उद्देश्य से की गई है। आने वाले दिनों में इस मामले में कई और बड़े खुलासे होने की संभावना है।

# तेज प्रताप यादव और आकाश यादव विवाद

## प्राथमिकी के बाद तेज प्रताप ने दी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ पूर्व मंत्री और जन जन दल के नेता तेज प्रताप यादव और छात्र नेता आकाश यादव के बीच का विवाद अब कानूनी और राजनीतिक रूप से गहरा गया है। पाटलिपुत्र थाना में आकाश यादव की शिकायत पर तेज प्रताप यादव और उनके सहयोगी मोतीलाल यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने के बाद, तेज प्रताप ने सख्त रुख अपनाते हुए कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है।यह विवाद तब सामने आया जब आकाश यादव ने शिकायत दर्ज कराई कि तेज प्रताप यादव एक बच्ची से मिलने के बहाने बिना अनुमति उनके घर में प्रवेश करते थे। आकाश का आरोप है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। शिकायत में किसी कुख्यात अपराधी का नाम लेकर धमकाने का भी गंभीर आरोप लगाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राथमिकी के बाद तेज प्रताप यादव ने सोशल मीडिया पर विस्तृत बयान जारी कर आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने इसे 'प्रतिशोध की भावना' से प्रेरित करार दिया। तेज प्रताप ने कहा कि उन्होंने पहले ही आकाश यादव को उनके अभद्र व्यवहार के लिए कानूनी नोटिस भेजा था, उसी के जवाब में यह 'झूठी और मनगढ़ंत' प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे सार्वजनिक जीवन में अपनी विनम्रता के लिए जाने जाते हैं, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि वे अपनी छवि धूमिल करने के किसी भी प्रयास को चुपचाप सह लेंगे। तेज प्रताप ने कहा, "मैं किसी दबाव में झुकने वाला नहीं हूँ। मेरी प्रतिष्ठा और जनविश्वास को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ हर संभव कानूनी उपाय अपनाऊंगा।" तेज प्रताप ने अंत में न्यायिक प्रक्रिया पर अपना अटूट भरोसा जताते हुए कहा कि सत्य की जीत होगी। फिलहाल, बिहार की राजनीति में इस घटना ने हलचल पैदा कर दी है और विश्लेषक इसके आगामी प्रभावों पर नजर बनाए हुए हैं। पुलिस की जांच के बाद ही सच्चाई स्पष्ट हो पाएगी।

# भैंस के बकाया एक लाख रुपये के विवाद में महिला की हत्या, पति को मारने आई गोली पत्नी को लगी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पंचरुखिया थाना क्षेत्र के खरपड़ी गांव में भैंस खरीद-बिक्री के बकाया भुगतान को लेकर हुए विवाद ने गुरुवार की देर रात खूनी रूप ले लिया। बकाया एक लाख रुपये के विवाद में दबंगों ने घर में घुसकर अंधाधुंध फायरिंग की, जिसमें एक महिला की गोली लगने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान खरपड़ी गांव निवासी 45 वर्षीय रानी देवी के रूप में हुई है। इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। परिजनों ने जानकारी दी कि करीब एक वर्ष पूर्व संजय पासवान ने वीरू पासवान से ढाई लाख रुपये में एक भैंस खरीदी थी। इस सौदे के तहत संजय ने डेढ़ लाख रुपये का भुगतान कर दिया था, लेकिन एक लाख रुपये बकाया रह गए थे। इसी राशि की वसूली को लेकर दोनों पक्षों के बीच पिछले काफी समय से तनातनी चल रही थी, जो गुरुवार की रात हिंसक हो गई। परिजनों के अनुसार, गुरुवार देर रात करीब दो बजे वीरू पासवान अपने दो अज्ञात साथियों के साथ हथियारों से लैस होकर संजय पासवान के घर पहुँचा। बकाया रुपये की मांग को लेकर शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते इतनी बढ़ गई कि वीरू पासवान ने आपा खो दिया। आरोपी ने संजय पासवान को लक्ष्य कर सीधी गोली चला दी। संयोगवश, संजय झुक गए और गोली उनके कान के पास से निकल गई, लेकिन पीछे खड़ी उनकी पत्नी रानी देवी के सीने में जा लगी। गोली लगते ही रानी देवी लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ीं। परिजन उन्हें तत्काल आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पंचरुखिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह मामला आपसी लेनदेन के विवाद में हुई हत्या का प्रतीत हो रहा है। मृतका के परिजनों के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। घटना के बाद आरोपी वीरू पासवान अपने सहयोगियों के साथ फरार है। पुलिस की टीमें उनकी गिरफ्तारी के लिए संदिग्ध ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही हैं। फिलहाल गांव में तनाव का माहौल है, जिसे देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।



# मोकामा विधायक अनंत सिंह के काफिले में भीषण टक्कर, बाल-बाल बचे विधायक

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ पटना-मोकामा फोरलेन पर गुरुवार की देर रात एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। मोकामा विधायक अनंत कुमार सिंह का काफिला उस समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया जब वे एक तिलक समारोह में शामिल होकर पटना लौट रहे थे। इस भीषण हादसे में काफिले की 3 से 4 गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं, लेकिन राहत की बात यह है कि विधायक अनंत सिंह पूरी तरह सुरक्षित हैं। मिली जानकारी के अनुसार, विधायक अनंत सिंह अथमलगोला थाना क्षेत्र के बादपुर गांव में एक निजी तिलक समारोह में सम्मिलित होने गए थे। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद देर रात जब उनका काफिला तेज गति से पटना की ओर बढ़ रहा था, तभी सबनिमा गांव स्थित पेट्रोल पंप के समीप यह हादसा हुआ। बताया जा रहा है कि फोरलेन पर काफिले के आगे अचानक एक वाहन (संभवतः ट्रैक्टर या ट्रक) के रुक जाने से स्थिति बिगड़ गई। काफिले की गति तेज होने के कारण पीछे चल रहे वाहनों के चालक संतुलन नहीं बना पाए और गाड़ियां एक-दूसरे से जा टकराईं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहनों के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही अथमलगोला थाना पुलिस दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस के अनुसार, हादसे में कोई भी बड़ा हताहत नहीं हुआ है। काफिले में शामिल कुछ समर्थकों को मामूली खरोंचें आईं, जिन्हें तुरंत प्राथमिक उपचार दिया गया। विधायक अनंत सिंह को तत्काल दूसरी सुरक्षित गाड़ी से पटना के लिए रवाना कर दिया गया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से हाईवे से हटाकर यातायात बहाल करवाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। विधायक के सुरक्षित होने की खबर मिलने के बाद उनके समर्थकों और शुभचिंतकों ने राहत की सांस ली है। फिलहाल स्थिति सामान्य है।

# पटना को मिली आधुनिक शहर की सौगात, 286 करोड़ की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ राजधानी पटना के कायाकल्प की दिशा में शुक्रवार को एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नगर विकास एवं आवास विभाग की कुल 157 महत्वाकांक्षी परियोजनाओं का शुभारंभ कर शहर को नई पहचान दी। इस अवसर पर लगभग 238.75 करोड़ रुपये की लागत वाली 114 योजनाओं का लोकार्पण किया गया, जबकि 47.48 करोड़ रुपये की 43 नई परियोजनाओं का शिलान्यास हुआ। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य पटना को अत्याधुनिक, स्वच्छ और नागरिक-अनुकूल महानगर बनाना है। इस विकास यात्रा का सबसे मुख्य आकर्षण 'नदी तट विकास परियोजना' रही। दीघा से सभ्यता द्वार तक के क्षेत्र को विकसित कर इसे एक नए आकर्षक रूप में ढाल दिया गया है। जयप्रकाश गंगा पथ के किनारे 32.14 करोड़ रुपये की लागत से हुए इस विकास से पटना का रिवर फ्रंट अब विश्वस्तरीय दिखने लगा है। इसके साथ ही, कुर्जी मोड़ से एलसीटी घाट तक 550 मीटर लंबे आधुनिक पार्क का भी उद्घाटन किया गया, जिसमें 2700 से अधिक पौधे लगाकर हरित क्षेत्र का विस्तार किया गया है। मीठापुर में विद्यार्थियों और आम नागरिकों के लिए 10.68 करोड़ रुपये की लागत से चार मंजिला आधुनिक जनसुविधा केंद्र का उद्घाटन किया गया। 26 हजार वर्ग फुट में फैले इस केंद्र में बैंकिंग, कैफे और ओपन-एयर थिएटर जैसी सुविधाएं एक छत के नीचे मिलेंगी। वहीं, शहर के गिग कर्मियों, ऑटो चालकों और डिलीवरी बॉयज के लिए गांधी मैदान और आयकर गोलंबर के पास दो वातानुकूलित विश्राम केंद्र शुरू किए गए हैं, जो राहत का काम करेंगे। यहां मोबाइल चार्जिंग से लेकर जलपान तक की व्यवस्था है।शहर की ट्रैफिक समस्या को हल करने के लिए बिहार की पहली 'स्वचालित बहुस्तरीय मोटरसाइकिल पार्किंग' का शिलान्यास किया गया। मौयालोक, बोरिंग रोड और कदमकुआं में रोबोटिक प्रणाली से युक्त यह पार्किंग लोगों को जाम से निजात दिलाएगी। इसके अतिरिक्त, शहर के 12 प्रमुख स्थानों पर आधुनिक 'परिवर्तनीय संदेश प्रदर्शन बोर्ड' लगाए जा रहे हैं, जिनसे नागरिकों को यातायात और मौसम की अपडेट तत्काल मिल सकेगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि यह परियोजनाएं पटना को एक सुव्यवस्थित महानगर के रूप में स्थापित करेंगी। बेहतर परिवहन, हरित क्षेत्र और अत्याधुनिक नागरिक सेवाओं के माध्यम से पटना विकास के नए मानक स्थापित करेगा। इन परियोजनाओं के धरातल पर उतरने से राजधानी के लाखों नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार आने की उम्मीद है।



# नबीनगर सब्जी मंडी के नाले पर बनी सड़क पर कई जगह पटिया टूटे

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नगर पंचायत नबीनगर की सब्जी मंडी स्थित नाले के ऊपर बनी मुख्य सड़क जर्जर हो गई है। नाले को ढकने के लिए रखे गए सीमेंट के पटिया कई जगह से टूट-फूट गए हैं। इससे आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। खासकर रात के समय राहगीरों की जान जोखिम में है।स्थानीय लोगों के अनुसार सब्जी मंडी से गुजरने वाले नाले के ऊपर बनी सड़क ही बाजार का मुख्य मार्ग है। नाले को ढकने के लिए वर्षों पहले सीमेंट के बड़े-बड़े पटिया रखे गए थे। रख-रखाव के अभाव में अब कई पटिया बीच से टूटकर गड्ढे में तब्दील हो गए हैं। कुछ जगह पटिया पूरी तरह धंस गए हैं तो कुछ जगह दरारें पड़ गई हैं। सब्जी मंडी में दिनभर भीड़ रहती है। टूटे पटिया के कारण बाइक सवार और पैदल लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। सामान लदे ठेले भी फंस जाते हैं।रात होते ही स्ट्रीट लाइट की कमी और पटिया के अंधेरे में छिप जाने से खतरा दोगुना हो जाता है। अनजान राहगीर सीधे गड्ढे में गिर सकते हैं। टूटे पटिया के कारण कई जगह नाला पूरी तरह खुल गया है। बच्चे और बुजुर्गों के गिरने का डर सबसे ज्यादा है।सब्जी बेचने वाले दुकानदारों और राहगीरों का कहना है कि कोई बड़ा हादसा होने के बाद ही प्रशासन जागेगा। व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि टूटे सभी पटिया को तुरंत हटाकर नए मजबूत स्लैब लगाए जाएं।



# बिहार पुलिस अवर निरीक्षक भर्ती 2026 : मुख्य परीक्षा का परिणाम घोषित, 10,759 अभ्यर्थी शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए सफल

पटना। बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग (बीपीएसएससी) ने बिहार पुलिस अवर निरीक्षक (दारोगा) भर्ती 2026 की मुख्य लिखित परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। आयोग द्वारा जारी परिणाम के अनुसार कुल 10,759 अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) के लिए सफल घोषित किया गया है। मुख्य लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की सूची आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई है। चयनित अभ्यर्थी अब भर्ती प्रक्रिया के अगले चरण शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होंगे, जहां उन्हें निर्धारित मानकों के अनुरूप अपनी शारीरिक क्षमता और दक्षता का प्रदर्शन करना होगा।